कानपुर, शनिवार
17 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 5
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -265 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी


# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

ट्रंप ने कहा पुतिन से जल्द मिलूंगा, अब सीधी बात जरूरी



## ब्रह्मोस ने रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया



**भुज।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज वायु सेना स्टेशन का दौरा किया। इस एयरबेस

### भुज से रक्षा मंत्री ने पाक को दिखाया आईना

को पिछले सप्ताह पाकिस्तानी सेना की ओर से निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। हालांकि, उनके नापाक मंसूबों पर भारतीय सशस्त्र बलों ने पानी फेर दिया था। राजनाथ की यह यात्रा जम्मू-कश्मीर की यात्रा, नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के एक दिन बाद हुई। भुज में उन्होंने कहा कि हमारे ब्रह्मोस की ताकत पूरी दुनिया ने देख ली है। पाकिस्तान पर हमारी मिसाइल कहर बनकर बरसी है। उन्होंने कहा कि यह भुज, 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है।

### पाक को एक अरब डॉलर की मदद पर फिर सोचे आईएमएफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को दी गई एक अरब डॉलर की मदद पर फिर से पुनर्विचार करने की अपील की है। केंद्रीय मंत्री ने आशंका जताई है कि पाकिस्तान इस राशि का दुरुपयोग आतंकी गतिविधियों को संचालित करने में कर सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत नहीं चाहता कि आईएमएफ को दिए जाने वाले उसके धन का इस्तेमाल प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान या किसी अन्य देश में आतंकवादी बुनियादी ढांचा तैयार करने में किया जाए।

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम

## रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ रुपए बढ़ाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपए बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के

### आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस

दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5 प्रतिशत ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपए दिए थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में दुनिया के पांचवें सबसे बड़े देश भारत का सैन्य खर्च 1.6 प्रतिशत बढ़कर 86.1 बिलियन डॉलर (7.19 लाख करोड़) हो गया है। वहीं, पहलगाम हमले के बाद से न्यूक्लियर मिसाइल दागने की धमकी दे रहे पाकिस्तान का सैन्य खर्च 10.2 बिलियन डॉलर यानी करीब 85,170 करोड़ रहा।

## यूपी में प्रचंड गर्मी का कहर, 22 जनपदों में लू का अलर्ट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। शुक्रवार को प्रदेश के आगरा और झांसी में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार चला गया। वहीं प्रयागराज, वाराणसी, अमेठी, सुल्तानपुर आदि जिलों में


### आगरा समेत कई जिलों में पारा 45 डिग्री पार

दोपहर में ही तापमान 44 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार और शनिवार को दक्षिणी यूपी, बुंदेलखंड के साथ ही आगरा और अलीगढ़ डिविजन में गर्मी और लू प्रकोप ज्यादा संभावित है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के पूर्वी दक्षिणी और बुंदेलखंड के 22 जिलों के लिए लू की चेतावनी जारी किया है। साथ ही शुक्रवार से लेकर शनिवार के दौरान, प्रदेश के पूर्वी हिस्सों के 32 जिलों में लू की चेतावनी और 15 जिलों में उष्ण रात्रि की चेतावनी जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एक नया विक्षोभ और वेदर सिस्टम सक्रिय हो रहा है।



बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में लू की चेतावनी है।

## एशिया में फिर बढ़े कोविड-19 के मामले



**सिंगापुर।** एशिया में एक बार फिर से कोविड-19 के मामलों में तेजी देखी जा रही है। घनी आबादी वाले हांगकांग और सिंगापुर में पिछले दिनों कोविड के मामले अचानक बढ़ गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह नया उछाल

### चीन, सिंगापुर, थाईलैंड और हांगकांग में बढ़ रहे केस

पूरे क्षेत्र में एक नई लहर का संकेत दे सकता है। हांगकांग में वायरस की गतिविधि काफी हाई स्तर पर पहुंच गई है, जबकि सिंगापुर में भी हाल के सप्ताह में मामलों और अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हांगकांग के सेंटर फॉर हेल्थ प्रोटेक्शन के प्रमुख अल्बर्ट औ ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शहर में कोविड-19 की गतिविधि अब काफी हाई है। कोविड से संक्रमित लोगों के पॉजिटिव टेस्ट का प्रतिशत एक साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, 3 मई तक के सप्ताह में 31 गंभीर मामले दर्ज किए गए, जो पिछले एक साल में सबसे ज्यादा है। सिंगापुर में भी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 3 मई को समाप्त हुए सप्ताह में अनुमानित मामलों में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 14,200 तक पहुंच गए। इसके साथ ही, दैनिक अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में भी लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सिंगापुर अब केवल तभी मामले की संख्या की रिपोर्ट करता है जब उनमें उल्लेखनीय वृद्धि होती है। चीन और थाइलैंड में भी कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। चीन में नई लहर पिछले साल की गर्मियों जितनी तेज हो रही है।

# मॉडल के रूप में विकसित होंगे श्रमिक अड्डे : योगी

### सीएम ने कहा- कैंटीन में मिलेगा 5 से 10 रु में चाय, नाश्ता और भोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है जब श्रम कानूनों को प्रो-इंडस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य



सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे। उन्होने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। यह न केवल सामाजिक दायित्व है बल्कि भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि कैंटीन में श्रमिकों को 5-10 रुपये में चाय, नाश्ता और भोजन मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कराकर न्यूनतम मानदेय की गारंटी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह असंगठित कार्यबल को संगठित श्रम शक्ति में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होने कहा कि विदेश में रोजगार हेतु जाने वाले निर्माण श्रमिकों को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए, बल्कि गंतव्य देश की भाषा का भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए। यह उनकी कार्यक्षमता और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर निजी अस्पतालों को सीएसआईसी और ईएसआईसी से जोड़ा जाए। इससे संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

## सोने तक नहीं देते थे, जासूसों की तरह करते थे टॉर्चर

**कोलकता।** पाकिस्तान से 21 दिनों के बाद रिहा होकर भारत लौटे बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ ने अपनी पत्नी रजनी से फोन पर बातचीत में कैद के दौरान के अपने अनुभव साझा किए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी को बताया कि पाकिस्तान में कैद के दौरान

### पाकिस्तान से लौटे बीएसएफ जवान ने सुनाई आपबीती

उन्हें रात को सोने तक नहीं दिया गया। लगातार पूछताछ की जाती थी। पाकिस्तानी ऐसी हरकत करते थे कि जैसे पीके शॉ कोई जासूस हों।
23 अप्रैल को पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में ड्यूटी के दौरान पूर्णम कुमार शॉ गलती से पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश कर गए थे। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अगले ही दिन यह घटना घटी। पाकिस्तान की सेना ने उन्हें हिरासत में ले लिया और उसके बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया था। भारत सरकार ने कूटनीतिक चैनल के जरिए दबाव बनाना शुरू कर दिया, जिसके बाद पाकिस्तान से उसकी रिहाई हुई। पति से बात करने के बाद



रजनी शॉ ने कहा, उन्होंने बताया कि उन्हें शारीरिक यातना नहीं दी गई, लेकिन मानसिक रूप से वे पूरी तरह थक चुके हैं। उन्हें हर रात पूछताछ के लिए उठाया जाता था। वह बोले कि उन्हें खाना तो मिलता था, लेकिन दांत साफ करने की अनुमति भी नहीं दी गई। उनकी आवाज में थकावट साफ झलक रही थी। रजनी ने यह भी बताया कि पूर्णम शॉ को तीन अलग-अलग जगहों पर ले जाया गया। उनमें से एक जगह संभवतः किसी एयरबेस के पास की जगह थी, क्योंकि वहां हवाई जहाजों की आवाजें आती थीं। यह सब उनके मानसिक तनाव को और बढ़ाने वाला अनुभव था।

## सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नॉर्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उदघाटन किया। इस मौके पर गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर

### गृह मंत्री ने किया मल्टी एजेंसी सेंटर का उद्घाटन

### रॉ-सेना-सीएपीएफ सहित कई एजेंसियां साझा करती हैं इनपुट

पीएम मोदी की दृढ़ राजनितिक इच्छाशक्ति, आसूचना एजेंसियों की सटीक सूचना और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत खुफिया सूचना जुटाने वाले इंटेलिजेंस ब्यूरो




(आईबी) के बाज, यानी मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) पर गृह मंत्री अमित शाह का खास फोकस है। ये खुफिया मल्टी एजेंसी सेंटर 24 घंटे बाज की तरह सतर्क रहता है। सेना-सीएपीएफ, एनआईए, ईडी और सीबीआई सहित लगभग 26 केंद्रीय एजेंसियां मल्टी एजेंसी सेंटर में अपने सीक्रेट इनपुट साझा करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के साथ एक एकीकृत एक्शनेबल सिस्टम बनाना होगा। आतंकवाद के वित्तपोषण, क्रिप्टो जैसी नई चुनौतियों से निपटने के लिए राज्यों के पुलिस थानों से लेकर पुलिस महानिदेशक के कार्यालय तक समन्वित अप्रोच अपनानी होगी। उन्होंने नीड टू नो से ड्यूटी टू शेयर की ओर बढ़ने का आह्वान किया था। अब मैक में इन सभी बातों पर काम शुरु हो गया है। देश में उभरते सुरक्षा खतरे के परिदृश्य के बीच आतंकवादी नेटवर्क और उनके सहायक पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिल रहा है। शाह के अनुसार, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सातों दिन और 24 घंटे सतर्क रहना बहुत जरूरी है।

## अब एमपी के डिप्टी सीएम के बयान पर विवाद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह का कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है। इसी बीच प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के एक बयान पर विवाद हो गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई कार्रवाई को लेकर डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि देश की सेना और सैनिक उनके चरणों में नतमस्तक हैं, पूरा देश उनके चरणों में नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। दरअसल, इस वाक्य से पहले वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र कर रहे थे। इस वजह से कांग्रेस ने उन पर सेना का अपमान करने का आरोप लगाया है। दावा है कि उपमुख्यमंत्री देवड़ा पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक होने की बात कर रहे थे। मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम बीते गुरुवार को जबलपुर के दौरे पर थे। जहां, एक कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए देवड़ा ने कहा कि मन में बहुत क्रोध था, जो नजारा हमने देखा, जो पर्यटक घूमने गए थे, वहां चुन-चुनकर, धर्म पूछ-पूछकर, महिलाओं को एक तरह खड़ा करके, बच्चों के सामने पुरुषों को गोली मार दी गई। उस दिन से देश के लोगों में बहुत तनाव था, जब तक इसका बदला नहीं लिया जाएगा। जिन आतंकवादियों ने माताओं का सिंदूर मिटाया, और आतंकवादियों को जो पाल रहे हैं, उनको जब तक नेस्तनाबूद नहीं करते, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे।

## वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई

### कहा- हर कोई अखबार में नाम चाहता है

अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को



चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हर कोई अखबार में अपना नाम चाहता है। जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ ने याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ शामिल करने का अनुरोध किया तो बेंच ने कहा कि हम इस मुद्दे पर निर्णय लेंगे। पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी कोई अन्य याचिका सुनवाई के लिए आएगी तो उसे खारिज कर दिया जाएगा। जब याचिकाकर्ता के वकील ने उन्हें लंबित याचिकाओं में हस्तक्षेप की अनुमति देने की मांग की तो पीठ ने कहा कि हमारे पास पहले से ही तमाम हस्तक्षेपकर्ता हैं।

## ब्रिटेन में नीरव मोदी की नई जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को हीरा कारोबारी नीरव मोदी की नयी जमानत याचिका खारिज कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नीरव मोदी वहां की एक जेल में बंद है और अपने मामा मेहुल चोकसी के साथ 13,000 करोड़ रुपये के पीएनबी (पंजाब नेशनल बैंक) धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित है। उन्होंने बताया कि नीरव मोदी (55) ने बृहस्पतिवार को लंदन की अदालत में याचिका दायर कर अपने प्रत्यर्पण अनुरोध पर फैसला आने तक जमानत पर रिहाई की मांग की। सीबीआई ने कहा, नीरव दीपक मोदी द्वारा दायर नयी जमानत याचिका को बृहस्पतिवार को लंदन के किंग्स बेंच डिविजन की अदालत ने खारिज कर दिया।

## राज्य संचालित मंदिरों में सिर्फ ब्राह्मण ही पुजारी क्यों?

**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में सवाल उठाया गया है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित धार्मिक स्थलों में पुजारी के रूप में केवल ब्राह्मणों को ही क्यों मौका दिया जाता है।



### एमपी हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा सवाल

याचिका अनुसूचित जाति-जन जाति अधिकारी कर्मचारी संघ की ओर से दायर की गई है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा संचालित किए जाने वाले धार्मिक स्थलों से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में सवाल उठाया गया है कि इन धार्मिक स्थलों में पुजारी के रूप में नियुक्ति के लिए केवल ब्राह्मणों को ही अवसर क्यों दिया जाता है। हिंदू धर्म की सभी जातियों को क्यों नहीं। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में इस सवाल का जवाब देने का आदेश दिया है।

## दो एफआईआर दर्ज होने पर राहुल बोले ये मेरे लिए पदक

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के कई पदाधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को दरभंगा के अंबेडकर कल्याण छात्रावास में निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए और बिना अनुमति के कथित रूप से अनाधिकृत जनसभा आयोजित करने के आरोप में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन मामलों पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये सभी मेरे लिए पदक हैं। मेरे खिलाफ 30-32 मामले दर्ज हैं। दरभंगा के एसडीपीओ (सदर) अमित कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के औपचारिक अनुरोध के बाद राजेंद्र भवन (टाउन हॉल) में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कांग्रेस को लिखित अनुमति दी थी। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि अंबेडकर छात्रावास परिसर में एक अलग कार्यक्रम के लिए अनधिकृत तैयारी थी।

## दुनिया में पाक को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का

### 10 दिन में 30 एमपी बताएंगे पड़ोसी की करतूत

फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किये जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है। भारत पाकिस्तान की इस कोशिश को बेनकाब करना चाहता है। इसलिए कूटनीतिक तौर पर भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला लिया है। अभी प्रतिनिधिमंडल में जाने वाले सांसदों की सही संख्या तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि 30 से अधिक सांसद प्रतिनिधिमंडल में जा सकते हैं।

## दिल्ली में पकड़े गए 13 बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने औचंदी गांव से 13 बांग्लादेशी नागरिकों को बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रहने के आरोप में हिरासत में लिया है। उनके पास से बांग्लादेशी पहचान दस्तावेज बरामद किए गए हैं। दिल्ली में लगातार अवैध रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ अभियान जारी है। इससे पहले अप्रैल में दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर बिना वैध दस्तावेजों के राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में रह रहीं छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, मंडावली पुलिस थाने को मिली सूचना के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई। एक टीम ने सबसे पहले अवैध प्रवासी होने के संदेह में एक महिला को पकड़ा। पुलिस ने कहा, पूछताछ करने पर उसने पहाड़गंज इलाके में छिपे पांच अन्य बांग्लादेशी नागरिकों के ठिकाने का खुलासा किया।

### सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल

उन्नावः जिले के बांगरमऊ थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना में धानीखेड़ा निवासी नारायण तिवारी अपने 10वर्षीय बेटे अभय के साथ ऊंचगांव स्थित अपनी इलेक्ट्रानिक्स की दुकान से घर लौट रहे थे। लालकुआं-ऊंचगांव मार्ग पर रछैलिया गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में नारायण और उनके पुत्र अभय दोनों को गंभीर चोटें आई है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने दोनों घायलों को बीघापुर स्थित 100 शैय्या अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने नारायण तिवारी को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव भेज दिया है। नारायण अपने पीछे पत्नी बिटान के अलावा तीन बच्चे पुत्र अभय और बेटियां नैंसी, व वैष्णवी को छोड़ गए है।

## डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार घायल

बांगरमऊ उन्नावः कानपुर जिले के ककवन थाना अन्तर्गत ग्राम चंपत नेवादा निवासी संदीप (27) बाइक से लखनऊ जा रहा था। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के आगरा -लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्राम बहलोलपुर के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और फिसल गई। इस घटना में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस और यूपीडा कर्मियों ने उसे तुरन्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## महिला की संदिग्धावस्था में मौत

पुरवा उन्नावः उन्नाव क्षेत्र के गांव बैंगांव निवासी अजय की दो वर्ष पूर्व हिलौली थाना क्षेत्र के मौरावां निवासी मोनी के साथ शादी हुई थी। शादी के कुछ माह बाद अजय विदेश चला गया। घर पर पत्नी मां राधा, ननद अंजू व सौम्या थी। बुधवार की रात करीब सात बजे मोनी आंगन में बेहोश पड़ी थी। मोनी के मुंह से झाग निकल रहा था जिससे आशंका है कि उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। पड़ोसियों की मदद से मोनी को परिजन बिछिया सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने मोनी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे मोनी के पिता रामदयाल ने दहेज में कार की मांग कर पति अजय व सास पर बेटी को जहर देकर मार डालने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा जांच जारी है। कोतवाल ने बताया कि तहरीर मिली है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

## घरेलू कलह से आजिज आ विषैला पदार्थ निगला

बांगरमऊ उन्नावः फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के खैरा गाढ़ा निवासी लक्ष्मीकांत के बेटे आशीष (35) ने गुरुवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास

### खेत में अकेली किशोरी को खींच ले गया युवक

उन्नावः जिले के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। घटना 13 मई को दोपहर की है। आरोपी गांव का ही रहने वाला युवक प्यारेलाल है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनकी बेटी खेतों की तरफ जा रही थी। इसी दौरान आरोपी उसे मक्का के खेत में खींच ले गया। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी के अनुसार पुलिस ने आरोपी प्यारेलाल के खिलाफबीएनएसएस की धारा 74, 351(3) और पॉक्सो एक्ट की धारा 7-8 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हुई हैं।

## ऑटो-डंपर की टक्कर, मां-बेटे की मौत

उन्नावः हरदोई में हुए सड़क हादसे में मां और उसके तीन साल के मासूम बेटे की मौत हो गई।उन्नाव के बेहटा मुजावर की रहने वाली फूलजहां अपने पति सिराज और बेटे अयाज के साथ संडीला के एक निजी अस्पताल में भर्ती अपनी मां से मिलने जा रही थी। गुरवार को संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर हरदलमऊ गांव के पास आटो औ डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में फूलजहां की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल पति सिराज और बेटे अयाज को हरदोई जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बेटे अयाज ने भी दम तोड़ दिया। फूलजहां की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। परिवार वालों के मुताबिक सिराज की सेहत ठीक नहीं रहती। वह घर पर रहकर खेती बाड़ी का काम करता है। फिलहाल हरदोई जिला अस्पताल में सिराज का इलाज चल रहा है। उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। पोस्टमार्टम के बाद जब मां-बेटे का शव घर पहुंचा तो बेहटा मुजावर क्षेत्र में मातम पसर गया। परिजनों में कोहराम मच गया।

## पति ने दूसरी शादी की तो पहली पहुंची थाने

उन्नावः मियागंज में एक महिला ने अपने पति और ससुरालवालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। माखी थाना क्षेत्र के रनागढ़ी गांव निवासी सुनीता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले इसुनियां गांव के मजरा बाबा खेड़ा निवासी अखिलेश से हुई थी। सुनीता के पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था। शादी के बाद ससुरालवाले बुलेट मोटरसाइकिल और सोने की चेन की मांग करने लगे। जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो अगस्त 2023 में उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया। तब से सुनीता अपने तीन साल के बेटे के साथ मायके में रह रही है। इस दौरान ससुरालवालों ने उससे कोई संपर्क नहीं किया। 6 मई को उसे पता चला कि उसके पति ने चुपके से दूसरी शादी कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पति अखिलेश, ससुर मटरू, लाल, सास शांति और ननद विजना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड, एसपी ने किया निरीक्षण

**पुलिसकर्मियों को जल्द मिलेगी शूटिंग रेंज और जिम की सुविधा**

स्वतंत्र भारत उन्नावः पुलिस लाइन में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली। परेड में पुसि लाइन के बल के सात जिले के विभिन्न थानों और कार्यालयों से आए पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। एसपी ने परेड का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की ड्रेस, अनुशासन और उत्साह की सराहना की। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा और पीआरवी वाहनों की स्थिति का जायजा लिया। निर्माण और मरम्मत कार्यों की प्रगति भी देखी। एसपी भऊकर ने पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए आधुनिक शूटिंग रेंज और जिम बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की कार्य क्षमता और मनोबल के लिए नियमित प्रशिक्षण और शारीरिक फिटनेस जरूरी है। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी पुरवा अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन प्रदीप मौर्य और प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एसपी ने अधिकारियों को पुलिसकर्मियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए।उन्होंने पुलिस लाइन में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। परिसर की स्वच्छता और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। बाद में अधिकारियों के साथ बैठक में पुलिस लाइन की आवश्यकताओं और भावी योजनाओं पर चर्चा की।



चित्र परिचयः सलामी लेते एसपी, परेड का निरीक्षण करते एवं निशाना साधते पुलिसकर्मी। छायाः स्वतंत्र भारत।





## फर्जी सिमकार्ड रैकेट का खुलासा

**सीबीआई ने अमित टेलीकॉम समेत 39 लोगों पर दर्ज कराई एफआईआर फर्जी आईडी से जारी किए गए सिम**

उन्नावः बिहार थाना क्षेत्र के भगवंतनगर गढेवा गांव में स्थित अमित टेलीकॉम पर फर्जी सिम कार्ड जारी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सीबीआई की विशेष टीम ने जांच के बाद ईओ दितीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें कुल 39 लोगों को आरोपी बनाया गया है। सीबीआई की जांच में सामने आया है कि दुकान के मालिक आशीष ने असली दस्तावेजों के बजाय नकली या एडिट किए गए पहचान पत्रों के जरिए बड़ी संख्या में सिम कार्ड जारी किए। इन सिम कार्डो को अवैध तरीके से सक्रिय कर आपराधिक गतिविधियों में उपयोग किया गया। सीबीआई को आशंका है कि इस काम में एक संगठित गिरोह शामिल है। जो अपराधियों को फर्जी नंबर उपलब्ध करा रहा था। करीब एक सप्ताह पहले सीबीआई की टीम ने अमित टेलीकाम की दुकान पर छापा मारा था। कार्रवाई के बाद स्थानीय टेलीकॉम दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। कई दुकानदार अब अपने पुराने दस्तावेजों और ग्राहकों के पहचान पत्रों की दोबारा जांच कर रहे हैं। हालांकि दुकान मालिक आशीष ने खुद पर लगे सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलत काम नहीं किया, मुझे फंसाने की साजिश की जा रही है। बिहार थाना प्रभारी ने बताया कि सीबीआई की जांच में पूरा सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय. खुफिया यूनिट को अलर्ट कर दिया गया है। अगर और दुकानें इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाई गईं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हवाई फायरिंग व उपद्रव मचाने वाले 3 गिरफ्तार

उन्नावः पिछले दिन गंगाघाट थाना क्षेत्र में हवाई फायरिंग व उपद्रव मचाने वाले 3 अभियुक्तों को पुलिस ने 315 बोर के तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार 14 मई को बृजकिशोर सिंह निवासी ग्राम डकारी मजरा कर्मी विजलामऊ ने गंगाघाट थाने में तहरीर दी थी कि मेरे गांव के कन्हैया सिंह उर्फदद्दन पुत्र हवलदान सिंह द्वारा ग्राम समाज की जमीन पर मिट्टी का खनन किया जा रहा है। गांव की चार बीघा जमीन मेरे द्वारा खरीद की बात चल रही है। जिससे विपक्षी द्वारा ग्राम समाज की जमीन निकलवाने की कोशिश की जा रही है। जिसके एवज में 5 लाख रुपये की मांग की जा रही है। जब मैने इस तरह की मांग विरोध किया तो 14 मई की शाम 5 बजे दद्दन उर्फकन्हैया अपने साथ आकाश निवासी डकारी जो अभी लखनऊ में रहता है बाबू निषाद निवासी भिटवा सोनू निवासी डकारी, गोरेलाल निवासी त्रिभुवनखेड़ा अपने साथ 2-3 अज्ञात लोगों के साथ हाथों में अवैध तमंचा लेकर मेरे घर के पास रास्ते में गाली गलौज करते हुए आए औ उपरोक्त लोगों ने तमंचे से जान से मारने की नियत से मेरे पर ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। यदि मैं वहां से न भागता तो वह मुझे जान स मार देते। इसके गवाह भी काफी लोग है। प्राप्त तहरीर के आधार पर गंगाघाट थाना की पुलिस ने मुअसं. 272-25 धारा 191.2.191.3,109 भादंसं. 2023 व 7 सीएलए एक्ट गंगाघाट बनाम कन्हैया सिंह उर्फ दद्दन सिंह आदि 5 नफर अभियुक्त व 23 अज्ञात के विरूद्ध मुकदम पंजीकृत किया है। 16 मई को गंगाघाटा थाना पुलिस ने उक्त मामले में नामित आकाश,(26) को अवस्थी हास्पिटल कानपुर नगर से सोनू सिंह (25) निवासी डकारी व शिवा राठौर (20) निवासी ग्राम त्रिभुवनखेड़ा के न्यू एवन ढाबा केपास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त आकाश के पास से एक 315 बोर का देशी तमंचा बरामद किया गया। इस संबंध में मुकदमा में उपरोक्त में धारा 325 आर्म्स एक्ट की वृदि की है।

## जनपद की सभी तहसीलों में 17 को संपूर्ण समाधान दिवस

उन्नावः जिले की सभी तहसीलों में 17 मई को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। सभी तहसीलों में प्रातः 10 बजे 2 बजे तक समाधान दिवस आयोजित होगा। जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बीघापुर में होगा। जिसमें जिले के समस्त जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद होंगे। इसी तरह तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी तहसील सफीपुर में अपर जिलाधिकारी (वि.रा. तहसील बांगरमऊ में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) तहसील हसनगंज एवं पुरवा मे संबंधित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यदि किसी भी जनपदवासी को किसी भी तरह की समस्या या शिकायत है तो वह संबंधित तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अधिकारियों के समक्ष लिखित शिकायत कर सकता है।

## रिसार्ट में कब्जेदारी में पुलिस को क्लीन चिट

**सुशील शुक्ल के विरुद्ध चल रहे धोखाधड़ी समेत अन्य मामले सिविल कोर्ट में सुने जाने के निर्देश**

**स्वतंत्र भारत उन्नावः** कानपुर-लखनऊ हाइवे पर कोतवाली क्षेत्र की ललऊखेड़ा चौकी अन्तर्गत कमलापति इंटर कालेज बीघापुर की गाटा संख्या 3831 मिलजुमला भूमि पर बने रिसार्ट में कब्जे के विवाद मामले में सुशील शुक्ला द्वारा पुलिस पर ताला बंद कराने के लिए लगाए गए आरोप को न्यायालय ने नकारते हुए वाद समाप्त कर दिया। कमलापति इंटर कालेज की सदर कोतवाली स्थित कानपुर लखनऊ हाइवे पर गाटा संख्या 3831 मिलजुमला भूमि को केयर टेकर सुशील शुक्ला द्वारा अवैध रूप से कूटरचित अभिलेखों से कई लोगों को भूमि का एग्रीमेट कर दिया गया था। प्रबंधक द्वारा सुशील शुक्ल के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला सदर कोतवाली में दर्ज कराया गया था। सुशील शुक्ला द्वारा लगातार भूमि पर कब्जे का प्रयास एग्रीमेंट करने वाले लोगों को साथ लेकर किया जाता है। कब्जे में सफलता न मिलती देख सुशील शुक्ला ने पुलिस पर दबाव बनाने के लिए उच्च न्यायालय की डबल बेंच में पुलिस पर कब्जा कराने का आरोप लगाते हुए रिट दायर की थी। उच्च न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक को तत्कालीन कोतवाली इंचार्ज प्रमोद कुमार मिश्र को हटाकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जाच कराने के निर्देश दिए थे। 12 मई को न्यायमूर्ति एआर मसूदी तथा ए के श्रीवास्तव की डबल बेंच में हुई सुनवाई में दोनों पक्षों को सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने पुलिस पर लगाए गए आरोप् को नकारते हुए रिट को डिस्पोज कर दिया। न्यायालय ने सुशील शुक्ल के विरूद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य दर्ज मामले में सिविल कोर्ट में शीघ्र सुनवाई करने के निर्देश दिए हैं।

***सुशील शुक्ल के मंसूबों पर पानी फिरा*** *उन्नावः कानपुर-लखनऊ हाइवे पर स्थित कमलापति इंटर कालेज की गाटा संख्या 3831 पर कब्जे की फिराक में सुशील शुक्ल के मंसूबों पर तब पानी फिर गया। जब कमलापति इंटर कालेज के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार बाजपेई ने सुशील शुक्ला व प्रभात शुक्ल को केयरटेकर के रूप में जमीन की देखरेख के लिए लाइसेंस पत्र दिया था लेकिन सुशील शुक्ला द्वारा गुपचुप तरीके से गाटा संख्या 3831 पर निर्माण कर कई लोगों को चोरी छिपे भूमि का एग्रीमेंट भी कर लगभग 2 करोड़ रुपये की धनराशि वसूली गई। प्रबंधक को जानकारी होने पर सुशील शुक्ल के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला पंजीकृत कराया गया था। वहीं विद्यालय की भूमि पर बने भवन पर सुशील शुक्ल द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया गया। विद्यालय प्रबंधक ने भूमि पर कब्जे के प्रयास के दौरान सुशील शुक्ल व उनके सहयोगियों द्वारा गाली गलौच पत्थरबाजी मारपीट कर प्रबंधकीय अभिलेख उठा ले जाने का भी आरोप लगाते हुए ममला पंजीकृतकराया गया था।*

## खाना बनाते समय दूसरी पत्नी की जलकर मौत

स्वतंत्र भारत फतेहपुर चौरासी उन्नावः बीते सप्ताह खाना बनाते समय आग सेझुलसी महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पति की सूचना एव नायब तहसीलदार के निर्देश पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ाई निवासी महिपाल ने थाना पुलिस को दी गई सूचना में बताया कि बीते शनिवार 10 मई को खाना बनाते समय उसकी 22 वर्षीय पत्नी अंजली आग से झुलस गई थी। जिसका उपचार घर पर ही चल रहा था। बुधवार 14 मई की रात अंजली की इलाज के दौरान घर पर ही मौत हो गई। गुरुवार को पति की सूचना एवं मामले की पड़ताल में गांव पहुंचे बांगरमऊ नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल के निर्देश पर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों के अनुसार महिपाल चार माह पूर्व मृतका को लव मैरिज करके आजमगढ़ से लाया था। जब कि महिपाल पहले से शादीशुदा है तथा घर पर उसकी पहली पत्नी और दो बेटे हैं। उप निरीक्षक दिनेश रावत ने बताया कि मृतका के पति की सूचना तथा नायब तहसीलदार के निर्देश पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधारपर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## डीसीएम में पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर,दो की मौत एक घायल

स्वतंत्र भारत नवाबगंज उन्नावः सोहरामऊ थाना क्षेत्र में स्थित भल्ला फार्म तिराहे के पास कानपुर से लखनऊ जाने वाली सड़क पर गुरुवार को सुबह करीब 5 बजे खड़े डीसीएम में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें दो की मौत और तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में डीसीएम का टायर बदल रहे महमुदुल रहमान निवासी कब्बापुर थाना महाराजगंज जिला बलरामपुर के रूप में पहचान हुई है। जब कि दूसरे मृतक की पहचान डीसीएम कंडक्टर श्रवण कुमार निवासी सिरसिया बढ़नी चाका थाना भवानीगंज जनपद सिदार्थनगर के रूप में हुई है। इसके साथ ही एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। हादसे की सूचना पाते ही 1033 टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तुरन्त सोहरामऊ थाने को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है।

# कानपुर देहात समाचार

## जिला भाजपा कार्यालय में रानी अहिल्या बाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष की कार्यशाला का आयोजन

कानपुर देहात।शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कानपुर देहात द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के अंतर्गत भाजपा पार्टी कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला प्रभारी अशोक राजपूत ने बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर की 320 जयंती वर्ष है। उन्होंने बताया कि रानी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 में महाराष्ट्र के चौड़ी गांव में हुआ था देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में रानी अहिल्याबाई की प्रतिमा स्थापित की रानी अहिल्याबाई ने अपने निजी संपत्ति से काशी विश्वनाथ मंदिरए केदारनाथ मंदिरए सोमनाथ मंदिर सहित सैकड़ो मंदिरों को बनाने का काम किया भारत देश में विपरीत परिस्थितियों में बालिकाओं का शिक्षा का प्रबंध किया महिलाओं के जीवन स्तर सुधारने के अनेक कार्यक्रम चलाए। भाजपा द्वारा 21 में से 31 मई तक महिला सशक्तिकरण दौडए जिला संगोष्ठीए घाट सज्जा एवं नदी आरतीए प्रदर्शनी आदि कार्यक्रम रानी अहिल्याबाई के त्रिशताब्दी जन्मदिन पर संपादित होंगे इस दौरान जिला अध्यक्ष रेणुका सचान कल्पना सक्सेना सौरभ मिश्रा बबलू कटियार नीरज पांडे महेश सिंह चौहान बृजेंद्र सिंह कन्हैया कुशवाहा केपी सिंह राकेश तिवारी साकेत पाल विकास मिश्रा शिव विलास मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी आदि रहे।

## पंचायती राजः ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना एवं संचालन से लोगों को लाभ

कानपुर देहात। पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायतए क्षेत्र पंचायतए और जिला पंचायत आते हैं। पंचायती राज व्यवस्था आम ग्रामीण जनता की लोकतंत्र में प्रभावी भागीदारी का सशक्त माध्यम है। 73वां संविधान संशोधन अधिनियम के लागू होते ही प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के पंचायत राज अधिनियमों अर्थात् उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम.1947 एवम् उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 में अपेक्षित संशोधन कर संवैधानिक व्यवस्था को मूर्तरूप दिया गया। 73वें संविधान संशोधन के उपरान्त पंचायती राज संस्थाओं को 29 विषयों पर कार्य कराने का अधिकार प्रदान किया गया। प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का संचालन ग्राम पंचायतों के माध्यम से अथवा ग्राम पंचायतों के सहयोग से क्रियान्वित की जा रहीए इस हेतु यह आवश्यक था कि ग्राम पंचायतों एवं उनको सौंपे गये दायित्वों को संचालित तथा क्रियान्वित किये जाने हेतु उनका एक कार्यालय हो। यह देखा गया कि वर्ष 2021 तक कुल 58ए189 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष मात्र 33ए577 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्मित थे जिसमें से कई पंचायत भवन उपयोग न होने के कारण जीर्ण.शीर्ण अथवा क्षत्रिग्रस्त हो गये थे। इस प्रकार कुल 24ए612 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन उपलब्ध नहीं था। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में गांवों और ग्रामवासियों का तेजी से विकास हो रहा है। जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन नहीं थेए उनमें पंचायत भवन का निर्माण कराया गया तथा जहाँ पंचायत भवन निर्मित है उनका आवश्यकतानुसार मरम्मत व विस्तार कराकर कार्यालय के रूप में रूप स्थापित किया गया।

## एसडीएम ने शिवाय बीज भंडार की दुकान का किया उद्घाटन

**किसानों को अच्छे बीजों के प्रयोग की जानकारियां दी गई**

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** रसूलाबाद में शिवाय बीज भंडार का उपजिलाधिकारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया ।जहाँ आये हुए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को फसलों के बीज हमेशा भरोसेबन्द दुकान से ही खरीदने की सलाह दी । उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारे किसान बन्धु बहुत ही परिश्रम के बाद तैयार फसल को देख पाते है । उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि फसलों के बीज हमेशा एक भरोसेमंद दुकान से ही खरीदने चाहिए इससे किसानों को अच्छे गुणवत्ता वाले बीज मिलेंगे जो सही तरीके से अंकुरित होंगे और एक अच्छी फसल देंगे। कम्पनियों की ओर से आये विशषज्ञों ने खरपतवार नाशक दवाओं के प्रयोगों व फसलों की पैदावार बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा कर किसानों को अच्छे बीज का ही प्रयोग करने की जानकारी दी। किसान सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि रसूलाबाद क्षेत्र के किसानों के लिए यह खुशी की बात है कि शिवाय बीज भंडार पर गुणवत्तापूर्ण बीज व प्रामाणिक दवाएं मिलेगी जिससे उनकी फसल बेहतर होगी । इससे पहले शिवाय बीज भंडार प्रतिष्ठान के संरक्षक एडवोकेट सुशील कुमार शुक्ला द्वारा उपजिलाधिकारी सहित आये लोगो को मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया एवम किसान बंधुयों को मिष्ठान वितरण कर उनका मुंह मीठा कराया गया । इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता जीतू त्रिपाठी नगर के पूर्व जनप्रिय ग्राम प्रधान चन्द्रभान सिंह उर्फ बाबूलाल चौहान पेशकार संजीव दुबे प्रतिष्ठान संचालक अभय शुक्ला उर्फ कन्हैया शुक्ला प्रेम कुमार शुक्ला अनिल शुक्ला गुड्डू मिश्रा शिवप्रकाश त्रिपाठी कपिल पांडेय लल्ला गुप्ता सभासद अंकित सिंह अनुराग सिंह चंद्रभान पाल यदुनाथ संखवार घनश्याम शुक्ला श्रेष्ठ शुक्ला अनुज शुक्ला श्याम जी शुक्ला कमल दुबे सहित भारी तादात में किसान बन्धु व इंडो स्विस केमिकल कम्पनी की ओर से डॉ भगवंत प्रसाद व कावेरी सीड्स के मैनेजर केपी सिंह मौजूद रहे।



## आयुष चिकित्सालय का किया औचक कर सीडीओ ने जारी किए निर्देश

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन ने अकबरपुर तहसील की ग्राम पंचायत.बनारअलीपुर में संचालित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पंचकर्मए लैबए ओपीडीए आईपीडी और आईपीडीए पैथलॉजिकल लैब आदि का निरीक्षण किया जिसमें 50 बेड की व्यवस्था की गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने चिकित्सालय की इमारत का भी निरीक्षण किया और उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया उन्होंने कहा अस्पताल में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जन.जन को बताया जाए अधिक से अधिक लाभ लोग लें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चिकित्सालय के विभिन्न विभागों की सूक्ष्मता से जॉच करते हुए जानकारी ली गई। जिसमें योग विभागए आयुर्वेदए होम्योपैथए पंचकर्मए फिजियोथैरेपीए पैथोलॉजी आदि विभाग देखे गये साथ ही उन्होंने मरीजों से चिकित्सालय द्वारा दी जा रही सेवाओं एवं चिकित्सा परिणाम के बारे में प्रतिकिया ली। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को चिकित्सालय को सुचारू रूप से संचालित करने एवं अंतरंग विभाग को शुरू करवाने के निर्देश दिए। तथा चिकित्सालय को पूर्ण रूप से संचालित में आ रही कठिनाइयों के निवारण हेतु अवगत कराने को कहा गया। उन्होंने पुरुष व महिला सामान्य वार्डए पंचकर्माए स्टोरए आपरेशन थियेटर सहित परिसर की साफ.सफाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर डा ब्रजेश आर्या मुख्य आयुष चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा निकाल कर किया जाएगा सेना के शौर्य एवं पराक्रम का बखान



**माती कानपुर देहात** पहलगाम में भिखारिस्तान से आएं आतंकियों द्वारा किए गए दुस्साहस का भिखारिस्तान को मुंह तोड जवाब देने वाली भारतीय सेना के सम्मान में आज भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का अकबरपुर में आयोजन किया जाएगाए भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान के नेतृत्व में जनक पुरी मैदान से प्रारम्भ होकर यात्रा खादी भंडार सदर बाजार अशोक नगर नयागंज होते हुए हाइवे ब्रिज अंडरपास पर पहुंचकर संपन्न होगीए अकबरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली गुड्डन सिंह ने सभी राष्ट्र भक्तों से प्रातः 8रू00 बजे सेना के सम्मान में जनकपुरी पहुंचने का आवाहन किया है। सनद रहे कि बीते दिनों पैहले आतकिस्तान अब प्रधानमंत्री मोदी की सोची समझी नीति के चलते भिखारिस्तान बन चुकें धोखेबाज पड़ोसी की सरजमीं से आएं दहशदगर्दो ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में जाति धर्म और मजहब पूछकर निहत्थे सैलानियों को मौत के धाट उतारकर मां भारती के सीने को छलनी करने की साज़िश की गई थीए निहत्थे सैलानियों की हत्या को लेकर संपूर्ण विश्व समुदाय हमारे भारत देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो गया था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नीतियों के चलते भारतीय सेना के जवानों द्वारा उपरोक्त हमले का इस कदर बदला लिया गया कि भिखारिस्तान अपनी औकात पर आ गया और कटोरा लेकर भीख मांगने निकल पड़ाए भारतीय सेवा के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी हाई कमान द्वारा तिरंगा यात्रा निकल जाने का निर्णय लिया गया था आज शनिवार को अकबरपुर में भाजपा जिला अध्यक्ष रेणुका सचान के नेतृत्व में जनकपुरी मैदान से हाईवे ब्रिज अंडर पास तक भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी अकबरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली गुड्डन सिंह द्वारा सभी राष्ट्र भक्तों से सेना के सम्मान में आयोजित होने वाले उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लेने का आवाहन किया गया है।

## भारत कृषि प्रधान देश यहां लगभग हर घर में होता किसानः उप जिलाधिकारी

कानपुर देहात। बीजए उर्वरक एवं खाद का नया प्रतिष्ठान खुल जाने से क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा। भारत देश कृषि प्रधान देश है। यहां लगभग हर घर में किसान होता है। यह बात उपजिलाधिकारी सर्वेश सिंह ने सिवाय बीज भण्डार का फीता काटते हुए कही। शुक्रवार को रसूलाबाद कस्बे के झींझक मार्ग झाऊलाल डिग्री कॉलेज मोड़ के निकट शिवाय बीज भंडार का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। प्रतिष्ठान के संरक्षक एडवोकेट सुशील कुमार शुक्ला ने फूलमाला पहनाकर उपजिलाधिकारी सर्वेश सिंह का जोरदार ढंग से स्वागत किया। उपजिलाधिकारी सर्वेश सिंह ने विधि विधान से फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया।

## डीएम की पहल : एक छत के नीचे दिव्यांगों को मिल रही सारी सुविधा

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के पहल के अंतर्गत जनपद में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवसो में दिव्यांगजनों के लिए एक सशक्त मंच बना है। जिसमें दिव्यांगजनों को सरल, सुलभ एवं त्वरित रूप से दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड सहित अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिल रहा है। शनिवार को तहसील बिल्हौर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांग बोर्ड के चिकित्सकों की उपस्थिति में दिव्यांगों के सार्टिफिकेट बनाए जाएंगे और तत्काल प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड जारी किए जाएंगें। अब तक तहसील सदर, नरवल, घाटमपुर एवं बिल्हौर में आयोजित हुए समाधान दिवसों में कुल 483 दिव्यांग प्रमाण पत्र/ यूडीआईडी कार्ड, 72 आय प्रमाण पत्र, 24 दिव्यांग पेंशन हेतु आवेदन, 47 कृत्रिम सहायक उपकरण हेतु आवेदन, 40 राशन कार्ड, 33 एनपीसीआई लिंक खाते, 26 आवास योजनाओं हेतु आवेदन, 4 दुकान ऋण आवेदन, 5 प्रधानमंत्री किसान योजना के आवेदन, 18 आधार सुधार कार्य जैसे महत्वपूर्ण कार्य संपादित किए जा चुके हैं। इस विशेष शिविर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण, दुकान निर्माण/संचालन योजना, शादी प्रोत्साहन योजना के आवेदन भी तत्काल मौके पर ही कराए जा रहे हैं। इसके अलावा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से एनपीसीआई मैप खाते खुलवाने, आधार प्रमाणीकरण, फैमिली आईडी, राशन कार्ड, आय, निवास प्रमाण पत्र एवं आवास योजना के लिए निःशुल्क आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

# चौथे दिन गल्ला मंडी में फिर उठीं आग की लपटें



**कानपुर।** कलक्टरगंज गल्ला मंडी में हुए भीषण अग्निकांड के चौथे दिन रुई गोदाम में शुक्रवार को अचानक धुएं के साथ आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। यह देख लोगों के बीच अफरा-तफरी का महौल बन गया। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

बताते चलें कि मंगलवार को कलक्टरगंज गल्ला मंडी में भीषण आग लग गई थी। आग में 50 से अधिक दुकानें जल गई थीं। एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और करीब एक दर्जन लोग झुलस गए थे। आग से करीब 30 करोड़ का नुकसान हुआ था। शुक्रवार को फिर से रूई के गोदाम में धुंआ निकलने लगा। थोड़ी देर में आग की ऊंची-ऊंची लपटे उठने लगी। यह देख मौके पर मौजूद व्यापारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि रुई के जलने की सूचना मिलते ही कर्मचारियों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें बढ़ती देख लोग दहशत में आ गए। कंट्रोल रूम को सूचना मिलते ही लाटूश रोड फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने बताया कि रुई में कहीं चिंगारी बची होने से आग फिर भड़क उठी। उन्होंने कहा कि रुई के गठरों को यहां से हटाना जरूरी है। अगर कहीं चिंगारी रह जाती है तो वह धीरे-धीरे रुई में फैलकर आग का रूप ले सकती है।

## गैराज में लगी भीषण आग, कई कारें जलकर खाक



**कानपुर।** बिधनू में एक कार गैराज में शुक्रवार दोपहर भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते एक दर्जन से ज्यादा कारें जलकर स्वाहा हो गईं। गनीमत रही कि समय रहते मैकेनिक मौके से भाग निकले।

ओरियारा चौराहा के पास न्यू अवतार मोटर्स गैराज है। जहां पुरानी कारों की डेंटिंग और अन्य मरम्मत का काम किया जाता है। गैराज मालिक छोटू ने बताया कि शुक्रवार दोपहर खाना खाने के लिए घर गए थे, जबकि उनके कर्मचारी काम में जुटे थे। उसी दौरान एक कार में अचानक आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। गैराज में खड़ी करीब दो दर्जन गाड़ियों में से एक दर्जन सीएनजी फिटेड कारें और वैन आग की चपेट में आ गईं। सूचना पर पहुंची दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के बाद यह भी सामने आया कि जिस गैराज में सीएनजी कारों पर काम होता है, वहां कोई भी फायर सेफ्टी उपकरण मौजूद नहीं था। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि गैराज के पास खड़े अन्य लोग भी सहम गए। बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दमकल टीम की मदद से आग पर नियंत्रण पा लिया गया है। हालांकि आग के कारणों की जांच जारी है। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुआ है।

# दीनू उपाध्याय की जमानत पर सुनवाई आज



**कानपुर।** बसपा नेता पिंटू सेंगर हत्या के मामले में जेल में बंद एडवोकेट धीरज उपाध्याय उर्फ दीनू की ओर से फास्ट ट्रैक कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की गई। जिसमें सुनवाई के लिए 17 मई की तारीख निर्धारित की गई।

वहीं मामले में पूछताछ के लिए पुलिस ने 48 घंटे की रिमांड मांगी, जिस पर सीजेएम कोर्ट 17 मई को सुनवाई करेगी। बसपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या के मामले में बीते शुक्रवार को पुलिस ने एडवोकेट दीपू उपाध्याय को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद दीनू के खिलाफसिविल लाइंस निवासी रश्मि कपूर की तहरीर पर ग्वालटोली थाने में 30 लाख रंगदारी मांगने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी।वहीं नवाबगंज थाने में आईआईटी के पूर्व रजिस्ट्रार एडवोकेट राजाराम वर्मा की हत्या के मामले में दीनू के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दीनू की ओर से कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने दीनू की 48 घंटे की रिमांड के लिए सीजेएम सूरज मिश्रा की कोर्ट में अर्जी दाखिल की। दोनों मामलों में कोर्ट ने 17 मई की तिथि निर्धारित की।

## दीनू की गुण्डागर्दी का एक और वीडियो आया सामने

**कानपुर।** पिंटू सेंगर मर्डर केस में जेल भेजे गए दीनू उपाध्याय का एक और वीडियो सामने आया है। इस वीडियो का भी पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच शुरू दी है। इसमें दीनू और उसका गैंग एक्सीडेंट होने के बाद एक युवक को धमकी दे रहा है। पुलिस ने इस मामले में भी पीड़ित से रिपोर्ट दर्ज कराने की अपील की है। इसके साथ ही दीनू से प्रताड़ित या फिर दीनू गैंग से जुड़ी आपराधिक मामलों की पुलिस से सूचना देने की अपील की है। इससे कि गैंग पर सख्त कार्रवाई की जा सके। दीनू उपाध्याय और उसके गैंग की गुंडागर्दी का 55 सेकेंड का एक दूसरा वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में दीनू और उसका गैंग हादसे के बाद एक युवक को धमकाते हुए नजर आ रहा है। गैंग युवक को घेरे हुए खड़ा है। दीनू युवक को धमकाते हुए बोल रहा है कि तुम मुझको बता रहे हो कि एक्सीडेंट हो गया, ये नहीं बताया कि उसका हाथ टूट गया है। उसके हाथ टूटने की बात नहीं बताई, बता रहे हो कि मेरी गाड़ी टूट गई है। अगर तुम परिचित नहीं होते तो गाली देते हुए कहा कि तुम्हारी ऐसी तैसी कर देते। थाने ले जाकर इतना मारेंगे कि नेतागीरी भूल जाओगे। अपना फोन देते हुए कहा कि जिसको फोन लगाना है, लगाओ देखते हैं तुम्हारी नेतागीरि।

## थाने के बाद प्रधानमंत्री का विवादित पोस्टर चपकाया

**-भाजपा नेता की तहरीर पर दर्ज हुई एफआईआर**

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विवादित पोस्टर लगाने के मामले में भाजपा नेता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही चकेरी थाने के बाहर और अन्य जगह लगे पोस्टरों को पुलिस ने आनन-फानन में हटाया।

चकेरी सफीपुर प्रथम में रहने वाले बीजेपी युवा मोर्चा का मंडल उपाध्यक्ष अंशु गुप्ता ने दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे चकेरी थाना रामादेवी चौराहे स्थित एक पान शॉप पर खड़े थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि सामने बिजली के पोल पर एक पोस्टर लगा है। इसमें प्रधानमंत्री को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई है। इस पोस्टर में एक व्यक्ति का फोटो छपा है, पोस्टर में अजय कुमार मिश्र पूर्व सांसद प्रत्याशी कानपुर नगर तथा सनातन वैदिक रामराज परिसर तथा प्रधानमंत्री जी का कार्टून बनाकर फोटो भी छपा था। जिसे देखने के बाद मेरे अलावा मौजूद लोगों की भावना को ठेस पहुंची है। पीएम का अशोभनीय पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल होने लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की महान हस्ती हैं, ऐसे महान पद पर विराजमान रहने वाले व्यक्ति के मन में घृणा व दुर्भावना पैदा करने के उद्देश्य से यह कार्य किया गया है। मामले में चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला का कहना है कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जल्द ही आरोपियों को अरेस्ट करके जेल भेजा जाएगा।

## डीएम ने दिया गिफ्ट, कान से सुनने लगे रामचन्द्र



**-जनता दरबार फरियाद लेकर पहुंचा था पीड़ित**

**कानपुर।** जिलाधिकारी ने जनता दरबार में फरियाद लेकर पहुंचे एक बुजुर्ग को ऐसा तोहफा दिया कि उसको कान से सुनाई देने लगा। जिसके बाद बुजुर्ग ने धन्यवाद साहब बोलते हुए दफ्तर के बाहर निकले।

चौबेपुर के रायगोपालपुर गांव निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग रामचन्द्र द्विवेदी शुक्रवार की सुबह डीएम के जनता दरबार में पहुंचे। यहां पर उन्होंने जिलाधिकारी को अपना प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके गांव में एक स्कूल के पास 270 नं0 गाटा स्कूल की जमीन है, उसी जमीन में मिलन केन्द्र है, जिसका दरवाजा उत्तर की तरफहै। उसे वहां से हटाकर हमारी जमीन में पूर्व की तरफग्राम प्रधान कराना चाहते है। उस जमीन पर हमारे जानवर बांधे जाते हैं। अतः उस दरवाजे को वहीं रहने दिया जाए। इस समस्या को सुनकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बुजुर्ग को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उनके कानों तक आवाज ही नहीं पहुंची। इसके बाद बुजुर्ग ने कहां हमको सुनाई कम देता है। इतना सुनते ही जिलाधिकारी ने पूछा कि बाबा आप कान की मशीन क्यों नहीं लगाते हैं। इस पर रामचन्द ने एक पुरानी कान की मशीन जेब से निकाल कर दिखाई तो डीएम भी भावुक हो गए। इस पर डीएम ने तत्काल दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी को मौके पर बुलाया और आदेश दिया कि रामचंद को तत्काल कान की मशीन उपलब्ध कराई जाए। इस पर कुछ ही देर में बुजुर्ग रामचंद को नई कान की मशीन मिल गई, जिसको देख पीड़ित की खुशी थामे नहीं थम रही थी।

## पीएम तक पहुंचा अधिवक्ता पेंशन व स्वास्थ्य बीमा का मुद्दा



**-सांसद ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र**

**कानपुर।** अधिवक्ता पेंशन और स्वास्थ्य बीमा को लेकर चल रही लड़ाई रंग लाने लगी है। प्रधानमंत्री ने सांसद रमेश अवस्थी को पत्र लिख मांगों की जानकारी होने की बात कही। बता दें कि सांसद ने अधिवक्ताओं के पेंशन, स्वास्थ्य बीमा व उन्हें आयुष्मान योजना से जोड़ने को लेकर पत्र लिखा था।अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति के संस्थापन एडवोकेट रवींद्र शर्मा ने बताया कि आजादी के बाद से आज तक न्यायालय के अधिकारी, अधिवक्ताओं की राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी सामाजिक सुरक्षा नही है, जिस कारण अधिवक्ताओं को लंबी-लंबी उम्र तक काम करना पड़ता है। अधिवक्ता पेंशन योजना और बीमा योजनाओं के लिए सांसद रमेश अवस्थी से मांग की गई थी। जिसमें अधिवक्ताओं को आयुष्मान योजना से लाभांवित किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया था। सांसद ने अधिवक्ताओं की मांग को प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मांगों को संज्ञान में लेने के बाद उम्मीद है कि अधिवक्ताओं के हित में जल्द मांगे पूरी की जाएंगी। इस मौके पर मो कादिर, अरविंद दीक्षित, शिवम गंगवार, सुरेंद्र सिंह, अज्जू मिश्रा, संजय चौधरी, संजीव कपूर, बीएन निषाद, दीपक यादव, महेन्द्र पाल समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## डीएम ने की जिला सैनिक बन्धु की बैठक, सुनी समस्याएं




**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को जिला सैनिक बन्धु की बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सम्बोधन किया कि हाल ही में ऑपरेशन सिन्दूर के अंतर्गत तीनो सेनाओं के शौर्य और पराक्रम ने राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है । इसके लिये हम सभी सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा वर्तमान में सेवारत वीरो के प्रति अभार प्रगट करते है।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए कि वे पूर्व सैनिकों एवं सेवारत सैनिकों की समस्याओं को समझे और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। सतबरी निवासी सेवारत सैनिक सत्येन्द्र कुमार उत्तम ने बताया कि प्लाट खरीदने पर धोखाधड़ी किया गया। जिस पर डीएम ने पुलिस अधिकारी तत्त्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अहिरवां निवासी पूर्व सैनिक सिपाही राजेन्द्र कुमार सिंह ने शिकायत की कि चोरी का मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आज तक खुलासा नहीं हो पाया है। पूर्व सैनिक एलडी गजेन्द्र सिंह ने शिकायत की कि भूमिधरी जमीन को अवैध तरीके से दबंगो द्वारा कब्जा किया गया हैं। इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी घाटमपुर को प्रकरण प्राथमिकता पर अविलम्ब निस्तारण करने के निर्देश दिए। सेवारत सैनिक हवलदार नवाब सिंह निवासीघाटमपुर के यूनिट से प्राप्त प्रार्थना पत्र के अनुसार सरकारी आम रास्ता को गॉव के व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किये जाने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी घाटमपुर से दूरभाष पर वार्ता किया। जिस पर उपजिलाधिकारी घाटमपुर द्वारा बताया गया कि प्रकरण के निस्तारण हेतु राजस्व की टीम मौके पर भेजी गयी हैं। सेवारत सैनिक रिसालदार मेजर राम शंकर दीक्षित ने शिकायत की कि जमीनी विवाद चन्द्रपाल से होना पाया गया, जिस पर एडीएम सिटी द्वारा चन्द्रपाल से वार्ता की गई औरसेवारत सैनिक को मौके पर उपस्थित रहकर विवादित भूमि की राजस्व की टीम के साथ पैमाइश कराने के लिये सलाह दी गई। इसी तरह कई मामलो का निस्तारण किया गया। बैठक में जिला सैनिक बन्धु गठन के नामित सरकारी सदस्य/ गैर सरकारी सदस्य के साथ साथ मेजर योगेन्द्र कटियार, उपाध्यक्ष जिला सैनिक बन्धु कानपुर नगर उपस्थित रहे ।

## खबर एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से बैंक कर्मी की मौत

कानपुर। सीओडी क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से बैंक कैशियर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हे कांशीराम अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी परिजनों को मिलते ही उनके बीच कोहराम मच गया।

चकेरी निवासी बैंक कैशियर दिनेश बहादुर सिंह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बर्रा शाखा में कार्यरत थे। परिवार में पत्नी रीता सिंह और दो बेटियां प्रीति और पूजा है। पत्नी और बेटियां तीनों लोग प्राइवेट जॉब करती है। गुरुवार को दिनेश बैंक से 2 बजे निकले थे। उनका मोबाइल और बैग ऑफिस में ही रखा था। शाम तक वह घर नहीं पहुंचे तो उनकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। परिवार के लोग देर रात काशीराम अस्पताल पहुंचे और वहां पर डॉक्टरों को फोटो दिखाई। इसके बाद वहां से पता चला कि एक शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पत्नी और बेटियां पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची और शव की शिनाख्त की। पुलिस ने बताया कि गुरूवार दोपहर तीन सीओडी क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आ गए था। घायल अवस्था में पुलिस ने उन्हें कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। पत्नी रीता और बेटी प्रीति व पूजा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने कहा की वह सीओडी क्रासिंग कैसे पहुंचा और वहां क्या काम था। इस विषय में उन्हें कुछ भी नहीं मालूम।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटा, घर से भगाया

**कानपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने बाबूपुरवा थाने में पति समेत ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के बगाही निवासी कहकसा ने बताया कि 1 मार्च को उनका निकाह तनवीर के साथ हुआ था। निकाह के कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक चला, लेकिन उसके बाद से तनवीर व उसके घर वाले 1 लाख की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर पति और ससुराल वालों ने प्रताड़ना शुरू कर दी। इसके बाद उसकी पिटाई करने के बाद घर से बेदखल कर दिया। पीड़िता किराए का कमरा लेकर अलग रहने लगी। आरोप है कि प्रार्थनी के पति तनवीर ने फोन करके कहा कि तुम कचहरी आ जाओ, अब हम लोग समझौता करके साथ में रहेंगे। पीड़िता तनवीर के कहने पर कचहरी गई तो वहां पर सादे कागज पर साइन कराकर कहने लगा कि पेपर टाइप होने जा रहा है। जिस पर पीड़िता ने साइन कर दिया। बीते 1 मई को जब अपने ससुराल गई तो ससुरालीजन पीड़िता को मारने-पीटने लगे और जीने से नीचे फेंक दिया। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी पति तनवीर, ससुर नजीर अहमद, सास कौशर जहां, ननद तरन्नुम और देवर तौफीक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। जल्द ही आरोपी को अरेस्ट करके जेल भेजा जाएगा।

## व्यापारियों ने किया तुर्किये के खिलाफ विरोध प्रदर्शन




**-पीरोड पर जलाए तुर्किये के झण्डे**

**कानपुर।** शुक्रवार को कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले सैकड़ों व्यापारियों ने तिरंगा झंडा हाथ में लेकर तुर्किये के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील बजाज एवं युवा जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारी पी रोड चौराहे पर एकत्रित हुए। तुर्किये का भारत के विरोध में खड़े होने पर उस देश के झंडे का दहन किया। सीसामऊ पी रोड बाजार में हर दुकान में जाकर व्यापारियों से इन देशों से व्यापारिक रिश्ते खत्म करने के लिए जागरुक किया। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि जो देश भारत के खिलाफ दुश्मन देश का समर्थन कर रहे हैं उनके साथ कारोबार करना उचित नहीं है। भारत के लोगों से कमाई करके उस रकम से पाक की मदद की जा रही है। पूरे प्रदेश में व्यापारियों को साथ जोड़कर तुर्किये के खिलाफ जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। व्यापारियों ने कहा कि केंद्र सरकार को फौरन तुर्की एवं अजरबैजान से आयात होने पर सामानों पर रोक लगनी चाहिए, ताकि भारत से कमाई करके जुटाए गए फंड का इस्तेमाल पाक की मदद भी न किया जा सके। कार्यक्रम में राहुल दीक्षित, रोमी सिंह, अंकित मिश्रा, आकाश जी गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, अब्दुल जब्बार, संजय त्रिवेदी, भानु प्रताप सिंह, रामकुमार सिंह, प्रमोद पांडे, ओम प्रकाश चौटाला, राकेश सिंह, रामेश्वर, सुशील गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

## बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद चिड़ियाघर में शुरू हुई फॉगिंग



**कानपुर।** बर्ड फ्लू के शिकार पटौदी बब्बर शेर की मौत के बाद शुक्रवार को चिड़ियाघर में फॉगिंग शुरू कराई गई। अन्य जीव स्वस्थ रहें उनमें वायरस न फैल सके, इसकी रोकथाम के लिए जू प्रबंधन लगातार कदम उठा रहा है।

चिड़ियाघर में दर्शकों की एंट्री 19 मई तक बंद कर दी गई है। केवल कर्मचारी और पशु चिकित्सक ही जू के भीतर जा सकेंगे। सभी को प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा। शुक्रवार को जानवरों के बाड़ों के पास फॉगिंग कराई गई। इसके साथ ही ऑफिस से लेकर जू प्रशासनिक भवन और पशु चिकित्सालय में भी फॉगिंग कराई गई । बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए 7 दिनों तक जानवरों के बाड़ों और आवासीय परिसर में छिड़काव किया जाएगा। जू निदेशक श्रद्धा यादव ने डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह को पत्र लिख कर फॉगिंग कराने की मांग की थी। निदेशक ने बताया कि कानपुर प्राणि उद्यान के एंट्री प्वाइंट, पार्किंग, बर्ड एरिया, वाक इन एवियरी, कॉलोनी, सामाजिक वानिकी पन प्रभाग कॉलोनी और मुख्य मार्ग स्थित सभी एनीमल हाउस ;में यह फॉगिंग कराई गई। पशुचिकित्सकों के मुताबिक खतरनाक वायरस से बचाव के लिए सोडियम हाइपो क्लोराइड की 2 प्रतिशत मात्रा से फॉगिंग कराई गई। इसके साथ ही एनीमल हाउस में फार्मेल्डिहाइड एवं केएमएनओफोर से फॉगिंग कराई गई है, जिससे ही बचाव किया जा सकेगा।

## खबर एक नज़र



### एसडीएम ने भूमि सम्बन्धी विवादों का मौके पर किया निस्तारण

**विवादों के निस्तारण को तहसीलदार व राजस्व टीम के साथ पहुंचे एसडीएम**

घाटमपुर। क्षेत्र के ग्राम हिरनी के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में उठाए गए सैनिक नवाब सिंह की भूमि सम्बन्धी विवाद का प्रकरण सामने आने पर शुक्रवार को एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई व राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उनके द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण के बाद अभिलेखों व शासन की मंशा के अनुरूप विवाद का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त एसडीएम ने ललिता देवी के भूमि सम्बन्धी चला आ रहा पुराना विवाद भी निपटाया। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण करने के साथ मौके पर मौजूद ग्रामीणों से जानकारी के साथ अभिलेखों के अनुसार इस विवाद का भी मौके पर ही समाधान किया। एसडीएम ने ग्राम सभा की भूमि का भी न सिर्फ सीमांकन कराया बल्कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों को हिदायत दी कि अगर ग्राम सभा की जमीनों पर अवैध कब्जों की शिकायतें मिली तो कड़ी कार्यवाही होगी। एसडीएम द्वारा ग्राम सभा की जमीन का सीमांकन कराए जाने पर ग्रामीणों ने जहां खुशी जताई गई।वहीं एसडीएम ने मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में जमीन को दिया गया।कुछ घण्टों में तीन जमीन सम्बन्धी विवादों का निस्तारण एसडीएम द्वारा किए जाने को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा के साथ चेहरों पर खुशी झलक रही थी।

### केवड़िया प्रधान पति के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

**एक मुकदमें गवाही देने से इन्कार करने पर प्रधान पति पर लगाया धमकाने व मार पीट करने का आरोप**

**घाटमपुर।** मुकदमें गवाही देने से इन्कार करने पर प्रधान पति द्वारा एक व्यक्ति के साथ मार पीट करने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गांव के भूरा पुत्र सद्दू ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वह एक सीधा साधा गरीब मजदूर है।10 मई 2025 को ग्राम प्रधान पति अजय कुमार ने उससे एक मुकदमें गवाही देने के लिये कहा। उसने गवाही देने से इनकार कर दिया। इसी बात पर ग्राम प्रधान पति ने उस को मारा पीटा तथा धमकी दी कि मेरी बात नहीं मानोगे तो मरवा दूगां। किसी प्रकार वह वहां से बच कर अपने घर आया।11 मई 2025 को समय करीब 12 बजे दिन में गांव के ही नन्खू पुत्र कल्लू व बलदेव पुत्र नन्खू ने उस को रास्ते में जाते समय गाली दे कर कहा कि तुम प्रधान की बात नही मानोगे।उस के साथ मार पीट किया तथा लाठी से हमला किया जिससे प्रार्थी के बाय हाथ में चोट आ गयी। उक्त घटना को गांव के ही प्रेम चन्द्र पुत्र हुब्बी नागर व कुंवर सिंह पुत्र चन्द्र प्रकाश आदि ने देखा वह परेशान है।

### कार की टक्कर से पति व पत्नी घायल

घाटमपुर। शुक्रवार को मुगल रोड़ के बेंदा गांव के पास कार की टक्कर से बाइक सवार पति व पत्नी घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। हादसे में घायल थाना सजे ती क्षेत्र के कुटरा मकरंद पुर निवासी राम किशोर 35 पुत्र गया प्रसाद अपनी पत्नी सविता के साथ बाइक से आ रहा था। तभी बेंदा गांव के पास कार ने टक्कर मार दी। हादसा देख पहुंचे लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी देने के घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा।

### जहरखुरानी गिरोह ने यात्री को बनाया शिकार

**बिल्हौर** रोडवेज बस के जरिए राजस्थान से अपने घर हरदोई वापस जा रहे एक मूर्तिकार को बस में ही जहर खुरानी गिरोह ने अपना शिकार बना लिया। गिरोह ने युवक को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके पास रखे लगभग 20 हजार रुपए लूट लिए। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के नीची गांव निवासी राजीव पुत्र शिवदीन राजस्थान में रहकर पत्थर की मूर्तियां बनाने का काम करता है। घर में अचानक पैसों की जरूरत पड़ने पर वह पैसे देने और घरवालों से मिलने के लिए अपने घर वापस आ रहा था तभी रात में सफर के दौरान ढाबे में खाना खाते समय किसी ने उसे नशीला पदार्थ मिला पानी पिला दिया और इसके वह बेहोश हो गया और जहर खुरानी गिरोह उसके बैग से पैसे लेकर फरार हो गया।युवक के जहर खुरानी गिरोह का शिकार होने की आशंका के चलते बस के चालक और परिचालक ने बिल्हौर कोतवाली के सामने बस रोक दी और आग्रह करके युवक को पुलिस की मदद से एंबुलेंस बुलाकर सीएचसी भेज दिया गया जहां से स्वास्थ्य कर्मियों ने उसका उपचार किया और स्वास्थ्य कर्मियों ने ही युवक के मोबाइल से फोन करके परिजनों को घटना की जानकारी दी।

## विधायक की शिकायत पर तीनों ब्लॉकों में बढ़ी पीएम आवासों की संख्या

**कानपुर नगर के ग्रामीण क्षेत्र कीविधान सभा घाटमपुर में सबसे ज्यादा प्रधान मंत्री आवासों का सर्वे 206 तक है पहुंचा**



**घाटमपुर।**विधान सभा की अ नु सू चि त जातिएअनुसूचित विमुक्त जातियों सम्बन्धी ग्राम्य विकास की ही बैठक में विधायक सरोज कुरील द्वारा सर्वे कार्य में लापरवाही की शिकायत व पात्रों के छूटने की शिकायत का असर दिखाई देने लगा है। सर्वे में आखिरी दिन कानपुर नगर के ग्रामीण क्षेत्र में विधान सभा घाटमपुर में सबसे ज्यादा सर्वे हुए। अंतिम दिन कुल 299 के सापेक्ष विधान सभा घाटमपुर में 206 सर्वे हुए। बाकी के 7 विकास खंडों में मात्र कुल 93 सर्वे ही हुए हैं। जिसकी जानकारी देते हुए विधायक सरोज कुरील ने आगे बताया कि समिति की बैठक प्रधानमंत्री आवासों के सर्वे में लापरवाही बरतने व पात्रों को लाभान्वित न किए जाने के उठाए गए मुद्दे का असर इस बात का प्रमाण है कि 206 लोग जो संभवतः छूट जाते अब उनको पक्की छत मिल जाएगी।विकास खंड घाटमपुर में 86 भीतरगांव में 62 व पतारा में 58 कुल 206 सर्वे हुए हैं। जबकि बिल्हौर में 18 चौबेपुर में 08 तथा ककवन 03ए कल्याणपुर में 20एसरसौल में 19ए बिधनू में 20 तथा शिवराजपुर में 05 यानी बाकी के 7 विकास खंडों में मात्र कुल 93 सर्वे ही हुए हैं।प्रधान मंत्री आवास योजना के सर्वे के अंतिम दिन विधान सभा घाटमपुर में सबसे ज्यादा सर्वे हुए हैं।

## ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस-जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित





ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस कानपुर शाखा के मुख्यालय और बैत् पहल के तहत संस्था ने आज खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज में सर्वाइकल कैंसर और भ्प्ट वैक्सीन जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया।

प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉण् किरण पांडेय और डॉ कमल धवन ने बताया कि ग्रामीण व शहरी महिलाओं दोनों को इस विषय में जानकारी देना अति आवश्यक हैए क्योंकि जागरूकता ही बचाव है। सर्वाइकल कैंसर के लक्षणए कारण और समय रहते जांच कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि टीकाकरण एवं नियमित स्क्रीनिंग से इस बीमारी को काफी हद तक रोका जा सकता है।उन्होंने भ्प्ट वैक्सीनए पैप स्मीयर टेस्ट और जीवनशैली में सुधार जैसे पहलुओं पर भी विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में लगभग 200 लाभार्थियों ने भाग लियाए जिनमें मुख्य रूप से 9 से 17 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएँ शामिल थीं। यह सत्र बालिकाओं के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहाए जिसका उद्देश्य उन्हें स्वस्थ भविष्य के लिए जागरूक और सशक्त बनाना था। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर हरमीत कौर के साथ अन्य शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही। इस अवसर पर संस्था की वरिष्ठ सदस्य हरविंदर कौरए अध्यक्ष अनीता गर्गए सचिव रमिंदर अरोराए कोषाध्यक्ष रीता गुप्ता उपाध्यक्ष सीमा अग्रवालए पूर्णिमा भार्गवए रेनू अग्रवालएअंजू अग्रवालए रेखा जौहरीए सुषमा वर्मा सुभद्रा सक्सेनाएआदि सदस्यों की उपस्थिति रही।



## बर्ड फ्लू से बचाव पर एसडीएम ने की टास्क फोर्ट की बैठक

**बैठक में एसीपी के अलावा कई विभागों के मौजूद रहे अधिकारी**

घाटमपुर। बर्ड फ्लू से चिड़िया घर में शेर की मौत होने की खबर फैलते ही स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभाग भी सक्रिय हो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने अपन चैम्बर में टास्क फोर्स की बैठक बुलाई। जिसमें बर्ड फ्लू से बचाव पर चर्चा किए जाने के साथ उससे निपटने की तैयारी व कार्य योजना तैयार किए जाने के साथ ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स को अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। वहीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह द्वारा संबंधित विभागों को संभावित खतरे से बचाव हेतु तैयारी के निर्देश दिए गए। बैठक में एसीपी रंजीत कुमार बीडीओ पतारा एडीओ पंचायत विनोद कुमार झाए चिकित्साधीक्षक डॉक्टर कैलाश चन्द्र सहायक क्षेत्रीय वनाधिकारी डिप्टी सीवीओ घाटमपुर आदि मौजूद रहे।

## असंतुलित होकर नहर में जा गिरी बाइक पति और पत्नी दोनों डूबे पति को ग्रामीणों ने बचाया

**ककवन** कानपुर जनपद के ककवन थाना क्षेत्र अंतर्गत मकनपुर विषधन मार्ग पर एक व्यक्ति अपनी पत्नी को बाइक से लेकर ससुराल से वापस लौट रहा था तभी पत्नी ने बाइक चलाने की जिद की और खरपतपुर झाल गांव के पास नहर पट्टी पर तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर नहर में जा गिरी। अचानक हुए इस हादसे में पति और पत्नी दोनों नहर में जा गिरे चीख पुकार सुनकर पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने पति को बचा लिया लेकिन पत्नी डूब गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ककवन थाना क्षेत्र के बछना गांव निवासी आसिफ का निकाह लगभग एक साल पहले जनपद कन्नौज के ठठिया थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी सोनम से हुआ था और गुरुवार को आसिफ अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था और शुक्रवार को दोपहर को लौटते समय उसकी पत्नी सोनम ने बाइक चलाने की इच्छा जाहिर की जिस पर पति ने पत्नी बाइक चलाने को दे दी और नवयुगल हादसे का शिकार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर ककवन थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में गोताखोरों ने एक घंटे की खोज के बाद पत्नी को बाहर निकाला और गंभीर हालत में उपचार के लिए बिल्हौर सीएचसी भेजा गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।

## ब्लॉक प्रमुख ने किया छात्राओं को साइकिल वितरित






**कल्याणपुर** विकास खंड के अंतर्गत शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने छात्राओं को साइकिल वितरित कर छात्राओं का हौसला बढ़ाया। ब्लॉक संसाधन केंद्र कल्याणपुर में सीएसआर के माध्यम से बेसिक शिक्षा की बालिकाओं को साइकिल वितरण का कार्यक्रम तय किया गया था जिसमें नंदिनी उच्च प्राथमिक विद्यालय रैकेपुर खुशबू कंपोजिट विद्यालय सुजानपुर गढ़ी लक्ष्मी उच्च प्राथमिक विद्यालय गंभीरपुर कछार जान्हवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय भीसी जरिगाव को ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने साइकिल सौंपा। ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी कहा कि ये साइकिलें छात्राओं की उड़ान में सहायक बनेंगी। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने साइकिल वितरण के दौरान बताया कि यह छात्राएं अत्यंत गरीब घर से हैं लेकिन मेधावी है उनके घर से स्कूल की दूरी लगभग चार किलोमीटर से अधिक है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से अकबरी बेगम पुष्पा वर्मा धनंजय कुमार रिचा सिंह सचिन शुक्ला कृष्णा अजय सिंह आशुतोष शालिनी सिंह सहित विकासखंड की छात्राएं एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

## अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मेधावियों का हुआ सम्मान



**शुक्लागंज उन्नाव** अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आज एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गयाए जिसमें कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉप तीन विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह का उ?द्देश्य विद्यार्थियों को उनकी मेहनत लगन और अनुशासन के लिए प्रोत्साहित करना था। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश पूजन के साथ हुआ। तत्पश्चात वि?द्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी एवं प्रधानाचार्या मोनिका तिवारी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहाए ष्वि?द्यार्थी किसी राष्ट्र की असली पूँजी होते हैं। इन प्रतिभाओं का सम्मान सिर्फ उनका नहींए बल्कि समाज के उज्वल भविष्य का सम्मान है।ष् मुख्य अतिथि के रूप में कक्षा 12 की प्रथम टॉपर लेखनी शुक्ला की माता डॉ0 सरस्वती मिश्रा एवं सम्मानीय अतिथि कक्षा 10 समीक्षा राणा की माता राम प्यारी राना ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। वि?द्यालय की ओर से कक्षा 12वीं के टॉप तीन विद्यार्थियों लेखनी शुक्लाए सय्यद सकीना जेहरा आदर्श मिश्रा तथा कक्षा 10वीं के टॉप तीन विद्यार्थियों समीक्षा राणा चेतन आनंद गर्ग और अर्पिता बाजपेई को ट्रॉफी भेंट की गई। वि?द्यालय की कक्षा 12 की टॉपर लेखनी शुक्ला और कक्षा 10 की टॉपर समीक्षा राणा प्रत्येक को विद्यालय की ओर से 11ए000.11ए000 रू स्कॉलरशिप के रूप में भी सम्मान पुरस्कार दिया गया। उनके अभिभावकों को भी मंच पर आमंत्रित कर आभार प्रकट किया गयाए जिन्होंने वि?द्यार्थियों के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के टॉपर छात्र.छात्राओं से आने वाले सत्र के कक्षा 10वींए 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने अपनी परीक्षा से सम्बन्धित उलझनों व जिज्ञासाओं से सम्बन्धित प्रश्न किये जिसके उत्तर मेधावीं विद्यार्थियों ने अपने अनुभव अनुसार बड़ी सरलता से साझा कियेए और शिक्षकों के प्रेरणादायक संदेश भी समारोह को स्मरणीय बना गए। अंत में विद्यालय की ओर से सभी वि?द्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई। वि?द्यालय के शिक्षकोंए छात्रों और अभिभावकों ने समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## चक्की के कारखाने में युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**घटना के पीछे बताया जा रहा था घरेलू विवादएथाना क्षेत्र के मखौली गांव में हुई घटना**



**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मखौली में एक युवक का शव चक्की के कारखाने में फांसी पर झूलता मिला। घटना के पीछे पत्नी व ग्रामीणों द्वारा घरेलू विवाद बताया जा रहा था। परिजनों की सूचना पर रेवना थाने की पुलिस ने गांव पहुंचकर शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। मखौली बाबू के तीन भाइयों में अशोक विश्वकर्मा 38 सबसे बड़ा बेटा था।पत्नी अनुराधा व तीन बच्चों रिया 16एनैतिक 14 तथा समर 12 के साथ गांव में ही अलग मकान में रहने के साथ जीवको पार्जन के लिए इंजन से चक्की का कारखाना लगाए था। पत्नी अनुराधा ने बताया कि आर्थिक तंगी को देखते हुए सोलर चक्की लगवाने के लिए अशोक ने लोन भी कराया था। गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर पति व बच्चों के साथ वह शुक्रवार की सुबह घर लौटी थी। जहां अशोक दोपहर तक सोलर कारखाना लगाए जाने के लिए अपने दोस्त के साथ पिलर आदि लगाने को खुदाई करता रहा। घर के लोग अपने अपने काम में लग गए। तभी कारखाने के अन्दर जाकर अशोक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।

## प्लाट में लगाई गई आग से पड़ोसी मजदूर की जली घर गृहस्थी

**फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर किसी तरह आग पर पाया गया काबूए हजारों का नुकसान**



घाटमपुर। रेलवे क्रासिंगए राम सारी रोड़ पर शुकवार की दोपहर उस समय हलचल मच गई जब एक युवक ने अपने प्लाट पर जमा कबाड़ जलाने को आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे पहले आग पर काबू पाया जाता बगल में स्थित मजदूर के घर के घर को आग ने अपनी चपेट में लिया। आग से घर के अलावा गृहस्थी भी जलकर खाक हो गई। मजदूर का हजारों का नुकसान हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया है। रेलवे क्रॉसिंग के पास रहने वाला सुनील संखवार मजदूरी करके अपने परिवार का किसी तरह भरण पोषण करता है। घर पर पत्नी ऊषा अपने तीन बेटे आशीषए लवकुशए मोहितए और एक बेटी अनवी के साथ रहती है। सुनील ने बताया कि वह मजदूरी करने गया थाए तभी पड़ोसी का फोन आया कि उनके घर में आग लगा गई है। जानकारी मिलते वह आनन फानन घर पर पहुंचा। यहां पर उसकी पत्नी घर के बाहर बच्चों संग बैठे रो रही थीए पड़ोसी आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। तभी मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस ने आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। मजदूर सुनील का आरोप हैए कि उनके पड़ोस में रहने वाले प्लाट मालिक ज्वैलर्स के भाई ने जान बूझकर प्लाट में इस तरह आग लगाईए जिसकी चपेट में आने से उनका घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाही की जाएगी।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता हमीरपुर वृत्त, लो0नि0वि0, हमीरपुर**

पत्रांक :— 1071/30सी—ह0वृ0/2025 दिनांक:— 07/05/2025

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता हमीरपुर वृत्त, लो0नि0वि0, हमीरपुर उ0प्र0 लो0नि0वि0 में सुसंगत कार्य हेतु A व B श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिषत दरों में अधोलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। बिडर्स को सलाह दी जाती है कि वे आई0टी0बी0 की क्लाज–4 में निविदा स्वीकृत करने के सम्बन्ध में न्यूनतम योग्यता हेतु बिडर्स को दिये गये निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | कार्यकारी अधि0अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| खनिज फाउण्डेशन न्याय निधि योजनान्तर्गत | | | | | | | | | |
| 1 | महोबा | स्योढ़ी में धसान मुख्य नहर पर क्षतिग्रस्त लघु सेतु के स्थान पर 3×6 मी0 (ऊंचाई 05 मी0) लघु सेतु का निर्माण कार्य। | 198.00 | 11.90 | 2720.00 | 12 माह | नि0ख0–1 लो0नि0वि0 महोबा | हमीरपुर वृत्त लो0नि0वि0 हमीरपुर | चित्रकूट धाम (बॉदा) क्षेत्र लो0नि0वि0, बॉदा |
| 2 | महोबा | सलापुरा में धसान मुख्य नहर पर क्षतिग्रस्त लघु सेतु के स्थान पर 3×6 (ऊंचाई 05 मी0) लघु सेतु का निर्माण कार्य। | 198.00 | 11.90 | 2720.00 | 12 माह | नि0ख0–1 लो0नि0वि0 महोबा | हमीरपुर वृत्त लो0नि0वि0 हमीरपुर | चित्रकूट धाम (बॉदा) क्षेत्र लो0नि0वि0, बॉदा |
| 3 | महोबा | नगाराघाट लघु सेतुओं के स्थान पर 3×6 (ऊंचाई 05 मी0) एवं 1×5 (ऊंचाई 5 मी0) लघु सेतु का निर्माण कार्य। | 290.00 | 16.50 | 2720.00 | 12 माह | नि0ख0–1 लो0नि0वि0 महोबा | हमीरपुर वृत्त लो0नि0वि0 हमीरपुर | चित्रकूट धाम (बॉदा) क्षेत्र लो0नि0वि0, बॉदा |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर **दिनांक–20.05.2025 से 27.05.2025 तक** उपलब्ध है जो कि **दिनांक–27.05.2025 को समय 12:00 बजे तक** अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड **दिनांक–27.05.2025 को समय 12:30 बजे अपरान्ह** खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/login पर अपलोड की जायेगीं तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(इं0 अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, महोबा

उ0प्र0 233742 दि0- 15.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

(इं0 सुनील कान्त)
अधीक्षण अभियन्ता
हमीरपुर वृत्त, लो0नि0वि0, हमीरपुर

### 787 मी0 टन जिप्सम का होगा वितरण

**फतेहपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि मृदा तत्वों की कमी दूर करने एवं भूमि सुधार हेतु जिप्सम वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जनपद के सभी तेरह विकास खण्ड स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डारों के माध्यम से कुल 787 मी0 टन जिप्सम का वितरण किया जायेगा। जिप्सम वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर कृषकों किया जायेगा। किसानों को उनकी जोत के आधार पर अधिकतम 02 हे0 हेतु (मात्र 06 कु0) ही वितरित किया जायेगा। इसका विक्रय मूल्य 432.20 रुपए प्रति कुन्टल है। इस पर 75 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है।

## पुलिस व पीआरडी जवानों को दी होम्योपैथिक औषधि



**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती के तत्वावधान व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने कड़क धूप में अपनी सेवाएं दे रहे ट्रैफिक पुलिस, होमगार्ड्स व पीआरडी के जवानों को लू के प्रकोप से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि व पानी की बोतल प्रदान की। डॉ. अनुराग ने अंदौली पुलिया, राधानगर, गाजीपुर टैम्पो बस स्टैंड देवीगंज, मिशन अस्पताल, वर्मा चौराहा, पटेल नगर, पत्थरकटा, बुलेट चौराहा, नई तहसील चौराहा, जोनिहा चौराहा, भार्गव नगर हनुमान मंदिर के पास, ज्वालागंज, बाकरगंज, सदर अस्पताल, कलेक्ट्रेट परिसर व विकास भवन में प्रथम व द्वितीय पाली में कार्यरत जवानों को लू के प्रभाव को कम करने में सहायक औषधि व पानी की बोतल प्रदान कर इस चिलचिलाती धूप में अनवरत सेवाएं देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। साथ ही डॉ अनुराग ने कहा कि इस कड़क धूप में भोजन भर पेट करके ही निकलें, पानी खूब पियें, तरल पदार्थों का इस्तेमाल अधिक करें। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी सुरेश श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख, चैतन्य कुमार उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला जज ने दिलाई शपथ




**बिंदकी, (फतेहपुर)।** अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला जज ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आशा नहीं विश्वास है कि अधिवक्ता संघ के सभी लोग कर्तव्य का पालन ठीक से करेंगे। अधिवक्ताओं के लिए बेहतर काम करेंगे।

शपथ ग्रहण में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। शुक्रवार की शाम नगर के तहसील परिसर में अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला जज अनमोल पाल ने शपथ दिलाई। अधिवक्ता संघ तहसील बिंदकी के नव निर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र मिश्रा, महासचिव लक्ष्मी सिंह गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम बाबू एडवोकेट कनिष्ठ उपाध्यक्ष नवाब हुसैन संयुक्त सचिव प्रशासन महेंद्र कुमार संयुक्त सचिव पुस्तकालय देश नारायण संयुक्त सचिव प्रशासन अरुण कुमार कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण एडवोकेट के अलावा कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य लोकेंद्र पाल अली अब्दुल्ला ऋषभ कुमार मनीष कुमार अग्निहोत्री योगेंद्र कुमार सूरज सिंह तथा कनिष्ठ सदस्य अक्षय अवस्थी श्रेय गुप्ता मोहम्मद इमरान लक्ष्मण कुमार दीपेंद्र कुमार सत्यनारायण शुक्ला ने शपथ ग्रहण किया।

इस मौके पर पूर्व जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी, पूर्व अपर जिला जज सुरेश चंद्र सविता, पूर्व उपाध्यक्ष व सदस्य बार काउंसिल उत्तर प्रदेश अंकज मिश्रा, उपाध्यक्ष तथा सदस्य बार काउंसिल उत्तर प्रदेश अनुराग पांडेय, वरि. अधि. बोदलाल शुक्ला, डिस्ट्रिक्ट बार एसो. के अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अपर जिला जज सुरेश चंद्र सविता व वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण द्विवेदी ने किया।

## खबर एक नज़र

### गोली मारने वाले पांच हत्यारोपियों को आजीवन करावास

**- किशनपुर थाना क्षेत्र में 03 अक्टूबर 2020 को हुई थी घटना**

**फतेहपुर।** हत्या के एक मामले में शुक्रवार इंसाफ के मंदिर में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इस मामले में विशेष गैंगस्टर एक्ट की अदालत ने पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए जीवन के शेष दिन, जेल की सलाखों के पीछे गुजारने की सजा पर मुहर लगा दी। अदालत ने प्रत्येक आरोपियों पर 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। विशेष गैंगस्टर एक्ट के न्यायाधीश अभिजीत भूषण की अदालत के फैसले पर रोशनी डालते हुए अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रघुराज सिंह ने बताया कि किशनपुर थाना के म्योखर गांव निवासी छेदू कुम्हार के घर में तीन अक्टूबर 2020 की रात साढ़े 11 बजे बदमाशों ने घुसकर घर की औरतों के साथ मारपीट कर लूटपाट की थी। इस दौरान महिलाओं के शोर मचाने पर पड़ोस के रहने वाले कृष्णपाल के ललकारने पर बदमाशों ने उसे गोली मार दी थी। घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। वहीं बदमाशों की गोलियों से मृतक का बेटा सुमेर पाल भी घायल हुआ था। इस मामले में दूसरे दिन सुबह सुमेरपाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की विवेचना शुरू की थी। पुलिस की जांच के दौरान गुरु प्रसाद उर्फ गुरुवा, कृष्णपाल, विजय पाल, रामस्वरूप, ननकवा व स्वामी शरन समेत छह लोग प्रकाश में आए थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। नौ गवाह हुए पेश: शुक्रवार को मामले की अंतिम सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किए गए। बहस के दौरान अदालत में पेश किए गए गवाहों और सबूतों के आधार पर जज ने सभी आरोपियों को घटना का दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया है। एक आरोपी की हो चुकी मौत: बता दें कि एक आरोपी गुरु प्रसाद उर्फ गुरुवा की मुकदमा विचाराधीन के दौरान मौत हो चुकी है।

### निर्धन छात्रों को दिया जाएगा ताइक्वांडो प्रशिक्षण



**फतेहपुर।** ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर की बैठक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में निर्धन छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा में निपुण बनाने हेतु नगर के छह स्थानों पर निःशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें अमर मान सिंह पब्लिक स्कूल नप्पीहाता हरिहरगंज, बचपन प्ले स्कूल कलक्टरगंज, मां चंद्राणी इंटर कालेज रेलबाजार, श्री हनुमान मंदिर रस्तोगीगंज, राज ताइक्वांडो एकेडमी आबूनगर, तेज स्टेट गेस्ट हाउस राधानगर में शाम 06 बजे से 07 बजे तक 11 दिवसीय निःशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रशिक्षित ताइक्वांडो कोच द्वारा दिया जाएगा। अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने बताया कि प्रशिक्षण में हिस्सा लेने वाले छात्र छात्राएं 19 मई तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। सचिव राजकुमार ने कहा कि रजिस्ट्रेशन फार्म नीलकंठ पैलेस आईटीआई रोड व राज ताइक्वांडो एकेडमी आबूनगर में उपलब्ध हैं। बैठक में संयुक्त सचिव भारत वर्मा, शिव कुमार, कार्यकारणी सदस्य रिया राजपूत, मनीषा राजपूत उपस्थित रहीं।

## एसई विद्युत से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल

**■ शहर की चरमराई विद्युत व्यवस्था को सुधारे जाने की मांग**



**फतेहपुर।** शहर की चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को जिला उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत का एक प्रतिनिधि मंडल अधीक्षण अभियंता विद्युत के कार्यालय पहुंचा। जहां एसई से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराते हुए सुधार की मांग की। गुरूवार को हरिहरगंज स्थित एक होटल में व्यापारियों के सहयोग से एक कैंप लगाए जाने का आश्वासन भी दिया। जिला उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष रविप्रकाश दुबे की अगुवई में अधीक्षण अभियंता विद्युत के कार्यालय पहुंचा, जहां एसई से मुलाकात कर बताया कि इन दिनों शहर की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है।

फाल्टों के चलते पूरा-पूरा दिन विद्युत नदारत रहती है, जिससे व्यापारियों समेत आमजन को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा विद्युत बिल संबंधी समस्याएं भी मुंह बाए खड़ी हैं। सभी समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जाए। इस पर एसई ने आश्वासन दिया कि शहर की विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए विभाग लगा हुआ है। इसके अलावा अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए व्यापारियों के सहयोग से हरिहरगंज स्थित होटल शांतीगंगा में कैंप का आयोजन करवाया जाएगा। जिसमें कोई भी उपभोक्ता आकर अपनी समस्याओं का निस्तारण कर सकता है। इस मौके पर फरहत अली सिद्दीकी, धीरेन्द्र सिंह, राज कुमार मिश्रा, राजकमल मौर्या, विवेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंद मरीजों के लिए सदस्यों ने किया रक्तदान

फतेहपुर। जरूरतमंद मरीज लालती देवी पत्नी शिव कुमार निवासी ग्राम अंदमऊ प्राइवेट अस्पताल में भर्ती है। डॉक्टर ने मरीज को डिलीवरी के बाद दुर्लभ रक्तसमुह एक यूनिट ओ निगेटिव रक्त की आवश्यकता बताई। रक्तसमूह दुर्लभ होने के कारण किसी रक्तकेंद्र में नही था। जानकारी संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी को ग्रुप के माध्यम से हुई। जानकारी मिलते ही संस्था के सदस्य एवं स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के शाखा प्रबंधक प्रताप नारायण सिंह तुरंत रक्तदान के लिए तैयार हो गए। जिला चिकित्सालय रक्तकेन्द्र पहुंचकर जरूरतमंद मरीज लालती देवी के लिए ओ निगेटिव रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीज पार्वती देवी पत्नी प्रेम प्रकाश निवासी रेल बाजार है। मरीज को कैंसर की बीमारी के चलते कानपुर में इलाज चल रहा है। रक्त की कमी होने पर जिला चिकित्सालय में भर्ती किया। मरीज को डॉक्टर ने एक यूनिट रक्त की आवश्यकता बताई। रक्त जिला चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं था। जानकारी सर्व फार ह्यूमैनिटी को मिलते ही मरीज के साथ आये तीमारदार शिव कुमार ने कहा कि हमारा रक्त समूह ओ पाजिटिव है और संस्था के सेवा कार्यो से प्रभावित होकर मरीज के साथ आये तीमारदार शिव कुमार ने जरूरतमंद कैंसर मरीज के लिए रक्तदान किया। इस मौके पर संस्था से गुरमीत सिंह, जिला चिकित्सालय रक्तकेन्द्र से टेक्निकल सुपरवाइजर अशोक शुक्ला, परामर्शदाता दीपाली वर्मा, लैब असिस्टेंट गोविंद सिंह, नरेंद्र सिंह, लैब सहायक अजय यादव उपस्थित रहे।


## कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर स्पीड लिमिट के लगवाएं साइनेज बोर्डः डीएम

**- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए दिशा-निर्देश**

**फतेहपुर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित पिछली बैठक में दिये गए निर्देश के अनुपालन आख्या की समीक्षा करते हुए विस्तृत चर्चा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत नेशनल हाईवे कानपुर-प्रयागराज मार्ग में आवश्यकतानुसार स्पीड लिमिट एवं रोड लेन क्रॉसिंग से संबंधित साइनेज बोर्ड, शहर के प्रवेश से पहले बड़ा साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश एनएचआई को दिए। उन्होंने बैठक में नेशनल हाईवे रायबरेली के पदाधिकारी एवं नेशनल हाईवे कानपुर के सक्षम पदाधिकारी द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग से कहा कि शासन स्तर पर पत्राचार करे कि बैठक में परियोजना निदेशक व अपरिहार्य कारणों में सक्षम पदाधिकारी ही प्रतिभाग करे ताकि सड़क सुरक्षा से संबंधित बिंदुओं के निस्तारण में कोई समस्या न आने पाए। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत शहर के भीड़भाड़/दुर्घटना वाले क्षेत्रों में रेड लाइट/सिग्नल आवश्यकतानुसार लगाया जाने के लिए पुलिस एवं परिवहन विभाग से समन्वय बनाते हुए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्थान चिन्हित कराते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही करें।

उन्होंने उपसंभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि अनफिट स्कूली वाहनों का संचालन न होने पाए के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक से समन्वय बनाते हुए स्कूल से इस आशय का प्रमाण पत्र ले लिया जाय कि विद्यालयों द्वारा छात्र, छात्राओं के परिवहन के लिए कोई अनफिट वाहन संचालित नहीं किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर दुर्घटना वाले वाहन चालकों व जिस दुर्घटना में वाहन चालक की लापरवाही से किसी की मौत हो गई हो पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाय। वाहन चालको द्वारा यातायात के नियमों का उल्लंघन बार-बार करते हुए पाए जाने पर ड्राइविंग लाईसेंस नियमानुसार निरस्त करते हुए कार्यवाही करें, साथ ही विभिन्न मध्यमो से प्रचार-प्रसार भी कराया जाय। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग, परिवहन विभाग संवेदनशीलता के साथ प्रवर्तन की कार्यवाही निरंतर करें। वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खागा, बिन्दकी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, उप संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन/प्रशासन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, टीएसआई यातायात, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर, समिति के सदस्य अशोक तपस्वी, प्रदीप गर्ग सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## अटेवा की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली पर चर्चा



**फतेहपुर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच की बैठक जिला महिला चिकित्सालय में अनिल चौधरी जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला चिकित्सालय के विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। बीसीजी टीम लीडर पुनीत वीर विक्रम सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था तो हरहाल में बहाल होगी परन्तु इसके लिए सभी को मजबूत संघर्ष करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी का मुह खुलवाने के लिए नाक को बन्द करना पड़ता है। अब समय आ गया है कि हम सभी विभागों के कर्मचारी एक होकर संघर्ष करें हमारी जीत निश्चित रूप होगी। ट्रामा सेण्टर एक्सरे टेक्नीशियन रघुवीर पटेल ने कहा कि अटेवा के आगामी प्रत्येक आन्दोलन में हमारा विभाग बढ चढ कर प्रतिभाग करेगा। शौर्य श्रीवास्तव (सीएमओ आफिस) ने कहा कि हमारा विभाग फतेहपुर में गफलत की नींद में सो रहा है। विभागीय नेताओं की हीलाहवाली की वजह से ही कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। आने वाले समय में उसी को विभाग का नेतृत्व सौपा जाएगा जो कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ मजबूती से खड़ा हो सके और पुरानी पेंशन जैसी बड़ी समस्या पर बढ-चढ कर पेंशन आन्दोलन का साथ दे। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अटेवा फतेहपुर के जिलाध्यक्ष निधान सिंह यादव एवं महामंत्री महेंद्र मौर्य को भी आमंत्रित किया। सभी ने एकस्वर मे कहा कि कुछ समय में हम स्वास्थ्य कर्मचारियों की एक बड़ी बैठक बुलाकर कर्मचारियों को पेंशन आन्दोलन में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया करेंगे। पेंशन हमारा हक़ है इसे हम लेकर ही रहेंगे। बैठक में हेमचंद्र चौधरी, अजय कुमार, भिटौरा पी.एच.सी. से महेंद्र सिंह, सी.एम.ओ. स्टाफअजय सिंह, अशोक सिंह, राहुल चौधरी, सुशील कुमार, ओमनरायण आदि चिकित्सा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सहकार से समृद्धि योजना, सहकारिता के घाघ सिस्टम ने कर दिया बड़ा खेला

- **जनपद में पिछले दरवाज़े से हो गया 28 बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों का गठन**
- **ज़रूरी नहीं समझा गया गजट कराना, गैर सरकारी कर्मी का बड़ा कारनामा**
- **योगी राज में भी बे-पटरी सहकारिता का सिस्टम, सचिवों की पोस्टिंग में हुई तगड़ी वसूली का आरोप**
- **उपायुक्त एवं एआरसीएस की भूमिका संदिग्ध, भाकियू ने उठाए सवाल**
- **आन लाइन रजिस्ट्रेशन में भी नियमों की हुई अनदेखी, सेटिंग से हुआ खेल, ताकते रह गए को-आपरेटर**
- **डीसीबी ने 11 समितियों का किया अनुमोदन, फ़िलहाल अन्य का मामला लटका**
- **ग्राम पंचायत स्तर की 28 समितियां गठित, शासन से 12 की और मिली सेंग्सन**
- **17 पुराने सचिवों पर होगी नई समितियों के सचिवों को कायदा सिखाने की जिम्मेवारी**

फतेहपुर। सहकार से समृद्धि योजनांतर्गत सहकारिता विभाग द्वारा कृषकों को और अधिक सहूलियतें मुहैय्या कराने के उद्देश्य से सूबे में कृषि ऋण समितियों की संख्या में इज़ाफ़ा किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस जनपद में भी 28 और बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों (बी.- पैक्स) का सृजन/गठन किया गया है। इन नवीन समितियों का उपायुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता प्रयागराज (प्रयागराज मण्डल) से बकायदा पंजीयन भी कराया गया है और इन नवीन समितियों ने व्यवसाय भी शुरू कर दिया है। वहीं पूर्व में अरबों की वित्तीय अनियमितताओं का साक्षी रहे सहकारिता विभाग इन समितियों के गठन से लेकर सचिवों की पोस्टिंग तक में तगड़े खेल की फितरत से बाज नहीं आ रहा है और नियम विरुद्ध ढंग से दूसरी समितियों के कर्मचारियों की सचिव पद पर पोस्टिंग करके बड़े खेल का ताना-बाना बुना जा रहा है। मोटी रकम देकर कुछ समितियों के दागी कर्मियों के परिजन भी मलाईदार सचिव की पोस्ट हथियाने में सफ़ल रहे हैं! फ़िलहाल इन नवीन समितियों में नए सचिवों को काम का ढंग सिखाने के लिए पुराने समितियों के सचिवों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया हैं। इन नवीन समितियों का कार्य क्षेत्र न्याय पंचायत स्तर का होगा।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार सूबे के आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता लखनऊ के निर्देश पर प्रदेश में नई कृषि ऋण समितियों (बी.-पैक्स) का सृजन/गठन किया जा रहा है, जिनमें न्याय पंचायत स्तर पर अठाईस समितियों का गठन हो गया है और बारह और निचले स्तर पर गठित करने की सेंग्सन शासन से मिल गई हैं। फतेहपुर जनपद में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मोहसिन जमील के कार्यालय से जिन 28 नवीन बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों (बी.-पैक्स) का आन-लाइन पंजीयन उपायुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता प्रयागराज मण्डल कार्यालय के स्तर से कराया गया है, उनमें बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. औंग, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. बैरागढ़ीवा, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि. (बी.-पैक्स) लि. गम्हरी, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. जरौली, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. ढ़कौली, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. लोहारी, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. चखेड़ी, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. मोहम्मदपुर कला, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. सनगांव, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. कँधिया, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. फर्शी, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. लतीफपुर, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. बनरसी, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. खूवाजगीपुर, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. महना, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. चित्तीसपुर, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. मकनपुर, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. असनी, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. मथैयापुर, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. छीछा, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. दपसौरा, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. मंडराव, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. कोटिया, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. अकबरपुर, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. नसीरपुर, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. बेंता, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. पहुंर एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी.-पैक्स) लि. बरवत शामिल हैं।

फ़िलहाल इन नवीन समितियों में नए सचिवों को काम का ढंग सिखाने के लिए पूर्व से संचालित समितियों के वरिष्ठ सचिवों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया हैं। कार्यालय सहायक आयुक्त आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता उ.प्र., फतेहपुर के कार्यालय से जारी पत्रांक- 148/06-सह /अधि./2025-26/दिनांक 08/05/2025 के अनुसार वरिष्ठ सचिव नेकपाल सिंह, पुत्तन सिंह, दिनेश सिंह, कृष्ण पाल सिंह, रामबरन, मृदुल तिवारी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, आदित्य सिंह, रवींद्र सिंह, राजीव सिंह, महेश प्रताप सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अंबोल सिंह, अरुण कुमार सिंह, राहुल कुमार, मुकेश तिवारी आदि को दो- दो, तीन-तीन नई समितियों की अतिरिक्त ज़िम्मेदारी सौंपी गई हैं। इन नवीन समितियों का कार्य क्षेत्र न्याय पंचायत स्तर का होगा।

ख़बर है कि स्थानीय ए.आर.सी.एस. कार्यालय ने इन नवीन बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों (बी.-पैक्स) में मुख्य प्रवर्तकों (व्यवस्थापक/कार्यवाहक अध्यक्ष) एवं सचिवों की नियुक्ति भी कर दी है और दूसरी तरफ ज़िला सहकारी बैंक की सम्बंधित शाखाओं में अधिकांश समितियों के खाते भी खुल गए हैं। ज्ञात हुआ है कि वरिष्ठ राजनीतिज्ञ प्रभुदत्त दीक्षित के नेतृत्व वाले ज़िला सहकारी बैंक बोर्ड ने इन नवीन बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों (बी.-पैक्स) में 11 को वित्तीय अनुमोदन भी दे दिया है, और बोर्ड की अगली बैठक में अवशेष 17 समितियों का भी अनुमोदन कराने के लिए कागज़ी खानापूरी की जा रही हैं!

उपरोक्त समितियों (बी.-पैक्स) के सृजन/गठन में सहकारिता विभाग के बदनाम चेहरों द्वारा जमकर खेल किये जाने की शिकायत सूबे के मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री एवं आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता उ.प्र. को भेजी गई है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का उपरोक्त समितियों के गठन बाबत आरोप है कि स्थानीय सहकारिता विभाग ने प्रयागराज मण्डल स्तरीय विभागीय अधिकारियों से सेटिंग करके गुप-चुप ढंग से पिछले दरवाज़े से नियम-कायदे को धता बताते हुए बगैर ग़जट करवाए इन समितियों का गठन कर लिया है, जिससे निकट भविष्य में किसानों का न सिर्फ़ शोषण होगा बल्कि वित्तीय अनियमितताओं की भी संभावना रहेगी।

कहा गया है कि इस बाबत स्थानीय एआरसीएस मोहसिन जमील की भूमिका पर गंभीर आरोप हैं, उन्होंने समितियों के गठन का काम विभाग के किसी सक्षम अधिकारी/कर्मचारी से न करवाकर एक गैर सरकारी कर्मचारी (अनिल वर्मा) के जिम्मे सौंपा, जिसने तगड़ा खेला कर दिया है। उपरोक्त गैर सरकारी कर्मी पर पहले से ही सहकारिता विभाग की व्यवस्था से व्यापक खिलवाड़ करने और विभागीय अधिकारियों आदि पर ब्लैक मेलिंग आदि के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। इसी गैर सरकारी कर्मचारी ने तगड़ी सेटिंग-गेटिंग करके बगैर कागज़ी कार्यवाही पूर्ण कराए नई समितियों का आन-लाइन रजिस्ट्रेशन कराया और बगैर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण किए मुख्य प्रवर्तक आदि नामित करवा दिये। सर्वाधिक गड़बड़ी इन नई नवेली समितियों में सचिवों की पोस्टिंग में होना बताया जाता हैं, जहां पर चोरी छिपे ढंग से विभिन्न आरोपों में घिरे दूसरी समितियों के कर्मचारियों आदि से मोटी रकम लेकर सचिव के पद पर उनकी पोस्टिंग कराई गई। आन-लाइन रजिस्ट्रेशन से लेकर मुख्य प्रवर्तकों और सचिवों की पोस्टिंग तक उपरोक्त गैर सरकारी कर्मचारी ने विनोद कुमार सिंह उपायुक्त एवं उपनिबंधक प्रयागराज मण्डल से लेकर मोहसिन जमील सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता (फतेहपुर) के नाम पर मोटी वसूली करने आदि आरोप लगाए गए हैं। उपरोक्त सन्दर्भ में विभागीय अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं, वहीं प्रशासनिक अधिकारी यह कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं कि यह मामला गैर सरकारी है? कुल मिलाकर एक बार फिर सहकारिता विभाग में चोर दरवाज़े से बड़ी गड़बड़ी की पटकथा लिखी जा रही है, जो योगी राज को न सिर्फ़ खुली चुनौती है बल्कि सहकारिता वालों की कुत्सित मानसिकता का द्योतक भी माना जा रहा है। प्रायः भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे रहे सहकारी सिस्टम को फिर से चरने के लिए रणनीति बनाई गई है, जिस पर तेज़ी से अमल जारी है!

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नक्सली दमन

नक्सली समस्या का देश में काफी पुराना इतिहास रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल पश्चिम बंगाल के जुझारू नेता चारु मजुमदार द्वारा शुरू यह मुहिम पहले तो स्थानीय जमींदारों द्वारा बेहद पिछड़े और वंचित समुदायों पर अत्याचार और उनके शोषण के खिलाफ थी। आगे यह हिंसक प्रतिरोध बनी व अन्य राज्यों में फैलने के साथ गंभीर समस्या बनी। विकास के विस्तार की गतिविधियों को इन समुदायों, विशेष रूप से आदिवासियों का हक छीनना माना गया जिसके बाद अपने समर्थन का आधार बढ़ाने को नक्सली इनके साथ जुड़े और सरकार बनाम नक्सलवाद का संघर्ष बन गया। यह आंध्र, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कुछ पनपा भी पर कुछ समय बाद इस पर काबू पा लिया गया। फिर भी छत्तीसगढ़ के अंदरूनी इलाकों में बेहद घनी बसी आदिवासी आबादी के बीच पैठ मजबूत कर नक्सली तत्व छोटी घटनाओं के अलावा एक ही हमले में कई लोगों की जानें लेते रहे। इनमें आम लोगों के साथ कई बड़े राजनीतिज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों को भी निशाना बनाया गया। पूर्व की सरकारों द्वारा इनके खिलाफ कार्रवाइयां तो हुईं पर तात्कालिक समस्या मानकर इनमें निरंतरता न बनाए रखने से नक्सलियों को मौके मिलते रहे व नई सिरे से रणनीति बनाकर उनके हमले भी जारी रहे। इच्छाशक्ति का अभाव इसके पीछे खास वजह थी। पिछले दो वर्षों के दौरान तस्वीर काफी बदल चुकी है। फंदा कसने के बाद नक्सली हमलों में कमी आई और अब उनका सफाया भी तेजी से हो रहा है। बड़े-बड़े खूंखार इनामी नक्सलियों से लेकर छोटे तक या तो मारे जा रहे हैं या सरेंडर कर रहे हैं। अब यह भी पता लगा है कि नक्सली गिरोह हथियारों के मामले में काफी आगे निकल चुके हैं। राज्य की तेलंगाना की सीमा से जुड़ी सीमा पर ऑपरेशन के दौरान उनके पास से अन्य हथियारों के अलावा पहली बार मेगा स्नाइपर भी बरामद हुए हैं। इस घातक हथियार की मारक क्षमता पांच सौ मीटर तक होती है। आश्चर्यचकित सुरक्षा बल यह जांच कर रहे हैं कि नक्सलियों ने इन्हें किस मदद से बनाया है। नक्सली उन्मूलन की दिशा में मिलती कामयाबियों का श्रेय गृह मंत्री अमित शाह को भी जाता है जिन्होंने इसकी लगातार निगरानी का जिम्मा संभाल रखा है।

## वर्षा की तैयारियां

हालांकि अभी आधी मई ही बीती है लेकिन दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के दक्षिणी भाग, निकोबार द्वीप समूह व अंडमान सागर के उत्तरी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। प्राथमिक वर्षा प्रणाली के एक जून की सामान्य तिथि से पूर्व 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग का मानना है कि मॉनसून यदि उम्मीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो 2009 के बाद से भारतीय भूमि पर इसका समय से पूर्व आगमन होगा। दक्षिण पश्चिम मॉनसून आमतौर पर एक जून तक केरल में प्रवेश करता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है। इस तरह कहा जा सकता है कि देश में मॉनसून की आमद की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अगर मौसम विभाग का अनुमान सटीक निकलता है, जैसा कि आजकल हो रहा है, तो पंद्रह-बीस दिनों के भीतर ही लोगों का बारिश के छींटों से सामना होने लगेगा। इस साल भविष्यवाणी के मुताबिक ही जिस तरह गर्मी कहर ढा रही है, उसे देखते हुए यह अनुमान काफी सुकून देता है कि जल्दी ही इस मुसीबत से छुटकारा मिल जाएगा। वर्षा ऋतु अन्य मामलों में भी काफी अहम है। जैसे कृषि क्षेत्र के लिए बहुत अहम है जो लगभग 42 फीसदी आबादी की जीविका का आधार है तथा देश के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में करीब 18 प्रतिशत का योगदान देता है। इसके अलावा पीने के पानी और विद्युत उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी अहम है। यानी तमाम मुसीबतें लाने के बाद भी वर्षा जल का अपना महत्व काफी अधिक है जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। ऐसे में जरूरत यह है कि वर्षा के स्वागत की तैयारी का मन बनाने के साथ ही इससे होने वाले नुकसान व क्षति से निपटने की तैयारी भी अभी से शुरू हो जाए ताकि आगे चलकर किसी विषम परिस्थिति में पछताने की नौबत न आने पाए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**राष्ट्रपति पर समयसीमा लगाना असंवैधानिक-मुर्मू**
बस, यही सब देखना सुनना बाकी रह गया था!

**भारत-पाक संघर्षविराम मैंने नहीं करवाया-ट्रंप**
बिहार चुनाव निपटने के बाद बोलते ये बात!

**पाक से केवल आतंकवाद पर बात-जयशंकर**
मतलब भेड़िये को मांसाहार पर घेरा जायेगा!

**ट्रंप उड़ाने लगे हैं अपने दोस्त नेतन्याहू की नींद**
नेतन्याहू भाई, जागते रहो, हमास अभी मरा नहीं!

**पाक समर्थक तुर्की से शैक्षिक संबंध नहीं-जेएनयू**
वैसे तुर्की के साथ कारोबारी रिश्ते जारी रहेंगे!

**बढ़ता पारा चैन के साथ नींद भी उड़ा रहा**
इसीलिए कहते हैं मुसीबत अकेले नहीं आती!

♦♦♦

# सीजफायर पर इतना घमासान क्यों?

पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डो को निशाना बनाते हुए भारत द्वारा की गयी सैन्य कार्रवाई बन्द हो जाने के बाद पूरे देश में बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी दल जहाँ सरकार पर हमलावर हैं वहीं सत्ता पक्ष के नेता ऑपरेशन सिन्दूर को सफल तथा सीजफायर को अस्थाई बता रहे हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने देश के




**- डॉ. दीपकुमार शुक्ल**

नाम अपने सम्बोधन में बताया कि भारत ने पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया जिसका उसे अन्दाजा भी नहीं था। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा था। प्रधानमन्त्री ने यह भी बताया कि पाकिस्तान दुनियां भर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद पाकिस्तानी सेना ने 10 मई की दोपहर हमारे डीजीएमओ को सम्पर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर तबाह कर चुके थे। पाकिस्तान की तरफ से जब यह कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधी और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जायेगा तो भारत ने भी उस पर विचार किया। प्रधानमन्त्री ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा कि हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिन्दूर अब भारत की नीति बन चुकी है। पाकिस्तान को चेतवानी देते हुए उन्होंने कहा है कि हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। रक्षामन्त्री राजनाथ सिंह ने भी प्रधानमन्त्री की बात दोहराते हुए पाकिस्तान को आगाह किया कि हिन्दुस्तान की धरती पर किया गया कोई भी आतंकी हमला एक्ट ऑफवार माना जायेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिन्दूर' के तहत भारतीय वायु सेना ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान तथा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कुल 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। जिसका उद्देश्य आतंकियों के लांचपैड तथा हथियारों के भण्डार को नेस्तानाबूद करना था। जो पूरी तरह सफल रहा। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्रवाई में जैश-ए-मुहम्मद का सरगना अब्दुल रऊफ अजहर सहित 100 से अधिक आतंकी मारे गये। अब्दुल रऊफ दिसम्बर 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट-814 के अपहरण तथा अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या में शामिल बताया जाता था। आतंकी अड्डों पर अचानक हुई इस बड़ी कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के कई सैन्य ठिकानों तथा रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश की। परन्तु भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने माकूल जवाब देते हुए सभी हमलों को चुटकियों में विफल कर दिया। पाकिस्तान द्वारा छोड़े गये सभी ड्रोन जहाँ हवा में ही नष्ट कर दिये गये वहीं उसका एयर बेस सिस्टम भी ध्वस्त कर दिया गया। इस ऑपरेशन में जिन नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें चार पाकिस्तान में तथा पांच पाक अधिकृत कश्मीर में स्थित थे। इन्हें लश्कर, जैश-ए-मुहम्मद तथा हिजबुल मुजाहिदीन जैसे भारत विरोधी आतंकी संगठनों के ठिकानों के रूप में चिन्हित किया गया था। अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुरीदके में स्थित लश्कर मुख्यालय का नाम 'मरकज तैयबा' था। 26/11 के आतंकी अजमल कसाब तथा डेविड हेडली आदि ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किमी दूर बहावलपुर में स्थित जैश-ए-मुहम्मद के मुख्यालय का नाम 'मस्जिद/ मरकज सुभान अल्लाह' था। यह आतंकियों की भर्ती, प्रशिक्षण तथा उन्हें कट्टर बनाने का केन्द्र था। अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 12 किमी दूर सियालकोट में स्थित 'मेहमूना जोया' नाम का आतंकी अड्डा हिजबुल मुजाहिदीन का बड़ा शिविर तथा कठुआ जम्मू क्षेत्र का नियंत्रण केन्द्र बताया गया। जनवरी 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले की योजना बनाने तथा उस पर निगरानी रखने का काम यहीं से हुआ था। सियालकोट में ही अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 6 किमी दूर जैश-ए-मुहम्मद का सरजाल नामक केन्द्र था। मार्च 2025 में जम्मू कश्मीर के चार पुलिस कर्मियों की हत्या करने वाले आतंकवादियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के पांच आतंकी अड्डों में 'सवाई/शवाई नाला' नामक लश्कर का प्रशिक्षण केन्द्र नियंत्रण रेखा से लगभग 30 किमी दूर मुजफ्फराबाद में स्थित था। मुजफ्फराबाद में ही 'सैयदना बिलाल' नाम से जैश-ए-मुहम्मद का प्रशिक्षण केन्द्र संचालित था। जहाँ हथियार, विस्फोटक तथा जंगल में जीवित रहने का प्रशिक्षण दिया जाता था। वहीं नियंत्रण रेखा से लगभग 30 किमी दूर कोटली में राजौरी-पूंछ क्षेत्र में सक्रिय लश्कर आतंकियों का प्रशिक्षण केन्द्र था। जिसका नाम गुलपुर था। अप्रैल 2023 में पूंछ में तथा जून 2024 में हिन्दू तीर्थयात्रियों की बस पर हमला करने वाले आतंकियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। कोटली में ही नियंत्रण रेखा से लगभग 13 किमी दूर लश्कर के अब्बास नामक अड्डे में फिदायीन अर्थात



आत्मघाती हमले का प्रशिक्षण दिया जाता था। नियंत्रण रेखा से लगभग 9 किमी दूर भीम्बेर में बरनाला नाम से लश्कर का आतंकी अड्डा था। जिसमें हथियार, आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) तथा जंगल में जीवित रहने की ट्रेनिग दी जाती थी। इन सभी आतंकी अड्डों की तबाही ने निश्चित ही भारत विरोधी आतंकियों की कमर तोड़ने का काम किया है। इसे आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई को बहुत बड़ी सफलता के रूप में देखा जाना चाहिए। लेकिन भारत की एक बड़ी आबादी ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान के टुकड़े होते हुए देखना चाहती थी। लोगों का यह विचार था कि अब यह कार्रवाई पाक अधिकृत कश्मीर की भारत में वापसी तथा बलूचिस्तान की आजादी के बाद ही रुकनी चाहिए। परन्तु अचानक घोषित हुए सीजफायर ने सबकी आशाओं पर पानी फेर दिया। उसमें भी सीजफायर का ऐलान भारत और पाकिस्तान से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा किये जाने से आम जन का आश्चर्यचकित होना स्वाभाविक है। अब प्रश्न यह उठता है कि आतंकी अड्डों पर कार्रवाई शुरू करते ही जब भारत सरकार ने बड़ी प्रतिबद्धतापूर्वक स्पष्ट कर दिया था कि हम सिर्फ और सिर्फ आंतकवादियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रहे हैंद्य। इसमें न तो पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला किया जायेगा और न ही वहां के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया जायेगा। तब फिर भारत की एक बड़ी आबादी के मन में बलूचिस्तान की आजादी तथा पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जे की भ्रान्ति ने कैसे और क्यों जन्म लिया? इसके राजनीतिक निहितार्थ भले ही तलाशे जा रहे हों। परन्तु कारण यह हो सकता है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आलोचना झेल रही सरकार ने 6 मई तक सेना को पर्याप्त होमवर्क करने के बाद सैन्य कार्रवाई की इजाजत दी थी। जिसका परिणाम पूरी तरह सकारात्मक रहा और पाकिस्तान तथा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी अड्डों को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सका। तदोपरान्त पाकिस्तान की ओर से की गयी जवाबी कार्यवाही को भी भारतीय जवानो ने विफल कर दिया। ऐसे में भारत की एक बड़ी आबादी को यह आभास होना स्वाभाविक था कि हम पाकिस्तान पर भारी हैं। अतः लगे हाथ पाक अधिकृत कश्मीर को मुक्त तथा बलूचिस्तान को आजाद करवाकार समस्या को हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त कर देना चाहिए। जबकि सरकार तथा सेना का उद्देश्य 7 मई को ही पूरा हो गया था। अतः कार्रवाई को रोकना मुनासिब लगा और हुआ भी यही। ऐसे में आम जन में असन्तोष फैल गया।

## प्रेमचंद की कहानियां



### जुलूस

मिट्ठी इस वक्त मुझे दिल में कितना कायर और नीच समझ रही होगी? शायद इस वक्त मुझे कोई मार डाले, तो वह जबान भी न खोलेगी। शायद मन में प्रसन्न होगी कि अच्छा हुआ। अभी कोई जाकर साहब से कह दे कि बीरबल सिंह की स्त्री जुलूस में निकली थी, तो कहीं का न रहूं। मिट्ठी जानती है, समझती है, फिर भी निकल खड़ी हुई। मुझसे पूछा तक नहीं। कोई फिक्र नहीं है न, जभी ये बातें समझती हैं, यहां सभी बेफिक्र हैं, कॉलेजों और स्कूलों के लड़के, मजदूर पेशेवर इन्हें क्या चिंता ? मरन तो हम लोगों की है, जिनके बाल-बच्चे हैं और कुल-मर्यादा का ध्यान है। सबकी सब मेरी तरफ कैसे घूर रही थीं, मानो खा जायेंगी।

जुलूस शहर को मुख्य सडकों से गुजरता हुआ चला जा रहा था। दोनों ओर डों पर छज्जों पर, जंगलों पर, वृक्षों पर, दर्शकों की दीवारें-सी खड़ी थी। बरबल सिंह को आज उनके चेहरों पर एक नयी स्फूर्ति, एक नया उत्साह, एक स्या गर्व झलकता हुआ मालूम होता था। स्फूर्ति थी वृक्षों के चेहरे पर, उत्साह युवकों के और गर्व रमणियों के। यह स्वराज्य के पथ पर चलने का उल्लास था। अब उनको यात्रा का लक्ष्य अज्ञात न था, पथभ्रष्टों की भांति इधर-उधर भटकना न था, दलितों की भांति सिर झुका कर रोना न था। स्वाधीनता का सुनहला शिखर बदर आकाश में चमक रहा था। ऐसा जान पड़ता था कि लोगों को बीच के नालों और जंगलों की परवाह नहीं है। सब उस सुनहले लक्ष्य पर पहुंचने के लिए उत्सुक हो रहे हैं।

ग्यारह बजते-बजते जुलूस नदी के किनारे जा पहुंचा, जनाजा उतारा गया और लोग शव को गंगा-स्नान कराने के लिए चले। उसके शीतल, शांत, पीले मस्तक पर लाठी की चोट साफ नजर आ रही थी। रक्त जम कर काला हो गया था। सिर के बड़े-बड़े बाल खून जम जाने से किसी चित्रकार की तूलिका की भांति चिमट गये थे। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।**
**द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# भारत की आधुनिक युद्ध पद्धति में निर्णायक जीत

7 मई, 2025 की सुबह ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से भारत के निपटने के तरीके में बड़े बदलाव को स्थापित कर दिया। यह केवल सैन्य अभियान-भर नहीं था, बल्कि दुनिया को साफ तौर पर संदेश था कि भारत सीमा पार हमलों पर अब चुप नहीं बैठेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में एक नेपाली नागरिक

**- टॉम कूपर, जॉन स्पेंसर**

सहित 26 निर्दोष लोगों के मारे जाने के ठीक दो हफ्ते बाद इस अभियान को अंजाम दिया गया। पहलगाम आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था और आक्रोश और गुस्से में भरे लोग दुख में एकजुट हो गये थे। भारत सरकार ने अब बहुत हो गया की सोच के साथ तुरंत और दृढ़ता से आतंकी हमले के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की।

विचारपूर्वक की गई जवाबी कार्रवाई में, भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज़्बुल मुजाहिदीन के नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। ये आतंकी शिविर मुजफ्फराबाद में सवाई नाला कैंप और सैयदना बिलाल कैंप, कोटली में गुलपुर कैंप और अब्बास कैंप, भीमबेर में बरनाला कैंप, सियालकोट में सरजल कैंप और महमूना जोया कैंप, मुरीदके में मरकज तैयबा कैंप और बहावलपुर में मरकज सुभानल्लाह थे। भारत के इस अभियान का टॉम कूपर, जॉन स्पेंसर और जेनिफर ज़ेंग जैसे प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों ने विस्तृत मूल्यांकन किया है, जिसमें भारत की सफलता के रणनीतिक और सामरिक तत्वों को रेखांकित किया गया है। ऑस्ट्रियाई सैन्य इतिहासकार टॉम कूपर ने भारत के वायु सेना अभियान को जीत की स्पष्ट वजह बताया है। कूपर ने कहा है कि पाकिस्तान की विश्वसनीय कार्रवाई अक्षमता से भारत की रणनीतिक प्रभावशीलता परिलक्षित होती है।

उन्होंने कहा, इस मामले में भारत की स्पष्ट जीत हुई है और कोई हैरत नहीं कि पाकिस्तान ने 'युद्धविराम' के लिए क्यों 'आवाज़' लगानी शुरू की।

कूपर ने अपने तर्क के समर्थन में पाकिस्तान की प्रतिरोधी रणनीतिक विफलता का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई और परमाणु हमले की धमकी देने की रणनीति विफल रही, क्योंकि भारत ने जोरदार जवाबी हमला किया और पाकिस्तानी कदम के जवाब में हमला और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि लड़ाई इसलिए थमी कि पाकिस्तान ने भारी नुकसान उठाने के बाद युद्ध विराम का आग्रह करना शुरू कर दिया। कूपर ने विचार व्यक्त किया कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला संभवतः उसके गोला-बारूद के अपर्याप्त भंडार और नष्ट होते यूएवी के कारण हुआ।

मॉडर्न वारफेयर इंस्टीट्यूट-अर्बन वॉरफेयर स्टडीज़ के अध्यक्ष जॉन स्पेंसर ने रणनीतिक संयम और दृढ़तापूर्ण भारतीय रुख की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की चेतावनी भरी लाल रेखाओं को फिर से परिभाषित कर दिया कि पाकिस्तान की भूमि से उस पर किया जाने वाला कोई भी आतंकवादी हमला युद्ध माना जाएगा। स्पेंसर ने अपनी टिप्पणी में कहा कि भारत ने प्रचंड जवाबी हमला किया लेकिन इसे युद्ध में बदलने से पहले ही रोक दिया। यह उल्लेखनीय प्रतिरोधक प्रदर्शन है, जो नपा-तुला, नियंत्रित और विश्वसनीय रहा। जॉन स्पेंसर ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की बड़ी जीत बताया। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि भारत ने सिफ़ 'चार दिनों की विचारपूर्ण सैन्य कार्रवाई में अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल कर लिए, बल्कि उससे भी ज्यादा प्राप्त कर लिया। स्पेंसर इसे निर्णायक शक्ति और उसे स्पष्ट तौर पर लागू किये जाने के प्रयोग के रूप में देखते हैं, न कि सिर्फ प्रतीकात्मक बल के रूप में। स्पेंसर ने कई प्रमुख रणनीतिक प्रभावों का उल्लेख किया है, जो भारत की जीत को प्रदर्शित करते हैं। एक नई रणनीतिक चेतावनी जारी और लागू कर दी गई



कि अब पाकिस्तानी धरती से होने वाले आतंकी हमलों का मुकाबला सैन्य बल से किया जाएगा, एक मिसाल है। सैन्य श्रेष्ठता प्रदर्शन- भारत ने पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता दिखा दी, जिसमें आतंकी ठिकाने, ड्रोन समन्वय केंद्र और हवाईअड्डे शामिल रहे। इसके विपरीत, पाकिस्तान भारत के अंदर किसी भी सुरक्षित क्षेत्र में घुसने में विफल रहा। स्पेंसर ने इसे बड़ी रणनीतिक श्रेष्ठता और वास्तविक प्रतिरोधक क्षमता बताया। प्रतिरोधक बहाली- शक्तिशाली जवाबी कार्रवाई करने लेकिन पूर्ण युद्ध में बदलने से पहले ही संघर्ष को रोककर भारत ने अपने युद्ध नियंत्रण इच्छा और क्षमता का स्पष्ट संकेत दिया, जिससे प्रतिरोधक बहाल हुआ। रणनीतिक स्वतंत्रता- भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता के बिना ही संघर्ष का बेहतर प्रबंधन कर अपनी संप्रभु शर्तों पर सिद्धांतों को लागू किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रेस एसोसिएशन की सदस्य जेनिफर ज़ेंग ने भी भारत के रणनीतिक हमलों और पाकिस्तान की हार का विस्तृत विवरण साझा करते हुए कहा है कि भारत ने सटीक और शक्तिशाली हमले कर पाकिस्तान के आतंकी शिविर, वायु रक्षा प्रणाली और प्रमुख सैन्य ठिकाने नष्ट किए। पाकिस्तान का नुकसान जैसे-जैसे बढ़ता गया, उसके जवाबी हमले के प्रयास बार-बार विफल होते गए और वहां का नेतृत्व हताश हो गया और उसने अमरीका और सऊदी अरब का रुख कर पूर्ण सैन्य हार से बचने के लिए कूटनीतिक मदद की गुहार लगाई। उनके लेख में उन घटनाओं को समयबद्ध चरण में दिखाया गया है कि पाकिस्तानी सेना को युद्धविराम की गुहार क्यों लगानी पड़ी। 7 मई - भारत ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित आतंकी शिविरों को निशाना बनाते हुए राफेल जेट और ब्रह्मोस मिसाइलों से बड़े स्तर पर हवाई हमले किये, जिससे पाकिस्तान के छद्म नेटवर्क को गहरा झटका लगा। 8 मई- भारत के सटीक हमलों ने लाहौर में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली एचक्यू-16 को नष्ट कर दिया। भारतीय हमलों से पाकिस्तान की विदेशी सैन्य प्रौद्योगिकी पर निर्भरता उजागर हो गई। 9 मई भारतीय सेना ने नूर खान और रफीकी सहित प्रमुख हवाई ठिकानों पर बमबारी की, जिससे पाकिस्तान की हवाई क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई। ड्रोन, मिसाइलों और जेट से पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई को भारत के एस-400 ट्रायम्फ और अन्य रक्षा प्रणालियों ने रोक दिया। भारत ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार और उसे हुए नुकसान के फर्जी दावे को भी खारिज कर दिया।

## प्रेरक प्रसंग

### पिता की सीख

एक सेठ थे। उन्होंने अपने जीवन में खूब कमाई की। बाद में मोह-माया से उनका मन हट गया। वह ईश्वर की उपासना करने लगे। एक दिन एक आदमी उनके पास आया। बोलो, देखिये, मेरे पिता और आपके पिता बड़े मित्र थे। आपके पिता ने मेरे पिता की बड़ी मदद की उससे हमारा कारोबार जमा और हमें बहुत से धन की प्राप्ति हुई।

आज भी भगवान की कृपा और आपके आशीर्वाद से हमारा व्यापार बहुत अच्छी तरह से चल रहा है'।

सेठ का उस दिन मौन था। वह चुपचाप उनकी बात सुनते रहे।

अंत में वह भाई बोले, आपके पिता का ऋण तो क्या चुका सकते हैं! लेकिन लीजिये, ये कुछ मोहरे आपकी भेंट हैं। इतना कहकर उन्होंने मोहरों की एक थौली निकाली और उनके सामने रखकर चले गये।

जब सेठ का मौन समाप्त हुआ तो उन्होंने अपने लड़के को बुलाया और कहा, जाओ, यह थैली उस आदमी को लौटा आओ।

पिता से उस आदमी ने जो कहा था, वह बेटे ने सुना था। वह बोला, आप यह थैली क्यों वापस करवाते हैं ? वह बिना मांगे दे गये हैं। ये मोहरें हमारे काम आ जायेंगी। आखिर हमारे भी तो बाल-बच्चे हैं।

पिता यह सुनकर गंभीर हो गये, उन्होंने कहा, जिस चीज से मैंने मुंह मोड़ लिया है, तुम चाहते हो कि मैं उसी चक्कर में पडूं और तुम लोगों को डालूं ? यह मुझसे नहीं होगा। मैं तो बस इतना चाहता हूं कि मेरे जीवन के बचे दिन भगवद्-भक्ति में बीतें और तुम लोग अपनी मेहनत की कमाई पर आगे बढ़ो।

इतना कहते-कहते पिता की आंखों से आंसू टपकने लगे। बेटे ने फिर कुछ नहीं कहा। वह दौड़ा हुआ गया और थैली लौटा आया।

## आपका पत्र मिला

### देश प्रेमी मुस्लिम योद्धा

हालिया भारत पाक संघर्ष में कर्नल सोफिया कुरैशी का नाम काफी प्रमुखता से आया। वे पाक पर हमला करने वाले सेनानियों में अग्रगण्य रहीं। उनका नाम तब और प्रचारित हुआ, जब मध्यप्रदेश के एक भाजपाई मंत्री ने बदजुबानी करते हुए उन्हें पाकिस्तानियों और आतंकियों की बहन कह डाला। खैर! इससे देश में उनके सम्मान में कोई फर्क नहीं पड़ा और मंत्री की ही थू थू हुई। हम अतीत में जब झॉकते हैं,तो पाते हैं कि मातृभूमि के लिये लड़ने वाले और भी मुस्लिम योद्धा हुए हैं। 12 वीं शताब्दी में आह्ला ऊदल नामक प्रसिद्ध योद्धावों की सेना के साथ सहयोग करके लड़ने वाले ताला सैयद नाम के एक वीर सेनानी हुए हैं,जो बनारस के सरदार कहे जाते थे। कम मशहूर मुस्लिम सिपाही भी थे, क्योंकि जगनिक के आह्लखण्ड में भीषण युद्ध के वर्णन में एक पंक्ति आती है, अल्ला अल्ला करैं मुसल्ला हिंदू गंगा रहे मनाय।आगे चलकर महाराणा प्रताप की सेना के मुखिया कोई हिंदू न होकर मुस्लिम ही थे। हकीम खॉ नाम के इस महान् सेनापति से अकबर की फौज़ बहुत खौफ खाती थी। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अजीमुल्ला खॉ,शमशुद्दीन खॉ और अजीजन बाई के नाम सदा बड़े आदर से लिये जायॅग।ये नाना राव पेशवा के सहयोगी थे। पश्चात्वर्ती स्वतंत्रता संग्राम में तो न जाने कितने मुसलमान लड़े और मारे गये। काकोरी काण्ड के अशफाक उल्ला, नेता जी सुभाष चंद्र बोस के निजी सचिव जय हिंद,का नारा देने वाले आबिद हसन, कर्नल हबीबुर्रहमान, एहसान कदिर, शाहनवाज़ खॉ आदि अनेक नाम हैं।1965 में पाक से हुए युद्ध मे अब्दुल हमीद का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा है,जिन्होंने खेमकरन सेक्टर में लड़ते हुए पाक के कई टैंक तोड़े और वीरगति को प्राप्त हुए। उन्हें मरणोपरात परमवीर चक्र प्रदान किया गया। ये नमूने मात्र हैं। फेहरिस्त लम्बी है। देश भक्त हर सम्प्रदाय में हुए हैं। सम्प्रदाय विशेष को शक की नज़र से देखना न्याय नहीं होगा।

**रघोत्तम शुक्ल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# बच्चों को बीमार कर सकती है नाखून चबाने की आदत

*नाखून चबाने की आदत अक्सर बच्चों में पाई जाती है। यह आदत पहले तो मामूली लग सकती है, लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए कई तरह के नुकसान का कारण बन सकती है। बच्चों के लिए यह आदत न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी हानिकारक हो सकती है। आइए जानते हैं कि बच्चों के नाखून चबाने की आदत से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं और डॉक्टर इस बारे में क्या सलाह देते हैं।*

**दांतों और मसूड़ों पर असर**

नाखून चबाने से बच्चों के दांतों और मसूड़ों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इस आदत से दांतों की संरचना बिगड़ सकती है, जिससे दांतों में असंतुलन, दांतों का टेढ़ा होना या मसूड़ों में सूजन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इससे बच्चों को दांतों की समस्याएँ बढ़ सकती हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए दंत चिकित्सक की मदद की जरूरत पड़ सकती है।

**इंफेक्शन का खतरा**

नाखून चबाने से बच्चों के हाथों से बैक्टीरिया मुंह में जा सकते हैं। यदि बच्चे अपनी उंगलियों को मुंह में डालते हैं और नाखून चबाते हैं, तो यह बैक्टीरिया उनके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं और विभिन्न प्रकार के इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं। इससे गले में इंफेक्शन, मौखिक रोग, या पेट में समस्याएँ हो सकती हैं। खासकर अगर बच्चा गंदे हाथों से नाखून चबाता है तो यह और भी खतरनाक हो सकता है।

**पाचन तंत्र पर प्रभाव**

नाखून चबाने से कुछ बच्चे नाखूनों को निगलने की भी आदत डाल सकते हैं। यदि यह नाखून अंदर पेट में चले जाते हैं, तो यह पाचन तंत्र में अड़चन पैदा कर सकते हैं। इससे पेट की समस्याएँ, जैसे गैस, कब्ज, या आंतों की समस्याएँ हो सकती हैं।

**मानसिक तनाव और चिंता**

नाखून चबाना कभी-कभी मानसिक तनाव या चिंता का संकेत भी हो सकता है। कई बार बच्चे तब नाखून चबाते हैं जब वे किसी समस्या या चिंता से जूझ रहे होते हैं। यदि यह आदत लगातार बनी रहती है, तो यह मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का संकेत हो सकता है। ऐसे में बच्चे को मानसिक शांति और समर्थन की आवश्यकता होती है, ताकि वह इस आदत से छुटकारा पा सके।

**कैसे छुड़ाएं बच्चों की नाखून चबाने की आदत**

1. बच्चों को नाखून चबाने से रोकने के लिए सबसे पहले माता-पिता को सकारात्मक वातावरण और प्यार देना चाहिए। बच्चों को समझाना और शांतिपूर्वक बताना कि यह आदत कितनी हानिकारक हो सकती है, उनके लिए सहायक हो सकता है।
2. यदि बच्चे की नाखून चबाने की आदत मानसिक तनाव या चिंता के कारण हो रही है, तो एक अच्छे मनोचिकित्सक से सलाह लेना चाहिए। बच्चे को मानसिक शांति देने के लिए ध्यान, योग, और अन्य तरीके अपनाए जा सकते हैं।
3. बच्चों को हमेशा साफ हाथों से भोजन करना और मुंह की सफाई पर ध्यान देने की सलाह दें। साथ ही, बच्चों के नाखूनों की सफाई और नियमित काटने का ध्यान रखें।
4. बच्चों को अन्य गतिविधियों में व्यस्त रखना भी उनकी नाखून चबाने की आदत को कम कर सकता है। जैसे कि खेलकूद, चित्रकला, संगीत आदि।

नाखून चबाना बच्चों की एक आम आदत हो सकती है, लेकिन यह उनके स्वास्थ्य के लिए कई प्रकार से हानिकारक हो सकता है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए माता-पिता को बच्चे को समझाना और डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए।

# गर्मी में शिशुओं को हीट रैश से कैसे बचाएं

गर्मी का मौसम आते ही बच्चों की देखभाल में विशेष ध्यान देना जरूरी हो जाता है, खासकर शिशुओं की। छोटे बच्चों की त्वचा बहुत नाजुक और संवेदनशील होती है, इसलिए गर्मी में उन्हें हीट रैश यानी घमौरियों की समस्या जल्दी हो जाती है। हीट रैश की वजह से शिशुओं की स्किन पर लाल धब्बे, जलन, खुजली और छाले हो सकते हैं, जिससे उन्हें बहुत असहज महसूस होता है। पेरेंट्स के लिए यह समझना मुश्किल हो सकता है कि बच्चा क्यों परेशान है। लेकिन घबराने की ज़रूरत नहीं, आप कुछ सरल घरेलू उपाय अपनाकर अपने शिशु को इस गर्मी में हीट रैश से बचा सकते हैं।

**शिशु की त्वचा को सूखा रखें**-गर्मी में पसीना और नमी ही हीट रैश का सबसे बड़ा कारण होते हैं। इसलिए कोशिश करें कि शिशु की त्वचा हमेशा सूखी रहे। अगर पसीना आए, तो साफ और मुलायम सूती कपड़े से हल्के हाथों से पोंछें। शिशु को हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनाएं, जिससे हवा आसानी से अंदर जा सके। तंग या सिंथेटिक कपड़े बिलकुल न पहनाएं।

**शिशु को ठंडा रखें**- शिशु का शरीर गर्मी में जल्दी ओवरहीट हो सकता है। इसे रोकने के लिए, शिशु को पंखे या एसी वाले ठंडे और हवादार कमरे में रखें। सीधी धूप से बचाएं और बाहर ले जाते समय पूरी तैयारी करें। ऐसे कपड़े पहनाएं जो शरीर को ठंडा रखें और पसीना सोख सकें।

**डायपर समय-समय पर बदलें**-गर्मी में डायपर की नमी से रैशेज होने की संभावना ज्यादा होती है। समय-समय पर डायपर बदलें और शिशु को थोड़ा समय डायपर फ्री रखें। हर बार डायपर बदलने पर त्वचा को साफ और सूखा करें।

# बेटी को जरूर बताएं ये खास बातें



**मासिक धर्म की पूरी जानकारी**

कई बार पेरेंट्स को इन बातों को बताने में झिझक होती है, लेकिन यह जानना जरूरी है कि इन्हें समय रहते बताना जरूरी है ताकि बाद में कोई असहजता न हो और बेटी को इन विषयों की पूरी जानकारी मिल सके। 15 साल की उम्र में बेटी मासिक धर्म को समझने के लिए तैयार हो जाती है। उसे यह बताना बहुत जरूरी है कि पीरियड्स क्यों आते हैं, इस दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं। इसके साथ ही उसे यह भी समझाना चाहिए कि यह एक सामान्य और प्राकृतिक प्रक्रिया है, और यह उसकी सेहत के लिए जरूरी है। इस बारे में उसे स्वच्छता और व्यक्तिगत देखभाल के उपाय भी सिखाने चाहिए।

**किशोरावस्था के बदलाव**

किशोरावस्था के दौरान शारीरिक और मानसिक बदलाव होते हैं, जिन्हें समझने में लड़कियां खुद से दिक्कत महसूस कर सकती हैं। इसलिए बेटी को इस उम्र में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों के बारे में जानकारी देना जरूरी है। उन्हें यह समझाना कि इन बदलावों के साथ बढ़ते हुए आत्म-सम्मान और जिम्मेदारी को भी समझे। इस समय में उसका मूड स्विंग होना, शारीरिक बदलावों से परेशान होना सामान्य है।

गुड टच और बैड टच की समझ

यह समय होता है जब बेटी को गुड टच (अच्छा छूना) और बैड टच (खराब छूना) की पहचान सिखानी चाहिए। यह सबसे उपयुक्त उम्र है जब आप उसे यह जानकारी दें कि क्या व्यवहार सही है और क्या नहीं। इसे समझना लड़की के लिए सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इस बारे में उसे यह भी समझाना चाहिए कि अगर कभी भी उसे किसी से असहज महसूस हो, तो उसे तुरंत पेरेंट्स से बात करनी चाहिए।

**किशोरावस्था के बदलाव दूसरों के शब्दों को समझना**

बेटी को यह सिखाना जरूरी है कि वह सामने वाले व्यक्ति के शब्दों और शरीर के हाव-भाव से समझ सके कि उनका इरादा क्या हो सकता है। यह उसे समाज में सुरक्षित रहने और सही निर्णय लेने में मदद करेगा। साथ ही, उसे यह भी बताएं कि किसी के शब्दों को लेकर भावनाओं को ज़्यादा तवज्जो ना दें, बल्कि उन्हें अपनी खुद की सोच और आत्मविश्वास से परखें।

**अनजान लोगों से बात करने का तरीका**

अब जब आपकी बेटी 15 साल की हो गई है, तो उसे यह सिखाना जरूरी है कि अनजान लोगों से कैसे बात करनी चाहिए। इससे उसकी संवाद क्षमता बेहतर होगी और यह उसे भविष्य में करियर बनाने में भी मदद करेगा। उसे यह भी समझाना चाहिए कि कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत विवरण नहीं देने चाहिए, जैसे घर का पता, स्कूल का नाम आदि।

**ऑनलाइन सुरक्षा और सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल**

आजकल के डिजिटल युग में ऑनलाइन सुरक्षा पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है।

15 साल की बेटी को यह सिखाएं कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत जानकारी का शेयर करना गलत हो सकता है। उसे यह बताएं कि ऑनलाइन लोगों से बातचीत में हमेशा सतर्क रहना चाहिए, और किसी भी तरह के असामान्य संदेश या कृत्यों को इग्नोर करना चाहिए।

**जीवन में लक्ष्य और करियर के बारे में सोचने की अहमियत**

जब आपकी बेटी 15 साल की हो जाती है, तो यह समय है उसे अपने भविष्य के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करने का।

उसे यह सिखाएं कि अपने लक्ष्यों को निर्धारित करना और उन तक पहुंचने के लिए कठिन मेहनत करना कितना जरूरी है। यह उसे आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। उसे यह समझाएं कि जीवन में एक उद्देश्य होना चाहिए, और उस उद्देश्य की दिशा में हर दिन कुछ कदम बढ़ाने चाहिए।

**पैसे का महत्व**

बेटी को यह सिखाना कि पैसे का महत्व क्या है और उसे कैसे सही तरीके से खर्च करना चाहिए, यह भी बहुत जरूरी है।

इस उम्र में उसे अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं के बीच अंतर करना चाहिए और बचत के महत्व को समझाना चाहिए। यह उसे भविष्य में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

## युवा चित्रकार

**कहानी**

गौतम एक बहुत ही मशहूर युवा कलाकार था, जो अपने चित्रों में जीवन की सुंदरता को उकेरता था। लेकिन एक दुर्घटना में उसने अपना दायाँ हाथ खो दिया। जिससे वह चित्रकारी करता था, इस घटना से वह बहुत दुखी हुआ और उसे लगा कि उसका जीवन अब बेकार हो गया है। उसने चित्र बनाना बंद कर दिया और खुद को अकेला कर लिया। लेकिन, एक दिन उसकी मुलाकात एक दृष्टिहीन व्यक्ति से हुई, जो बहुत खुश रहता था। उस व्यक्ति ने गौतम से कहा, मेरी आँखों में रोशनी नहीं है। लेकिन, मैं अपने दिल की आँखों से दुनिया देखता हूँ। हर व्यक्ति के जीवन में एक दीपक होता है जो मुश्किलों में भी रास्ता दिखाता है।

उस व्यक्ति की बातों ने गौतम के अंदर प्रेरणा भर दी। उसने अपने घर पर आकर सोचा कि मेरे पास अभी क्या हैं। गहराई से सोचने के बाद उसने पाया की उसका बायाँ हाथ अभी सही सलामत हैं। जिसको ट्रेंड करने की जरूरत हैं। उस दिन से गौतम ने अपने बाएं हाथ से चित्रकारी करना शुरू कर दिया। उसने कड़ी मेहनत और लगन से अपने बाएं हाथ को इस प्रकार से ट्रेंड किया कि उसकी चित्रकारी पहले से भी अच्छी हो गई।

उसी साल उस शहर में एक सबसे बड़ी चित्रकारी प्रतियोगिता हुई। जिसमें देश-विदेश से बहुत बड़े-बड़े मशहूर चित्रकार भी आएं। उस प्रतियोगिता में गौतम भी गया था। जिसे देख उसके अन्य चित्रकार दोस्तों ने बोला-यह होता हैं चित्रकारी से लगाव, मेरे दोस्त के पास हाँथ नहीं हैं जो चित्रकारी करना भी छोड़ चुका हैं। इस समारोह में हम लोगों का हौसला बढ़ाने के लिए आया हैं। यह बहुत बड़ी बात हैं। गौतम ने अपने दोस्तों को जबाव दिया, मैं आप लोगों का हौसला बढ़ाने नहीं आया हूँ। आप लोगों से मेरा मुक़ाबला हैं। आओ देखते हैं किसमें हैं कितना दम।

उस प्रतियोगिता में गौतम ने प्रथम स्थान हासिल किया और सबको यह बता दिया कि एक रास्ता बंद हो गया तो क्या हुआ। खोजों तो सही, हजारों रास्ते मिलेंगे। इस प्रकार गौतम पहले से और अधिक लोकप्रिय हो गया जिसके कारण उसे बहुत सारे चित्रकारी करने का ऑर्डर मिलने लगा। देखते-देखते वह अपने गाँव का एक बहुत मशहूर चित्रकार बन गया।

**कहानी से शिक्षा :** जीवन में मुश्किलें आती हैं, लेकिन हमारी उम्मीद और संकल्प हमें फिर से खड़ा होने की शक्ति देते हैं।



# बच्चों को नाश्ते में बनाकर दें ये खास पराठा

अक्सर पैरेंट्स को समझ नहीं आता है कि बच्चों को क्या खिलाएं ताकि वो हेल्दी रहें। बच्चें भी खाने में बहुत ज्यादा आनकानी करते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप खाने में ऐसी चीजें बनाकर दें जो खाने में हेल्दी होने के साथ टेस्टी हो। हम आपको ऐसे ही एक डिश के बारे में बताने जा रहे हैं। एवोकाडो पराठा। ये इतना टेस्टी होता है कि बच्चों का एक से मन से भरेगा।



**एवोकाडो खाने के फायदे :** रिपोर्ट्स की मानें तो बच्चों के लिए एवोकाडो बहुत फायदेमंद है। इनसे उन्हें भरपूर मात्रा में एनर्जी मिलती है। 6 महीने से बड़े शिशु को आप प्यूरी के रूप में एवोकाडो दे सकते हैं। इसमें मौजूद पॉलीअनसैचुरेटिड फैट बच्चों का बेहतर विकास करता है और इससे याद्दाशत भी तेज होती है। इसके अलावा एवोकाडो में मौजूद फाइबर से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और पाचन तंत्र भी मजबूत रहता है। अगर आपके बच्चे को खून की कमी है या वो बहुत दुबला- पतला है तब ये उन्हें एवोकाडो पराठा जरूर खिलाएं। आइए आपको बताते हैं इसकी **रेसिपी-**

**सामग्री :** एवोकाडो का पल्प पका हुआ (आधा कप), मल्टीग्रेन आटा- 1 कप, अजवाइन- 1/4 चम्मच, अदरक- 1/2 चम्मच घिसी हुई, काली मिर्च- 1/4 चम्मच, नींबू का रस- 1/2 चम्मच, धनिया (बारीक कटा हुआ)- 1 चम्मच, घी या तेल- 2 चम्मच, नमक स्वादानुसार, पानी (आटा गूंथने के लिए)।

**ऐसे बनाएं एवोकाडो का पराठा :** सबसे पहले एवोकाडो को छील लें और इसे बीच में से काटकर, इसका गूदा निकाल लें। अब इस गूदे को मैश कर लें। फिर इसमें अजवाइन, लाल मिर्च या काली मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पत्ती और नमक के साथ नींबू का रस डालकर मिक्स करें। इसमें नींबू का रस डालना न भूलें वरना मिश्रण भूरे रंग का हो जाएगा। अब इसमें होलव्हीट आटा डालकर मिक्स कर लें। आटा गूंथकर 15 मिनट के लिए रख दें। अब इसके आटे से लोईयां बनाकर रोटी बेलना शुरू करें। गर्म तवे पर रोटी डालें और धीमी आंच पर दोनों तरफ से तेल या घी लगाकर सेंक लें। एवोकाडो पराठा तैयार है, बच्चे को चटनी के साथ गर्मागर्म पराठा खिलाएं।

# बच्चों को छाछ पिलाने से होते हैं ये बड़े फायदे

गर्मियों का मौसम अपने साथ तेज धूप, लू और शरीर में पानी की कमी जैसी कई परेशानियां लेकर आता है। यह मौसम जितना वयस्कों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, उतना ही या उससे भी ज्यादा बच्चों के लिए मुश्किल बन जाता है। बच्चे अक्सर दोपहर की धूप में खेलते हैं जिससे उन्हें लू, डिहाइड्रेशन, पेट की समस्याएं और त्वचा पर रैशेज जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। ऐसे में छाछ (बटरमिल्क) को बच्चों के खानपान में शामिल करना बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। छाछ को दही और हल्के मसालों के साथ मिलाकर बनाया जाता है। यह स्वाद में तो बेहतरीन होती ही है, साथ ही बच्चों के पाचन और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होती है।

**बच्चों को छाछ पिलाने के मुख्य फायदे**



शरीर को ठंडक पहुंचाती है- गर्मियों में बच्चों का शरीर जल्दी गर्म हो जाता है, जिससे उन्हें चिड़चिड़ापन, थकावट और बेचैनी महसूस होती है। छाछ में कैल्शियम, पोटेशियम और विटामिन क्क2 जैसे जरूरी पोषक तत्व होते हैं। जब बच्चों को छाछ दी जाती है, तो यह शरीर को अंदर से ठंडक पहुंचाती है और बच्चों को तरोताजा तथा एनर्जेटिक बनाए रखती है।

**पाचन क्रिया को मजबूत बनाती है-** गर्मी के कारण पाचन क्रिया सुस्त हो जाती है और बच्चों को पेट दर्द, गैस, कब्ज या अपच जैसी समस्याएं होने लगती हैं। छाछ में मौजूद प्रोबायोटिक्स (अच्छे बैक्टीरिया) बच्चों की पाचन शक्ति को सुधारते हैं। यह पेट की जलन और गैस की दिक्कत से राहत दिलाती है और भूख भी सही करती है।

**इम्यूनिटी बढ़ाती है-** छाछ में दही की तरह ही प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं। यह बच्चों को संक्रमण, सर्दी-खांसी और वायरल से लड़ने में मदद करती है। गर्मियों में रोज थोड़ी-सी मात्रा में छाछ पीने से बच्चों को मौसम बदलने का असर कम झेलना पड़ता है।

**डिहाइड्रेशन से बचाती है-** तेज गर्मी और पसीना आने की वजह से बच्चों के शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है। यह डिहाइड्रेशन का कारण बनता है। छाछ में पोटैशियम और सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को अंदर से हाइड्रेटेड रखते हैं। डाइटिशियन प्रांजल कुमत बताती हैं कि छाछ में मौजूद मिनरल्स और विटामिन बच्चों की गर्मी की थकावट को भी कम करते हैं।

**त्वचा की समस्याओं से राहत-** गर्मी में बच्चों की स्किन पर रैशेज, घमौरियां और जलन होना आम बात है। छाछ शरीर को अंदर से ठंडक देती है, जिससे त्वचा की जलन और घमौरियों में आराम मिलता है। छाछ में मौजूद पोषक तत्व त्वचा को हेल्दी बनाए रखते हैं और इन्फेक्शन से बचाते हैं।

बच्चों को छाछ कितनी मात्रा में देनी चाहिए?

**1 साल के बच्चे-** अगर बच्चा 1 साल या उससे ऊपर का है, तो रोजाना 70 से 100 मिलीलीटर छाछ देना ठीक है।

**2 से 5 साल के बच्चे-** इस उम्र के बच्चों को 100 से 150 मिलीलीटर छाछ दी जा सकती है।

**6 से 10 साल के बच्चे-** रोजाना 150 से 200 मिलीलीटर छाछ देना फायदेमंद होता है।

**ध्यान दें-** 1 साल से छोटे बच्चों को छाछ बिल्कुल भी नहीं देनी चाहिए, क्योंकि इसकी तासीर ठंडी होती है। साथ ही एक बार में बहुत अधिक मात्रा में छाछ पिलाने से भी बचें। इससे सर्दी-खांसी या बुखार हो सकता है।

# मोबाइल और टीवी देखने से बच्चों को कैसे रोकें?

मोबाइल फोन, टैबलेट और स्मार्ट टीवी के उदय के साथ, कई माता-पिता अपने छोटे बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने के लिए संघर्ष करते हैं। जबकि डिजिटल डिवाइस सामयिक शैक्षिक मूल्य, अत्यधिक स्क्रीन समय की पेशकश कर सकते हैं - विशेष रूप से टॉडलर्स और प्रीस्कूलर्स के लिए - उनके सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास में बाधा डाल सकते हैं। तो माता-पिता निरंतर संघर्ष या अपराध के बिना स्वस्थ सीमाएं कैसे निर्धारित कर सकते हैं? यह गाइड परिवारों को स्क्रीन निर्भरता को कम करने और अधिक सार्थक, तकनीक-मुक्त कनेक्शन को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए व्यावहारिक, अनुसंधान-समर्थित रणनीति प्रदान करता है।



स्क्रीन समय के लिए स्वस्थ सीमाएँ निर्धारित करना बच्चों और छोटे बच्चों के लिए स्क्रीन समय सीमित करना उनके संज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक विकास का समर्थन करने के लिए आवश्यक है। बाल चिकित्सा विशेषज्ञ परिवार के साथ वीडियो कॉल को छोड़कर दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए किसी भी स्क्रीन उपयोग से बचने की सलाह देते हैं। 2-5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए, स्क्रीन का समय प्रति दिन एक घंटे तक सीमित होना चाहिए, जो शैक्षिक और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री पर केंद्रित हो। बड़े बच्चों को एक संतुलित दिनचर्या बनाए रखनी चाहिए, यह सुनिश्चित करना कि स्क्रीन का उपयोग नींद, शारीरिक गतिविधि, सीखने या पारिवारिक बातचीत में हस्तक्षेप न करे।

संलग्न विकल्पों को प्रोत्साहित करना बच्चों पर कब्जा करने के लिए स्क्रीन पर भरोसा करने के बजाय, माता-पिता को एक उत्तेजक, स्क्रीन-मुक्त वातावरण बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आउटडोर खेल, एक साथ किताबें पढ़ना, पहेली, रचनात्मक शिल्प और परिवार बोर्ड गेम न केवल मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि भावनात्मक संबंध और विकासात्मक कौशल का पोषण भी करते हैं।

स्क्रीन-फ्री ज़ोन की स्थापना - जैसे बेडरूम या डिनर टेबल - और स्क्रीन-फ्री घंटे, विशेष रूप से सोने से पहले, बच्चों को हवा देने और नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है।

उदाहरण के लिए अग्रणी और शामिल रहना माता-पिता स्वस्थ स्क्रीन की आदतों को मॉडलिंग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चे अक्सर वयस्क व्यवहार की नकल करते हैं, इसलिए माइंडफुल स्क्रीन उपयोग का प्रदर्शन करते हैं और सक्रिय, गैर-स्क्रीन गतिविधियों में बच्चों के साथ संलग्न होते हैं, एक सकारात्मक उदाहरण सेट करते हैं। जब स्क्रीन उपयोग की अनुमति दी जाती है, तो सह-देखने वाले कार्यक्रम और सामग्री पर चर्चा करने से अनुभव अधिक शैक्षिक हो जाता है। स्पष्ट नियमों और सीमाओं के साथ एक पारिवारिक मीडिया योजना स्थापित करना स्थिरता सुनिश्चित करता है। यदि चुनौतियां उत्पन्न होती हैं, जैसे कि स्क्रीन की लत या व्यवहार में परिवर्तन के संकेत, माता-पिता को व्यक्तिगत मार्गदर्शन के लिए बाल रोग विशेषज्ञों से परामर्श करने की सलाह दी जाती है।



-विजय गर्ग



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शनिवार, 17 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, पंचमी तिथौ शनि वासरे 29/15/ पूर्वाषाढ़ा नक्षत्रे 17/44/ सध्य योग 07/09/ कौलव करणे 17/36/ मकर राशिगत चन्द्रमा घं.24 मि.04 पर।

**मेष :** समय लाभकारी है। द्रव्य लाभ होगा। कार्यों की पूर्ति होगी। प्रयोजन समागम होगा। यश प्राप्ति होगी।

**वृष :** जीवनसाथी पर व्यय होगा। ऋण लेने से बचें दूसरो पर छोड़े गए कार्यों में विलंब होगा। आवेश त्यागे।

**मिथुन :** नए अनुबंधों का लाभ होगा। अनावश्यक कार्य में व्यस्त रहेंगे। घरेलू विवादों। को टालें।

**कर्क :** उत्तरदायित्व पूरे होंगे। महत्वपूर्ण कार्य समय से पूरे कर लें। कुछ अतिरिक्त समस्याएं बनी रहेंगी। कार्य सिद्धि का प्रसंग है। अपने प्रयास व्यर्थ न गवाएं।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। खर्च पर नियंत्रण रखें। सम्मान का लाभ मिलेगा। पारिवारिक कष्ट रहेगा। खर्च बढ़ेगा।

**धनु :** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंधों में मधुरता रहेगी।

**मकर :** शिक्षा के क्षेत्र में किया गया प्रयास सार्थक होगा। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचें जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** महत्वपूर्ण परिचय तथा मौखिक आश्वासन का लाभ उठा सकते हैं। स्वयं की आवश्यकताओं पर व्यय करेंगे। स्वास्थ्य नरम होगा। काम में स्थिरता रहेगी।

**आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं दिलाने को एसडीएम ने ली बैठक**

**जालौन।** तहसील जालौन में आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं दिलाने हेतु उपजिलाधिकारी जालौन द्वारा बैठक कर आवश्यक निर्देश जारी किए गए। नगर क्षेत्र में सुदृढ़ पेयजल व्यवस्था और बिजली आपूर्ति हेतु समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए गए। शांति व्यवस्था स्थापित करने और अतिक्रमण के विरुद्ध कार्य योजना बना कर क्रियान्वयन हेतु संबंधित को अवगत कराया गया। बैठक में नायब तहसीलदार, जालौन, सहायक अभियंता विद्युत , प्रभारी निरीक्षक, थाना जालौन कोतवाली और अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद जालौन ने प्रतिभाग किया।

## खबर एक नज़र

### पालिका अध्यक्ष ने नवनिर्मित सड़क का किया उद्घाटन



उरई : सड़क का लोकार्पण करते पालिका अध्यक्ष अरविंद तथा की ईओ ।

**कालपी, जालौन ।** स्थानीय नगर की सड़कों में यातायात की व्यवस्था के लिए बेहतर तरीके से सड़कों का निर्माण कराना नगर पालिका की पहली प्राथमिकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पालिका के द्वारा सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। यह उद्गार नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव ने व्यक्त किये । शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला तथा सभासदों की मौजूदगी में पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के द्वारा कालपी नगर के मोहल्ला महमूदपुरा में श्रवण कुमार निगम के घर से श्री फलेश्वर मंदिर होते हुए श्री राकेश के घर तक नवनिर्मित सीसी सड़क का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारीए सभासदों सुनील पटवाए रविंद्र कोरी आदि वार्डवासियों ने माला पहनकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गणमान नागरिकों के अलावा सहित पालिका के कर्मचारियों की उपस्थित रही।

### नीम के पेड़ से फांसी के फंदे पर झूलता मिला अज्ञात शव

**रामपुरा(जालौन)।** रामपुरा थाना अंतर्गत नीम के पेड़ में फांसी के फंदे पर अज्ञात व्यक्ति का शव झूलता मिला है । रामपुरा थाना अंतर्गत जगम्मनपुर में किला के सामने नगर बाग की पश्चिम उत्तर मेंड़ के पास खड़े नीम के पेड़ से फांसी के फंदे पर अज्ञात व्यक्ति का शव लटकता हुआ मिला है। इस प्रकार दृष्टया फांसी के फंदे पर लटके शव को देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि यह लाश 7 - 8 दिन या उससे अधिक दिनों से पुरानी है ,क्योंकि शव के चेहरे का मांस हट गया है शरीर के कई हिस्सों का मांस भी हड्डी छोड़कर टपक गया है एक पैर में जूता है दूसरे पैर का जूता संभवतः मांस के सहारे पैर छोड़कर गिर पड़ा होगा । मृतक के शरीर पर कार्गो पैंट एवं बड़े चौक की शर्ट है। शर्ट की जेब में पेन लगा दिख रहा है जिससे अनुमान लगाया जाता है कि मृतक पढ़ा लिखा युवक था। उक्त शव को देखे जाने के बारे में आसपास के ग्रामीणों से पूछे जाने पर उन्होंने अनभिज्ञता व्यक्त जाहिर करते हुए कहा कि उस नीम के पेड़ के पास तक जाने से इनकार कर दिया जहां पर शव लटक रहा था। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि मृतक कौन है , और कहां का है ? इस दुर्गम स्थान पर पहुंचकर उसने स्वयं फांसी लगाई है अथवा कोई अपराधी घटना घटित हुई है। उक्त घटना के संदर्भ में रामपुरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह एवं चौकी प्रभारी जगम्मनपुर उनि अटल बिहारी को अवगत कराया गया है। सूचना पाकर रामपुरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। फॉरेंसिक टीम द्वारा जांच के लिए नमूने संग्रहित किए गए हैं।क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ रामसिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### जल्द ही लुटेरे होंगे पुलिस की गिरफ्त में-डीआईजी

**कोंच(जालौन)।** नवीन ज्वैलर्स की दुकान पर घटित घटना की सूचना मिलते ही मण्डल पुलिस के मुखिया डी आई जी केशव कुमार चौधरी भी कुछ ही घण्टों में घटना स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने मौके का निरीक्षण करते हुए घटना की पूरी जानकारी ली इसके बाद उन्होंने चार टीमें गठित करते हुए जल्द ही लुटेरों को धर दबोचने का निर्देश दिया इसके सम्बन्ध में पुलिस द्वारा तुरंत ही संज्ञान लेते हुए सी सी टी वी फुटेज एवं अपने मुखबिरो का जाल बिछाते हुए लोगों से पूंछ तांछ शुरू कर दी वहीं सर्विलांस व एस ओ जी टीम भी मौके पर आ गयी और अपने कार्य मे जुट गयी।



उरई : घटनास्थल का मुआयना करते डीआईजी ।

### स्थानांतरण पर थाना अध्यक्ष को दी भावभीनी विदाई

**रामपुरा(जालौन)।** आज स्थानीय थाना परिसर में थाना अध्यक्ष संजीव कुमार कटियार को स्टाफ के साथ समाजसेवियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। थाना अध्यक्ष ने गत माह में पुलिस अधीक्षक पीआरओ से थाना रामपुरा का चार्ज लिया था। आज अन्य जिला उनका स्थानांतरण कर दिया गया। संजीव कुमार अपने लगभग 7 माह के कार्यकाल के दौरान उन्होंने सभी लोगों व स्टाफके साथ मिलकर बहुत ही व्यवस्थित रूप से कार्य किया। थाना प्रांगण में आयोजित विदाई समारोह में स्थानीय वरिष्ठ उप निरीक्षक सतपाल यादव ने कहा कि पुलिस विभाग का कार्य अलग तरह का होता है। वह अपराध रोकने पुलिस नौकरी का हिस्सा है। इस अवसर पर उपस्थित जन प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं पुलिसकर्मियों ने थानाध्यक्ष को कर्तव्यनिष्ठ बताते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। बिदाई के मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह उप निरीक्षक सुनील कुमार उप निरीक्षक रामकिशोर उप निरीक्षक अमीर सिंह उप निरीक्षक श्याम सिंह पांडे हेड कांस्टेबल संतोष कुमार प्रमुख लेखक बृजेश कुमार शर्मा कांस्टेबल विकास कुमार कांस्टेबल अवधेश कुमार आदि के साथ समस्त स्टाफमौजूद रहा।



उरई : थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार को विदा करता स्टाफ ।

### कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाने हेतु एसपी ने किये स्थानांतरण

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने कानून व्यवस्था को चुस्त बनाने हेतु बीस पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण किये हैं, जिसमें उप निरीक्षक विकास कुमार को पुलिस लाइन से कोतवाली तालबेहट, उप निरीक्षक सरोत्तम को पुलिस लाइन से कोतवाली तालबेहट, उप निरीक्षक विवेक धामा को पुलिस लाइन से थाना जखौरा, उप निरीक्षक सियाराम को पुलिस लाइन से थाना पाली, आरक्षी बृजबिहारी सेंगर को सदर कोतवाली से थाना सौजना, आरक्षी महेन्द्र सिंह को थाना बालाबेहट से थाना तालबेहट, आरक्षी दिलीप कुमार को थाना कोतवाली से थाना जखौरा, आरक्षी विक्रम सिंह को सदर कोतवाली से थाना पाली, आरक्षी शुभम तिवारी को थाना मदनपुर से थाना जखौरा, आरक्षी पुष्पेन्द्र भदौरिया को थाना बालाबेहट से पुलिस लाइन, आरक्षी उदय प्रताप को पुलिस लाइन से थाना जखौरा, महिला आरक्षी सीमा को थाना बालाबेहट से सदर कोतवाली, ऑपरेटर बबली को साइबर क्राइम थाना से सीसीटीएनस थाना बालाबेहट, महिला आरक्षी माधवी शर्मा को थाना जखौरा से महिला थाना ललितपुर, महिला आरक्षी पल्लवी चौधरी को महिला थाना ललितपुर से आईजीआरएस, महिला आरक्षी पूजा तिवारी को गोपनीय कार्यालय से यूपी 112, महिला आरक्षी ज्योति देवी को बालाबेहट से गोपनीय कार्यालय, महिला आरक्षी कल्पना यादव को पुलिस लाइन से डीसीआरबी, आरक्षी शीलेन्द्र सिंह भदौरिया को थाना तालबेहट से थाना महरौनी और विक्रम सिंह कठेरिया को थाना कोतवाली से थाना मड़ावरा भेजा गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इन तबादलों से जनपद की कानून व्यवस्था और चुस्त-दुस्त होगी।

## डीएम ने विकास योजनाओं की समीक्षा में अफसरों को दिए सख्त निर्देश



उरई : बैठक लेते डीएम ।

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सीएम डैशबोर्ड और विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने 15 विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), फैमिली आईडी, वित्त आयोग योजनाएं (15वां एवं 5वां), राज्य योजना, निपुण परीक्षा मूल्यांकन, मध्यान्ह भोजन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, सेतु निर्माण, सड़क निर्माण और अनुरक्षण, ओडीओपी वित्त पोषण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा सीएमआईएस निर्माण कार्य की समीक्षा की।फैमिली आईडी योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही समाज कल्याण अधिकारी और डीपीओ को भी कार्य में लापरवाही पर कड़ी चेतावनी दी गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी और अधिशाषी अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता पर लें और जल्द से जल्द लक्ष्य पूर्ण करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, उपायुक्त स्वतः रोजगार महेंद्र चौबे, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय और डीएसटीओ नीरज चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## चौपाल लगाकर ग्रामीणों को वित्तीय जागरूकता की पहल की बैंक कर्मचारियों ने

**जालौन।** आर्यावर्त बैंक का नाम बदलकर 'उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक' हुआ ग्राम कैथ में स्थानीय शाखा के कर्मचारियों ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। साथ ही ग्रामीण अंचल में वित्तीय जागरूकता और सरकारी योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने की पहल भी की गई।



उरई : ग्रामीणों को बैकिंग सेवाओं की जानकारी देते बैंक अधिकारी ।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की ओर से आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने की। उनके साथ सहायक शाखा प्रबंधक और थ्स्ब् प्रतिनिधि राकेश कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ने ग्रामीणों को बताया कि आर्यावर्त बैंक का नाम अब उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कर दिया गया है। यह केवल नाम का परिवर्तन है, ग्राहकों की सभी पुरानी सेवाएं यथावत रहेंगी और उन्हें पहले की तरह सभी बैंकिंग सुविधाएं मिलती रहेंगी।

उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के तहत मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। एफएलसी प्रतिनिधि राकेश कुमार ने कहा, बैंक का उद्देश्य सिर्फ लेन-देन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाना है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे चौपालों के माध्यम से हम बैंकिंग और बीमा योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि वे बिना किसी परेशानी के बैंक में बचत खाता खोल सकते हैं, सरकारी योजनाओं के तहत बीमा कवर ले सकते हैं, और जरूरत पड़ने पर सरल शर्तों में ऋण भी प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर अरविंद कुमार, रोहित, कमलेश, विनोद, राकेश कुंमार, विनीता, अंचल, अनीता, सुरभि आदि मौजूद रहे।

### आज निकलेगी भारतीय जनता पार्टी की तिरंगा यात्रा

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी की आज निकलने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सैनी के ललितपुर में प्रथम आगमन को लेकर होने वालीं तैयारियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने जानकारी दी कि पाकिस्तान के खिलाफ और आतंकवादियों के खात्मे हेतु विगत दिवस हुए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैनिकों के विजय से सारा देश खुश हैं और ऑपरेशन सिंदूर की खुशी का इजहार करने और भारतीय वीर सैनिकों के शौर्य का यशोगान करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा सारे देश में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है व इस यात्रा का आयोजन आज चार बजे से तुवन मंदिर प्रांगण से शुरू होकर कम्पनी बाग, घंटाघर, सावरकर चौक, तालाबपुरा होकर पुनः तुवन मंदिर प्रांगण पहुंचेगी और वहीं इसका समापन होगा व इसके उपरान्त जिला कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## लूट की घटना के विरोध में उद्योग ब्यापार मण्डल ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन



उरई : एएसपी को ज्ञापन देते व्यापारी ।

कोंच(जालौन)। दिन दहाड़े बीच बाजार स्थित नवीन ज्वैलर्स की दुकान पर शाम करीब 4 बजे 6 बदमाश तमंचा लहराते हुए धावा बोल दिया और लूटपाट के बाद बेख़ौफ़ होकर बाइकों पर बैठकर फरार हो गए इस घटित घटना से व्यापारियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है

जिस पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई के अध्यक्ष संजय लोहिया की अगुआई में मार्च निकालते हुए कोतवाली पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा को ज्ञापन सोंपते हुए मांग की कि लुटेरों द्वारा को दुस्साहसिक लूट की घटना को अंजाम दिया गया है इससे सभी व्यापारियों में दहशत का माहौल है और तीन दिवस के अंदर लुटेरों को पकड़कर उन पर कार्यवाही की जाए अन्यथा तीन दिवस उपरांत हम समस्त व्यापारी धरना पर बैठने को मजबूर होंगे इस दौरान व्यापारीगण अपने हांथों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ सिलोगन लिखीं तख्तियां लिए हुए थे और पुलिस के विरुद्ध नारेवाजी भी की इस दौरान अनिल कपूर बिकार अहमद चतुर्भुज चन्देरिया अरविंद कौशल राज कपूर लला सोनी प्रह्लाद सोनी बिकास झां रंजीत सिंह महेश सीरोठिया मुकेश सोनी सजल गुप्ता अनिल अग्रवाल सौरभ अग्रवाल व्रज बिहारी स्वर्णकार धुर्ब प्रताप सिंह अभिषेक लोहिया अवधेश पटेल प्रधान अमित सोनी जीतू यादव अरबिंद गुप्ता यासीन सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुहम्मद इम्तियाज की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस डेंगू रोग के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए मनाया जाता है। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस को मनाने का महत्व आम लोगों को डेंगू रोग के लक्षण, बचाव आदि की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करना है, पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. सौरभ सक्सेना ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर बताया कि डेंगू रोग एक वायरस जनित रोग है, यह मुख्य रुप से यह एडिज एजिप्टाई मादा मच्छर के काटने से फैलता है। मच्छरों के काटने से बचाव करके डेंगू रोग को रोका जा सकता है, यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, बदन दर्द, हड्डियों में दर्द, बदन में लाल चकत्ते, आँखों के पिछले हिस्से में दर्द, उल्टी होना, गम्भीर मामलों में नाक, मुंह, मसूड़ों से खून आना आदि लक्षण हो तो निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए, मच्छरदानी का प्रयोग करके व जलभराव को रोक कर डेंगू रोग से बचा जा सकता है व कार्यक्रम का प्रचार प्रसार ललित लोकवाणी एफएम के माध्यम से किया जा रहा है। गोष्ठी में नोडल अधिकारी वेक्टर बोर्न डॉ. रामनरेश सोनी, डॉ. राजेश भारती, सहायक मलेरिया अधिकारी अजब सिंह यादव, मलेरिया निरीक्षक संदीप शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त स्टाफउपस्थित रहे।

## नवागंतुक थाना प्रभारी निरीक्षक ने संभाला रामपुरा थाने का चार्ज

**0 क्षेत्र में अशांति फैलाने का ना करें प्रयास-रजत कुमार सिंह**



**रामपुरा(जालौन)।** रामपुरा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह ने कार्यभार संभालने के पश्चात नगर रामपुरा की सुरक्षा की व्यवस्था परखी, उसके पश्चात सभी चौकी प्रभारियों के साथ बैठक ली। इस बैठक के दौरान उन्होंने जहां लंबित केसों का शीघ्र निपटान करने के आदेश दिए, जुआ, सट्टा,मंचलो, व भू- माफियाओ पर कड़ी नजर रखने के भी निर्देशित किया । थाना प्रभारी ने सभी चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि के समय गश्त बढ़ाने के अलावा आम जनमानस के सहयोग से गांवों में जगह - जगह पहरा लगाने के लिए हिदायतें दी। उन्होंने बताया कि किसी भी गांव में चोरी की घटना न घटे, सभी चौकी प्रभारी व बीट अधिकारी समय-समय पर अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे और इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की अहम बैठक बुलाकर गांव में जगह जगह पहरा लगाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया जायगा । थाना प्रभारी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार की नशे की तस्करी नहीं होनी चाहिए, इसलिए हम सबका दायित्व बनता है कि नशों की सप्लाई करने वालों पर कड़ी नजर रखें। अगर किसी भी क्षेत्र में नशे आदि की बिक्री होती है तो उस क्षेत्र में तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने नशों के बचाव को लेकर समय-समय पर अपने क्षेत्रों में विशेष सभाएं करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को ऐसी असमाजिक बुराई से बचाया जा सके और जो युवा नशे में संलिप्त है, उसे मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। इस बैठक के दौरान उन्होंने सभी चौकी प्रभारियों व बीट अधिकारियों के लंबित मामलों को लेकर विशेष समीक्षा की और इन मामलों के निपटान करने के आदेश भी दिए। इस अवसर पर चौकी प्रभारी मौजूद थे।

## ग्राम भेड़ में तिरंगा यात्रा का आयोजन कर शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

कोंच(जालौन)। ग्राम भेड़ के प्राथमिक विद्यालय से आज एक तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में मारे गए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस यात्रा में गांव के सैकड़ों नागरिकों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर ग्रामीण नेताओं राम आरपी निरंजन, विज्ञान विशारद सिरोटिया और अंजू अग्रवाल सहित प्राथमिक विद्यालय गोरावती, छानी, पच्छीपुरा गोरा आदि के विद्यार्थी मौजूद रहे। यात्रा के दौरान शहीदों के बलिदान को याद किया गया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया गया।



उरई : तिरंगा यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधि व ग्रामीण ।

### आतंकियों की क्रूरता पर गुस्सा

यात्रा में शामिल लोगों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की। बताया गया कि हमले के दौरान आतंकियों ने नवविवाहित महिलाओं को निशाना बनाया, जो अपने पतियों के साथ घूमने गई थीं। एक पीड़ित महिला ने आतंकियों से कहा, आपने मेरे पति को मार दिया, अब मुझे भी मार दो

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनांतर्गत लाभार्थी करें आवेदन

ललितपुर। ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान टूल किट योजना के सन्र्दभ में अवगत कराया है कि शासन द्वारा संचालित ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना में लक्ष्य 350 एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत जनपद लक्ष्य प्राप्त हैं, इस योजना के अन्तर्गत 18 बर्ष से अधिक के व्यक्ति महिला एवं पुरूष टूल किट हेतु आवेदन कर सकते हैं, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनामें 10 दिवसीय प्रशिक्षण के अन्तर्गत हलवाई, नाई, धोबी, राजमिस्त्री, बढ़ई, लौहार, दर्जी आदि सम्बन्धित टेड्डों में आवेदन कर सकते हैं एवं ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अन्तर्गत जरी सिल्कसाडी, फूड प्रोसोसिंग एवं रेडीमेड होजरी गारमेन्टस् आदि आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण एवं टूल किट प्राप्ति के दौरान व्यक्ति स्वयं का कुटीर उद्योग संचालित करने में सक्षम हो जायेगा एवं इस योजना से आत्म निर्भता में वृद्धि होगी। इस योजना का आवेदन बेबसाइट पर कर सकते हैं।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का हुआ आयोजन




**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, यदि रक्तचाप 140/90 एमएमएचजी या उससे ऊपर ज्यादा है तो ऐसी स्थिति को उच्च रक्तचाप कहा जाता है व मोटापा,अव्यवस्थित दिनचर्या, जेनेटिक कारणों से भी लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या होती है। रक्तचाप के बढ़ने पर हार्ट पर दबाव पड़ने लगता है जो कि स्वास्थ्य की दृष्टि से बिल्कुल भी ठीक नहीं है। नोडल अधिकारी, एनसीडी डॉ. अमित तिवारी ने बताया कि ज्यादा नमक खाने से शरीर में पानी की मात्रा बढ़ती है जो रक्त वाहिकाओं पर दबाव डालता है। पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. सौरभ सक्सेना ने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है यह हृदय रोगों का कारण बन सकती हैं, लंबे समय तक बैठे रहना मोटापे का कारण भी बनता हैए जो हाइपरटेंशन का जोखिम बढ़ाता है। इसलिए सेडेंटरी लाइफ स्टाइल से बचना चाहिए और बीच.बीच में शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए लंबे समय तक लगातार मानसिक तनाव और अपर्याप्त नींद कोर्टिसोल हार्मोन के स्तर को बढ़ाते हैं जो हाइपरटेंशन के सबसे प्रमुख कारणों में से एक है। अक्सर कुछ लोग अपनी दिनचर्या में चाय या कॉफी का अधिक मात्रा में सेवन करते हैं। इनमें मौजूद कैफीन का अधिक सेवन ब्लड प्रेशर का कारण बन सकता है, इसलिए चाय या कॉफी का सेवन बहुत सीमित मात्रा में करना चाहिए।

### सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत जनपद के बांधों पर वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

ललितपुर। अधिशासी अभियंता राजघाट निर्माण खण्ड शैलेष कुमार ने अवगत कराते हुए कहा है कि राष्ट्रविरोधी तत्वों एवं आंतकी घटनाओं तथा वर्तमान स्थिति को देखते हुए भारत सरकार द्वारा दिये गए निर्देशों व डैम सेफ्टी रिव्यू पैनल एवं सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के उच्च अधिकारियों द्वारा लिये गए निर्णयों के क्रम में जनपद के गोविन्द सागर बांध, शहजाद बांध एवं उटारी बांध सहित सभी बांधों पर वाहनों के आवागमन को जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित किया गया है, परन्तु पैदल गस्त करने वालों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा, चूंकि बांधों को सार्वजनिक आवागमन हेतु प्रयोग किया जाता रहा है और वाहनों का आवागमन भी होता रहता है, अतः वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत सुरक्षात्मक कदम उठाते हुए जिला प्रशासन द्वारा जनपद के बांधों पर वाहनों के आवागमन को बंद किया गया है, इसके इतर पैदल चलने वालों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है, उन्होंने सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को कहा कि वह बांधों की सुरक्षा की गंभीरता को देखते हुए वहां की गोपनीयता को बनाये रखने के लिए फोटो, वीडयो, ब्लॉग आदि सोशल मीडिया पर प्रसारित न करें, उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी करते हुए कोई पाया जाता है तो ऐसे लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि जनपद के बाधों की सुरक्षा के दृष्टिगत सहयोग प्रदान करते हुए बांध मार्ग पर वाहनों का आवागमन न करें और जिला प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करें।

# पेशेवर अपराधियों पर कसें नकेल-संजीव




बांदा : बैठक लेते एडीजी डॉ0 संजीव कुमार ।

**बांदा।** पेशेवर अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही कराएं। मादक तथा अवैध शस्त्र तस्करों पर शिकंजा कसते हुए उन पर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। महिलाओं से संबंधित अपराधों में तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। उपरोक्त निर्देश एडीजी ने बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने पैदल गश्त किए जाने के अलावा क्राइम कंट्रोल पर भी विशेष जोर दिया।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन डॉ0 संजीव गुप्ता द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस0 व अधीक्षक पलाश बंसल सहित जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ नवीन सभागार पुलिस लाइन में अपराध समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में जनपद में अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किया गया कि मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शस्त्रो के निर्माण, संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियो पर त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये।

**■ एडीजी ने जनपद का दौरा कर की आपराधिक समीक्षा**

**■ पैदल गश्त के साथ क्राइम कंट्रोल पर दिया जोर**

गुण्डो, माफिआओं, हिस्ट्रीशीटरों, टॉप टेन व इनामियां अपराधियों, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी आदि के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। चोरी, लूट, नकबजनी, टप्पेबाजी जैसी घटनाओं की रोकथाम में पैदल गश्त की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होने निर्देशित किया किया सभी भीड़-भाड़ वाले तथा संवेदनशील स्थानों पर नियमित पैदल गस्त करें साथ ही रात्रि गस्त पार्टी को भी प्रभावी तरीके से क्रियाशील करें और महिला सम्बन्धी अपराधों को संवेदनशीलता के साथ जल्द से जल्द निस्तारण करें। समीक्षा बैठक के उपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस लाइन में चल रहे लघु/वृहद निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा जनपद में प्रशिक्षण हेतु आ रहे आ रहे रिक्रूट आरक्षियों के लिए आरटीसी बैरक, क्लासरुम, शौचालय, स्नानागार मेस ग्राउण्ड आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कार्यों को समय से पूरा करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। एडीजी डॉ0 संजीव गुप्ता ने कहा कि थाना स्तर पर फरियादियों के साथ सही बर्ताव के लिए निर्देशित करें। किसी भी फरियादी के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। बैठक में डीआईजी राजेश एस., एसपी पलाश बंसल, एएसपी शिवराज, सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह, नरैनी अंबुजा त्रिवेदी, अतर्रा प्रवीण कुमार, बबेरू सौरभ सिंह, सदर राजवीर सिंह गौर, यातायात कृष्णकांत त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक वेदमणि मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पत्नी से झगड़कर युवक ने की आत्महत्या

**तिंदवारी/बांदा।** पत्नी से झगड़कर युवक ने खुदकुशी कर ली। घर वालों ने जब शव लटका देखा तब उन्हें घटना की जानकारी हो सकी। पुलिस ने पंचनामे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के मूंगुस गांव निवासी 28 वर्षीय दीपक पुत्र अशोक आरख सूरत में रह कर काम करता था। वह पांच दिन पहले सूरत से कमा कर गांव आया था। गुरूवार की दोपहर वह अपनी पत्नी मालती के साथ कमरे में बैठा था। किसी बात को लेकर मालती से विवाद हो गया। मालती कमरे से बाहर निकल आई। इसी बीच सूना मौका देखा दीपक ने कमरे के अंदर पंखा की हुक पर नाइलोन की रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शाम को बड़ी बेटी माही को कोचिंग पढने जाना था। किताबे कमरे के अंदर रखी थी। किताबे निकालने के लिए घरवालो ने कुड़ी खटखटाई लेकिन अंदर से कोई हरकत नही हुई। खिड़की से झांक कर देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोल कर शव को बाहर निकाला। पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि किसी बात को लेकर दोनो पति पत्नी में विवाद हो गया था। इसी के चलते उसने यह घटना अंजाम दी। मृतक दो भाईयो मे बड़ा था। वह अपने पीछे पत्नी के अलावा दो बेटी छोड़ गया है।

# सीडी रेशियो बढ़ाए जाने में लाएं तेजी-रीभा



बांदा : बैठक के दौरान निर्देशित करतीं जिलाधिकारी ।

**- बैठक में बैंक प्रतिनिधियों को डीएम ने दिए निर्देश**


**- शिविर लगाकर ऋण जागरूकता पर डीएम ने किया फोकस**

**बांदा।** जिन बैंकों का सीडी रेशियो कम है, उनका रेशियो बढ़ाया जाए। इसके अलावा शिविर लगाकर ऋण आवेदन से संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। उपरोक्त निर्देश आयोजित बैठक के दौरान डीएम ने बैंक प्रतिनिधियों को दिए।

जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में महर्षि बामदेव सभागार, कार्यालय में बैंकर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन बैंकों का सीडी रेशियो कम है, वे इसे प्राथमिकता से सुधारें। साथ ही, सभी बैंक पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ऋण सुविधा समयबद्ध रूप से प्रदान करें। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, उद्यम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं के तहत प्रेषित आवेदनों की शीघ्र जाँच कर स्वीकृति की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने महिला स्वयं सहायता समूह, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के हितग्राहियों तथा मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि योजना इत्यादि के अंतर्गत लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही, बैंकों को नई संभावनाओं की पहचान कर ऋण वितरण शिविरों के आयोजन हेतु भी प्रेरित किया गया। बैठक में लीड बैंक मैनेजर, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), सामान्य प्रबंधक (जिला उद्योग केंद्र) सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### पुलिस अधीक्षक ने परेड़ की सलामी लेकर किया निरीक्षण



**चित्रकूट ब्यूरो:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन परिसर का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए।

परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों व कर्मचारियों का टर्न आउट की जांच करते हुए ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी। साथ ही आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर में परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरक्षी बैरिक, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद एसपी ने क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में इलाज के लिए किया गया आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ



**चित्रकूट:** आयुष विभाग उत्तर प्रदेश एवं निदेशक होम्योपैथी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार शुक्रवार को आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया गया।

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधीक्षक चित्रकूट धाम मंडल डॉ ऊषा वर्मा, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह व जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के योग विभाग के प्रभारी डॉ जीतेन्द्र सिंह ने महात्मा हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर व हरी झंडी दिखाकर आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट का को रवाना किया गया। आयुष मोबाइल वैन विकासखण्ड मानिकपुर के ग्राम एलहा बढैया के लिए रवाना हुई। मोबाइल टीम में डा कुसमेंद सिंह, डीपीएम आयुष शिवम शुक्ला, फार्मासिस्ट आदर्श कुमार, वार्ड व्वाय विनय कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

# टेनिस प्रतियोगिता में प्रयागराज ने मारी बाजी

**■ चार दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन**

**■ विजेता टीमों को एडीजी जोन ने किया पुरस्कृत**




बांदा : खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते एडीजी ।

**बांदा।** पुलिस लाइन में आयोजित चार दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में टेनिस प्रतियोगिता में जहां प्रयागराज की टीम विजेता रहीं। वहीं महिला बैंडमिंटन में फतेहपुर की टीम ने बाजी मारी। विजेता टीमों को एडीजी जोन द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही एडीजी ने विजेता खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि पुरस्कार जीतने से ज्यादा खेल का परफॉर्मेंस अहम होता है। इसलिए जीत से ज्यादा खेल पर ध्यान देना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में 13 मई से पुलिस लाइन में चल रही 04 दिवसीय प्रयागराज जोन की पुरुष/महिला वर्ग के बैंटमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन की सभी आठ टीमों- बांदा, महोबा, चित्रकूट, कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा पूरे मनोयोग एवं खेलभावना का प्रदर्शन करते हुए अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। समापन समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन डॉ0 संजीव गुप्ता द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस0 मौजूद रहे। पुरुष वर्ग के बैटमिन्टन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रयागराज टीम तथा महिला टेबल टेनिस में प्रयागराज एवं महिला बैडमिन्टन प्रतियोगिता में फतेहपुर टीम विजेता रही। सर्वश्रेष्ठ बैटमिन्टन महिला खिलाड़ी ममता शर्मा फतेहपुर, सर्वश्रेष्ठ बैटमिन्टन पुरुष खिलाड़ी आलोक मिश्रा प्रयागराज, सर्वश्रेष्ठ टेबल टेनिस महिला खिलाड़ी रानी सिंह कौशाम्बी तथा सर्वश्रेष्ठ टेबल टेनिस पुरुष खिलाड़ी अनुराग प्रयागराज रहे। समापन समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ने पूरे उत्साह एवं खेलभावना के साथ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते पर खिलाड़ियों तथा कोच स्टाफ को धन्यवाद दिया। उन्होने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल में पुरस्कार जीतना महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि पूरे मनोयोग से खेलों में प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण है। समापन के अन्त में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन डॉ0 संजीव कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस0 को स्मृति चिन्ह भेट की गई। इस मौके पर एएसपी शिवराज, प्रतिसार निरीक्षक वेदमणि मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## नरैनी में अधिवक्ता संघ की चुनाव तिथि घोषणा होते ही अधिसूचना जारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, नरैनी बांदा।** एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन नरैनी में अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी अधिवक्ता कमलाकांत द्विवेदी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता प्रदीप साहू ने अध्यक्ष एवं महासचिव सहित कुल 17 पदों के लिए चुनाव की घोषणा कर दी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि 19 मई से 30 मई तक मतदाता संयोजन सदस्यता शुल्क जमा की जाएगी। तीन जून को मतदाता सूची का अंनतिम प्रकाशन किया जाएगा। वही चार व पांच जून को मतदाता सूची से संबंधित आपत्तियां ली जाएगी। जिन आपत्तियों का निस्तारण छः जून को कर दिया जाएगा। आठ जून को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। नौ से 11 जून तक प्रतिदिन 10रू00 बजे से शाम 5रू00 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री की जाएगी। साथ ही नामांकन पत्र जमा होंगे। 12 वा 13 जून को नामांकन पत्रों की जांच सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक की जाएगी। 14 तारीख को नामांकन पत्रों की वापसी एवं 19 जून को मतदान बाद मतगणना की जाएगी। समस्त सूचनाए नोटिस बोर्ड पर चश्मा कर दी गई है। घोषणा के समय एल्डर्स कमेटी के चेयरमैंन बद्री प्रसाद वर्मा सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत चार लोग गंभीर रूप से घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, अतर्रा बांदा।** कल दिन गुरुवार की रात लगभग 12रू30 बजे रमेश पुत्र मनमोहन उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम सभा तेंदुरा तथा चुन्नी पुत्र खिलाड़ी ग्राम सभा उपरोक्त यह दोनों अपनी बाइक से बांदा से चलकर अपने गांव जा रहे थे जैसे ही यह लोग ग्राम सभा नदना थाना अतर्रा के पास पहुंचे तभी अज्ञात चार पहिया वाहन से टक्कर हो जाने पर रमेश की मृत्यु घटना स्थल में ही हो गई थी तथा चुन्नीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया था दूरभाष पर घटना की जानकारी थाना अतर्रा को दिए जाने पर 112 नंबर के माध्यम से इन दोनों को सरकारी अस्पताल नरैनी रोड अतर्रा लेकर के आए उपस्थित डॉक्टर ने देखते ही रमेश पुत्र मनमोहन को मृत घोषित कर दिया तथा चुन्नी को मेडिकल कॉलेज बांदा के लिए रेफर किया जाना बताया गया। अतर्रा थाने के माध्यम से थाना बिसंडा को सूचना दिए जाने पर थाना बिसंडा पुलिस मौके पर अस्पताल पहुंचकर मृतक का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए बांदा भिजवाया गया। मैं दूसरी घटना में शिव प्रताप पुत्र शुक्रवा उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी बदौसा तथा लवलेश पुत्र राजू यादव उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी तथा टिंकू पुत्र जवाहर भी इनके साथ में बैठा हुआ था मगर वह बच गया उसके नहीं लगा निवासी उपरोक्त एक बाइक में बैठकर बदौसा से चलकर अतर्रा की ओर आज सुबह दिन शुक्रवार को 5रू00 बजे आ रहे थे तभी शांति धाम स्कूल के पास गाड़ी फिसल जाने से गंभीर रूप से दोनों लोग घायल हो गए किसी तरह वह दोनों सरकारी अस्पताल नरैनी रोड अतर्रा आने पर प्रथम उपचार के बाद जिला अस्पताल बांदा के लिए रेफर किया जाना बताया गया।

## जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायते सुन किया निस्तारण

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमो से प्राप्त होने वाले प्रकरणो का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# जून से अक्टूबर तक कुछ ज्यादा ही फैलता है संक्रमण



बांदा : शिविर में जानकारी देते विशेषज्ञ ।

**बांदा।** राष्ट्रीय डेगू दिवस अटल आवासीय विद्यालय अछरौड में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार द्वारा छात्रों को अवगत कराया गया कि माह जून से अक्टूबर तक वेक्टर जनित रोगों को संक्रमण काल होता है। इस मौसम में मच्छर जनित बुखार डेगू फैलने की सम्भावना अधिक रहती है। डेगू एडीज मच्छर की दो प्रजातियों एडीज एल्बोपिक्ट्स एवं एडीज एजिप्टाई से फैलता है इस मच्छर का प्रजनन स्थल 01 सप्ताह से अधिक साफठहरा हुआ पानी, घरों के पात्रों में एकत्रित पानी है। कार्यक्रम में जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार ने छात्रों को डेगू बुखार के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डेगू बुखार एक कष्टदायक, शरीर को दुर्बल करने वाला मच्छर जनित रोग है। और जो लोग दूसरी बार डेगू वायरस से संक्रमित हो जाते है उनमें गम्भीर बीमारी विकसित होने का काफी अधिक जोखिम होता है। डेगू बुखार के लक्षण मच्छर के काटने के 04 से 10 दिनों के बाद दिखाई देने लगते है। यह मच्छर दिन में काटता है और काला सफेद चित्तीदार दिखाई देता है। डेगू से बचने किये लिये मच्छरों को काटने बचें एवं घर तथा घर के आसपास साफपानी एकत्रित न होने दें। लक्षण-अचानक तेज बुखार, ऑखों के पीछे दर्द, जोडो और मासपेसियों में दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते पडना, प्लेटलेट्स तेजी से डाउन होना। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी अटल आवासीय विद्यालय अनिल कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, सहायक मलेरिया अधिकारी विजय बहादुर, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार प्रदीप कुमार कुशवाहा, एस0एल0टी0 बृज विहारी, मलेरिया राज कुमार, परीक्षित द्विवेदी, भानू प्रताप सिंह एवं फाइलेरिया निरीक्षक गोपाल यादव, फील्ड वर्कर अवधेश चक्रवर्ती एवं समस्त अध्यापक, स्कूल स्टाफएवं छात्र उपस्थित रहे।

## विश्व कृषि पर्यटन दिवस पर किया गया बुन्देली लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन




**चित्रकूट ब्यूरो:** ग्राम बनाड़ी के पंचायत भवन में विश्व कृषि पर्यटन दिवस के अवसर पर देहाती ग्रामोत्थान विकास समिति (डीजीवीएस) द्वारा उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से विशेष बुन्देली लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बताया गया कि पर्यटक ग्रामीण जीवनशैली, परंपराएँ और कृषि पद्धतियों का अनुभव करके स्थानीय समुदाय के लिए आय के नए अवसर उत्पन्न कर सकते हैं।

ग्राम प्रधान शिवसागर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को कृषि और पर्यटन के पारस्परिक संबंधों के प्रति जागरूक करना और पर्यटन को एक सशक्त वैकल्पिक आजीविका के रूप में प्रस्तुत करना है। इस दौरान एक किसान को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कृषि विषय पर आधारित स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। साथ ही एग्री रूरल एवं गंगे ग्राम ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत चर्चा भी की गई। जिसमें यह बताया गया कि पर्यटक ग्रामीण जीवनशैली, परंपराएँ और कृषि पद्धतियों का अनुभव करके स्थानीय समुदाय के लिए आय के नए अवसर उत्पन्न कर सकते हैं।

कार्यक्रम में बुन्देली लोकगीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम की महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में 95 ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिनमें 55 महिलाएँ और 40 पुरुष शामिल थे। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर टीम लीडर वेद प्रकाश शर्मा, ग्रामीण विशेषज्ञ उमाशंकर पाण्डेय, जिला समन्वयक दिव्यांगना मिश्रा, ग्राम समन्वयक अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर प्राधिकरण सचिव ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**चित्रकूट ब्यूरो:** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी कार्य योजना के अनुक्रम में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव वर्णिका शुक्ला ने शुक्रवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सम्प्रेक्षण गृह में शिक्षक राजीव कुमार सिंह 12 बाल अपचारियों को सामाजिक विषय पढ़ाते हुए पाए गए। इसी प्रकार शिक्षक अभिषेक त्रिपाठी 21 बाल अपचारियों को गणित पढ़ाते हुए पाए गए। इस दौरान शिक्षण कक्ष में कम्प्यूटर संचालित होते नहीं पाए गए। इस पर प्राधिकरण सचिव ने शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे विशेष तकनीकि माध्यम से बाल अपचारियों को अग्रेजी भाषा पढना, लिखना एवं बोलना सिखाए। इस दौरान उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में आवासित बाल अपचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी जानी। साथ ही बताया कि जन बाल अपचारियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने वाद की पैरवी के लिए निःशुक्ल अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है।

इसके बाद प्राधिकरण सचिव ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में रसोईघर व शौचालय का भी निरीक्षण किया। जहां रसोई घर में पर्याप्त साफ-सफाई पायी गयी, परन्तु शौचालय में पर्याप्त सफाई नहीं पायी गयी। इस पर संस्था प्रभारी को निर्देशित किया गया कि शौचालय की साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर किशोर न्यायबोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट विदिषा भूषण, संस्था प्रभारी बीर सिंह, सदस्य अर्चना श्रीवास्तव, काउन्सलर दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## दुराचार के आरोपी को 25 वर्ष कारावास की सजा

**चित्रकूट ब्यूरो:** खेत में महुआ बीनने गई नाबालिग लड़की के साथ दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 25 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 12,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती छह अप्रैल को एक व्यक्ति ने मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतर्ता ने बताया था कि छह अप्रैल 2025 को सबेरे आठ बजे उसकी 12 वर्षीय बेटी अपने भाईयों के साथ घर से लगभग एक किमी. दूर अपने खेत में महुआ बीनने गई थी। इस दौरान वहां एलहा बढैया गांव का निवासी शारदा आया और जबरन उसकी बेटी का मुह दबाकर जंगल ले गया। जहां उसने बेटी के साथ गलत काम किया। जब बेटी ने स्वयं को छुड़ाने की कोशिश की, तो उसके साथ आरोपी ने मारपीट भी की। जिससे उसके शरीर में चोटें भी आईं। आरोपी ने घटना के सम्बन्ध में किसी को जानकारी देने पर पूरे परिवार को खत्म कर देने की धमकी भी दी। वहां से भागकर रोते हुए बेटी घर पहुंची और अपनी मां को पूरी जानकारी दी। जिसके बाद उन लोगों ने थाने आकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दूसरे दिन ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और एक सप्ताह के अंदर 11 अप्रैल को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने इस मामले निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी शारदा को 25 वर्ष की कैद के साथ 12,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

न्यायालय के निर्णय के बाद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि घटना के 41 दिन के भीतर दुष्कर्मी को न्यायालय से सजा सुनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में तत्कालीन मानिकपुर थाना प्रभारी, विवेचक, वर्तमान थाना प्रभारी व पुलिस के पैरोकार के साथ अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष मजबूती से अपना पक्ष रखा था।

## श्रद्धांजलि सभा 19 मई को

स्वतंत्र भारत संवाददाता
**फर्रुखाबाद।** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से 19 मई दिन सोमवार समय 11रू00 बजे लोहिया अस्पताल के सभागार में दिवंगत जिला मंत्री अफजल हुसैन को श्रद्धांजलि दी जाएगी यह जानकारी अध्यक्ष बी कटियार ने दी

## प्राथमिक विद्यालय नगला बीच पर स्काउट गाइड छात्र.छात्राओं को बांटी वर्दी



स्वतंत्र भारत संवाददाता
फीरोजाबाद । नगला बीच प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव और स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत सभी अधिकारी उपस्थित रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डायट प्राचार्य मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह इस अवसर पर उपस्थित रहे। श्रीमती विनीता चौधरी द्वारा जो जिला गाइड कैप्टन और ट्रेनिंग कमिश्नर स्काउट गाइड है स्काउट की टीम को निशुल्क वर्दी का वितरण किया गया ।किसी भी संघ की पहचान वर्दी से होती है इसी प्रकार जनपद में कई स्कूलों में स्काउट गाइड की वर्दी वितरित कर अपने स्काउट टीम को मजबूत करने की कल्पना करते हुए श्रीमती विनीता चौधरी ने कहा स्काउट गाइड हमेशा देश के लिए तत्पर रहता है वर्दी से ही उनकी पहचान है इसलिए मैं बर्दी वितरण कर रही हूं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन पर यह कार्यक्रम हो रहा है ।

## एसबीआई बैंक ऑफइंडिया ने सबसे ज्यादा ऋण आवेदनों को निरस्त किया



**फर्रूखाबाद । विकास भवन की सभागार में बैंक प्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते जिला अधिकारी साथ में मुख्य विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी।**

**फर्रूखाबाद।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में यू0पी0 ग्रामीण बैंक बैंक ऑफइण्डिया एवं स्टेट बैंक ऑफइण्डिया की विशेष समीक्षा बैंक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी में सभी लंबित आवेदनों को प्रत्येक दशा मे एक सप्ताह में निस्तारित किए जाने एवं निरस्त आवेदनों को गुणवत्ता पूर्वक पुनः विचार किए जाने को निर्देशित किया

बैठक में अनुपस्थित शाखा प्रबंधकों को कारण बताओ नोट इस दिए जाने के निर्देश जिला अग्रणी प्रबंधक को दिए गए जिसमें मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी जिला अग्रणी प्रबन्धक जिला समन्वयक तथा तीनों बैंक के सभी बैंक शाखाओं के शाखा प्रबन्धक बैठक में मौजूद रहे बैठक में प्रत्येक बैंक शाखाबार तथा प्रत्येक ऋण आवेदक के समक्ष ऋण आवेदनों की समीक्षा की गयी। आवेदकों ने समस्याओं को अवगत कराया जिसमें शाखा प्रबन्धकों के समक्ष निस्तारित कराया गया। यू0पी0 ग्रामीण बैंक में कुल 348 आवेदन प्रेषित किये गये जिसमें 158 ऋण स्वीकृत किये गये तथा 116 ऋण आवेदनों को निरस्त किया गया। बैंक ऑफइण्डिया में 637 आवेदन प्रेषित किये गये जिसमें 241 ऋण स्वीकृत किये गये तथा 329 ऋण आवेदनों को निरस्त किया गया। स्टेट बैंक ऑफइण्डिया में कुल 445 आवेदन प्रेषित किये गये जिसमें 160 ऋण स्वीकृत किये गये तथा 160 ऋण आवेदनों को निरस्त किया गया। इस योजना के साथ उद्यान विभाग राष्ट्रीय आजीविका मिशन के लम्बित आवेदनों की समीक्षा सम्बन्धित विभाग की ओर से की गयी। बैठक में उपायुक्त उद्योग जौहरी जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह खादी ग्रामोद्योग अधिकारी आदि मौजूद रहें ।

## फोटोग्राफर ने गोली मारकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद ।** शहर के पल्ला पश्चिम मोहल्ले में शुक्रवार सुबह उस वक्त मातम छा गया जब एक फोटोग्राफर ने अपने ही घर में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 40 वर्षीय अनूप कुमार अग्निहोत्री के रूप में हुई है जो कि वर्षों से फोटोग्राफी का काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि अनूप पारिवारिक कलह पत्नी से अलगाव और बच्चों की जुदाई के कारण लंबे समय से मानसिक तनाव में थे।

शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे अनूप ने अपनी मां रामा देवी से चाय बनाने को कहा। मां ने चाय के साथ बिस्किट भी दिए और कुछ देर के लिए घर के बाहर चली गईं। उसी दौरान घर के भीतर अचानक गोली चलने की तेज आवाज आई। पड़ोसी दौड़े लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अंदर अनूप का शवेक खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। करीब एक दशक पहले अनूप की शादी नोएडा की एक युवती से हुई थी। शुरू में सब कुछ सामान्य था लेकिन बाद में पारिवारिक विवाद बढ़ने लगे। करीब दो साल पहले उनकी पत्नी अपनी दोनों बेटियों को लेकर मायके चली गई और फिर कभी लौटकर नहीं आई। बताया जा रहा है कि इसके बाद से अनूप पूरी तरह अकेले रह गए थे और भीतर.ही.भीतर टूटते जा रहे थे। किसी से ज्यादा मेलजोल नहीं रखते थे अक्सर गुमसुम रहते थे। अनूप की मां रामा देवी बेसुध हैं। रोते.रोते कह रही थी कि अगरं जानती कि बेटा ये कदम उठा लेगा तो कभी उसे अकेला न छोड़ती।मोहल्ले में भी मातम पसरा है। पड़ोसियों का कहना है कि अनूप बेहद शांत स्वभाव के थे लेकिन पत्नी और बच्चों से अलगाव के बाद वे बदल गए थे। घटनास्थल से पुलिस ने अनूप की लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद की है? जिससे उसने खुद को गोली मारी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में आत्महत्या की वजह पारिवारिक तनाव को माना जा रहा है। पुलिस उनके मोबाइल सोशल मीडिया और निजी डायरी की भी जांच कर रही है ताकि आत्महत्या से जुड़ी अन्य जानकारियां मिल सकें। सीओ सिटी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण पारिवारिक टूटन प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवार को हर संभव सहायता दी जाएगी।

## परशुराम समिति की बैठक 18 मई को

इकदिलए इटावा। परशुराम सेवा समिति की बैठक 18 मई दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में होगी। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सुशील सम्राटए प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा व विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि बैठक में मेधावी सम्मान समारोह व वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किये जाने की रूपरेखा तय की जायेगी। उन्होंने समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से निर्धारित पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# नदी में उतराता मिला अज्ञात का शव पुलिस शिनाख्त कराने में जुटी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव गगनी में काली नदी के निकट अज्ञात शव पड़े होने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई ग्रामीणों ने सूचना पुलिस चौकी खुदागंज को दी सैकड़ों की संख्या में आसपास के ग्रामीण नदी के किनारे इकट्ठा हो गये पुलिस के पहुंचने पर मामला दो जनपदों की सीमा विवाद में उलझ गया मृतक का शव नदी के पूर्वी छोर पर पड़ा था जिससे मामला कन्नौज जनपद का होना बताया गया सूचना कोतवाली पुलिस गुरसहायगंज को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद बताया कि हल्का क्षेत्र चौकी खुदागंज का है ग्रामीणों ने शव को नदी के बाहर निकाला पुलिस ने आसपास के गांव से लोगों को बुलवाकर मृतक की पहचान करने की कोशिश की पर काफी समय तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई

पुलिस का मानना है कि शव दो से तीन दिन पुराना है चौकी इंचार्ज शिवकुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी फतेहगढ़ में रखवा दिया है चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक का शव पानी में पड़े रहने से फूल गया है और सड़ चुका है जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई वहीं शव का नदी के पानी के वहाव के साथ बहकर आना प्रतीत हो रहा है फिर भी 48 घंटे के लिए शव को रखवा दिया गया है पहचान नहीं होने की स्थिति में अंतिम संस्कार करा दिया जाएगा

# प्रधानाचार्य परिषद ने अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा को सौंपा 13 सूत्रीय ज्ञापन




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद अपर मुख्य सचिव ;माध्यमिक शिक्षाद्ध से भेंट कर तेरह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत सभी तदर्थ प्रधानाचार्य जो सरकार से प्रधानाचार्य का वेतन पा रहे हैं सभी का विनियमितीकरण किया जाए चयन बोर्ड की धारा 21 18 एवं 12 को नवगठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में सम्मिलित कराया जाए

परिषद के प्रदेश महामंत्री डॉ संदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में बनी कमेटी की ओर से फीस वृद्धि माध्यमिक विद्यालय में अति शीघ्र शुल्क संशोधन का शासनादेश जारी किया जाए शासन की ओर से ग्रीष्मावकाश मैं समर कैंप रविवार या अवकाश के दिन विद्यालयों के खोले जाने की स्थिति में उसके बदले प्रधानाचार्य को अर्जित अवकाश दिया जाए तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं लिखो की नियुक्ति पूर्व की भांति करते हुए प्रधानाचार्य को नियुक्ति का अधिकार दिया जाए सुमित पोषित विद्यालय में कार्यरत प्रधानाचार्य की सेवा नियमावली के लिए इंटरमीडिएट की धारा 160 के अध्याय 3 के विनिमय का क्रियान्वयन करते हुए उनकी नियुक्तियों के अनुमोदन एवं एक समान वेतनमान निर्धारित किया जाए सरकारी कर्मचारियों की बात प्रधानाचार्य को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए माध्यमिक विद्यालयों के विद्युत बिल किसने की बात माफकिए जाएं अथवा कमर्शियल बिल के स्थान पर सामान्य यूनिट दर से बिल का अलग से कोई खता निर्धारित किया जाए प्रधानाचार्य को अन्य शैक्षिक संवर्गों की तरह त्रिस्तरीय वेतनमान स्वीकृत किया जाए

इसी तरह कक्षा 8 के विद्यार्थियों की ग्रह वार्षिक वार्षिक परीक्षा प्रगति पत्र आज के ब्याह की व्यवस्था की जाए अभिलेखों के रखरखाव एवं पत्र व्यवहार के लिए प्रधानाचार्य को उत्तरदाई बनाते हुए विद्यालय प्रचंड समिति में पदेन सचिव का स्थान दिया जाए हाई स्कूल संस्था के प्रधान को प्रधानाध्यापक पद नाम की जगह प्रधानाचार्य प्रणाम प्रदान किया जाए एवं वेतन विसंगतियां दूर की जाएं केंद्र सरकार की ओर से कर्मचारियों की अधिवार्यता आए 60 वर्ष से बढ़कर 62 वर्ष की गई है उसी प्रकार राज्य सरकार के अधीन शिक्षक एवं प्रधानाचार्य की भी अधिवर्षता 62 वर्ष से बढ़कर 64 किए जाने की मांग की गई इस दौरान प्रधानाचार्य परिषद प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अग्निहोत्री डॉक्टर मनोज कुमार डॉक्टर अखिलेश कुमार तिवारी मौजूद रहे

विषय - उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद की प्रमुख मांगो के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन । 1ण् प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत समस्त तदर्थ प्रधानाचार्य जो सरकार सेऐ प्रधानाचार्य पद का वेतन पा रहे हैं तथा सभी आवश्यक योग्यतायें पूर्ण कर रहे हैं उनका विनियमितीकरण किया जाये।

2ण् शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में बनी कमेटी द्वारा फीस वृद्धि हेतु सर्वसम्मति से शासन को दिये गये प्रस्ताव के आधार पर माध्यमिक विद्यालयों मे अति शीघ्र शुल्क संशोधन का शासनादेश जारी किया जाये। 3ण् चयन बोर्ड की धारा 21ए 18 एवं 12 को नवगठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में सम्मिलित कराया जाना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। अतः नवगठित शिक्षा सेवा चयन आयोग में इसे प्रावधानिक किया जाये।4ण् शासन द्वारा ग्रीष्मावकाश में समर केम्पए रविवार या अवकाश के दिन विद्यालयों को खोले जाने की स्थिति में उसके बदले प्रधानाचार्यों को अर्जित अवकाश प्रदान किया जाये।5ण् विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं लिपिकों की नियुक्ति पूर्व की भांति करते हुए प्रधानाचार्यों को नियुक्ति का अधिकार प्रदान किया जाये।

## रामनगर में हो रहा अवैध निर्माण कार्य

**छिबरामऊकन्नौज।** नगर पालिका के मोहल्ला रामनगर में पिछले कई माह से अवैध निर्माण लगातार जारी है ।

यहां पर भू माफिया करोड़ों के बारे न्यारे कर रहे हैं। शहर के पश्चिमी बाईपास पर सरायगुर्जरमल और देवरमपुर की सीमा पर नट कॉलोनी वासी हुई है यहां पिछले कई महिने से भू माफियाओं ने अपने तरीके से अवैध तरीके से बगैर वाणिज्यिक सरकारी भूमि पर प्लाटिंग करके स्वयं ही सड़के और नालियां तक बना डाली एक अवैध रूप से ओवर ब्रिज का निर्माण तक कर डाला और गेट चढ़ा दिया जिससे लोगों का आता जाना दुश्वार हो गया गली के ऊपर ओवर व्रिज सडक पर गेट चढ़ा दिया गया है

भूमाफियाओं की दबंगई यह है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्य में कई भू माफिया सक्रिय हैं जब कोई इस मामले की शिकायत करने का साहस दिखता है उसे जेल भिजवाने की धमकी दी जाती है इस बारे में जब नगर पालिका के जे ई रवि राज कौशल से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि उसी जगह पर नगर पालिका द्वारा कोई निर्माण नहीं कराया जा रहा है ।

## वर्षा ऋतु से पूर्व नालों की सफाई का कार्य निरंतर जारी है



**छिबरामऊ कन्नौजे ।** शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम मेंए नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के अधिशासी अधिकारी द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व नालों की सफाई का कार्य निरंतर जारी है। सफाई अभियान के तहत नालों से गाद और कचरा हटाया जा रहा है ताकि जल निकासी सुचारु रहे

शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम मेंए नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के अधिशासी अधिकारी द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व नालों की सफाई का कार्य निरंतर जारी है। सफाई अभियान के तहत नालों से गाद और कचरा हटाया जा रहा है ताकि जल निकासी सुचारु रहे नगर में कुल कितने नाले हैं।.50 नालों मे से अभी तक सफाई हो चुकी है।.24 कितने नालों में सफाई कार्य चल रहा है।.26कुल कितनी टीमें लगी हैं। 30 35सफाई कर्मी इस कार्य में लगे हैं ।

# वाटर मेलन ड़े का बच्चों ने उठाया लुत्फ

**छिबरामऊ कन्नौज ।** सुप्रभाष अकादमी में बच्चों ने वाटर मेलन पार्टी में तरबूज का भरपूर आनंद उठाया इस अवसर पर बच्चों ने बाल फिल्म का भी आनंद लिया

आवास विकास स्थित सुप्रभाष अकादमी में वाटरमेलन डे पर बच्चों को तरबूज के विषय में विभिन्न जानकारियां देते हुए फलों के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने कहा कि तरबूज का सेवन लाभप्रद है यह गर्मियों का स्वादिष्ट फल है इसमें 90 फ़ीसदी तक पानी होता है जो शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है यह हृदय के लिए बेहद उपयोगी विटामिनों और कैल्शियम से भरपूर है इस अवसर पर मैनेजर हिमांशु सक्सेना ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को फलों के प्रति रुचि को बढ़ाते हैं जिससे कि बच्चे जो घर पर फल नहीं खाते हैं वह भी खाना सीखते हैं और इसके लाभ को उठा पाते हैं ।इस अवसर पर बच्चों ने हरी लाल रंग की ड्रेस पहनी और फिल्म देखी और डांस किया इस मौके पर नेहा एगुंजन एआरती एप्रियंका एसुषमाए फरीन आदि शिक्षक मौजूद रहे।



## खबर एक नज़र

### जिला मजिस्ट्रेट ने दो लोगों को किया जिला बदर

**विशुनगढ़ छिबरामऊं।** कन्नौजध् पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट ने दो लोगों को किया जिला बदर पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय से मोहित पुत्र विनोद कुमार यादवए निवास ग्राम भुलभुलियापुरए थाना सदर व जनपद कन्नौज को गुण्डाएक्ट के तहत 6 माह के लिये जिला बदर किया गया एवं सुभाष चन्द्र पुत्र रघुवीरए निवासी धरनीधरपुर नगरिया थाना विशुनगढ़ जनपद कन्नौज को गुण्डाएक्ट के तहत 3 माह के लिये कन्नौज की सीमाओं से जिला बदर किया गया हैं। इस अवधि में उपरोक्त जिले की सीमाओं से बाहर रहेगा। जिले में रहने पर कार्रवाई की जाएगी। दीवानी न्यायालय में उपस्थित होने के लिये नियत तिथि की सूचना संबंधित थानाध्यक्षध्प्रभारी निरीक्षक के संज्ञान में लाकर वह संबंधित न्यायालय में उपस्थित हो सकता है ।

### सेंट्रल जेल के निर्माण कार्य को 30 मई तक पूरा करें

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता मे 50 लाख से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया ए बैठक में जनपद में चल रही 46 निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई ।जिलाधिकारी ने पर्यटन विकास निगम लि0 को जनपद में पांचाल घाट पुल से श्मशान घाट रोड तक रोड बनाने के लिऐ स्टीमेट बनाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन द्वारा केंद्रीय कारागार में किये जा रहे निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताई व निर्देशित किया कि अगर 30 मई तक कार्य पूर्ण नही किया जाये तो कार्यदायी संस्था पर जुर्माना लगाया जाये।उ0प्र0जल निगम ग्रामीण को ढिलावल पेयजल परियोजना में विद्युत कनेक्शन जल्द कराने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने पूर्ण हो चुके कार्यो को नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुडवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करे व कोई भी समस्या होने पर अवगत कराएं बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार व संवंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे ।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन घायल एक की हालत गंभीर

**फर्रूखाबाद** ।कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर पेट्रोल पंप के निकट कंधरापुर निवासी राजाराम पुत्र नन्हेंलाल मोटरसाइकिल से अपनी पुत्री कामिनी के साथ अपनी पत्नी रामरोशनी को दवा दिलवाने फर्रुखाबाद जा रहे थे तभी सामने से आ रही अज्ञात कार वैगन आर के चालक ने तेजी व लापरवाही से राजाराम की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए और बुरी तरह घायल हो गए
राहगीरों ने सूचना डायल 112 पुलिस को दी मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने सभी घायलों को ई रिक्शा की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचाया यहां तीनों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद राम रोशनी की हालत गंभीर होने पर उन्हें डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया पुलिस ने कार चालक को पकड़ने के लिए घेरा बंदी की परंतु कार का कहीं पता नहीं चला

### सेना ने अदम्मय शौर्य व साहस का प्रदर्शन किया

इटावा। आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत कड़ी कार्यवाही करते हुए अदम्मय शौर्य व साहस का प्रदर्शन किया गया हैं। उक्त बात पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि सेना के वंदन एवं अभिनंदन हेतु 17 मई दिन शनिवार को शाम 4 बजे शास्त्री चौराहा से शहीद स्मारक नुमाइश मैदान तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा शास्त्री चौराहा से आरम्भ होकर नौरंगाबाद चौराहा से चौगुर्जी होते हुए बलराम सिंह चौराहा से पक्का तालाब चौराहा से नुमाइश चौराहा होते हुए शहीद स्मारक नुमाइश मैदान पर जाकर समाप्त होंगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार के विकास भीए विरासत भी के सिद्धांत को भी प्रचारित किया जाएगा। वार्ता में पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरियाए जिलामहामंत्री शिवाकांत चौधरीए जिलामहामंत्री प्रशांत राव चौबेए जिलामंत्री राहुल राजपूतए महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्यए जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्यए सोशल मीडिया जिला संयोजक विमलेश शाक्यए समीर सक्सेना उपस्थित रहें।

### निधि से लगी लााइटों का सांसद ने उद्घाटन किया

**इटावा।** सांसद जितेन्द्र दोहरे ने शहर में अपनी निधि से लगवाई मास्ट लाइटों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के ज़िलाध्यक्ष फरहान शकील ने उनका शहर के अन्दर स्वागत किया।

जितेन्द्र दोहरे ने कहा कि मास्ट लाइटों के लगने से शहर की सुंदरता और सुरक्षा में वृद्धि होगी। इससे शहर के निवासियों और व्यापारियों को लाभ मिलेगा। सांसद के प्रयासों से शहर का विकास और भी तेजी से होगा। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के ज़िलाध्यक्ष फरहान शकील ने सांसद जी का ज़ोरदार स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। फरहान शकील ने कहा कि सांसद के नेतृत्व में शहर का विकास और भी तेजी से हो रहा है। सांसद ने आम जनता से अपील की है कि वे शहर के विकास के लिए कोई भी आवश्यकता पड़ेगी उसको हम पूरा करने का काम करेंगे। इस मौके पर शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारीए प्रवक्ताए मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ताए दीपेंद्र दोहरेए अखिलेश प्रधान हाजी अजीम वारसीए हाजी गुड्डू मंसूरीए हसनैन वारिस वारसीए राजू गुप्ताए विवेक श्रीवास्तवए खलील अहमदए पिंकू यादवए हाशिम मिर्जाए लल्लू वारसीए अकरम वारसीए जुगनू खान मेवए राजा वारसीए कमल गुप्ताए जैनुल आबदींनए मोहम्मद आसिफए जसवंत सिंहए दीपूए कुलदीप जाटवए शिवम गुप्ताए रोहित जाटवए पंकज दोहरेए रामजी तिवारीए शिवरामए अवध पालए बंटी मंसूरीए सुमित राठौर मौजूद रहे।

### आजाद समाज पार्टी ने मैत्रीय भोज कराया

**बसरेहरए इटावा।** आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मूंज में हुआ मैत्रीय भोज का आयोजन। बसरेहर क्षेत्र के ग्राम मूंज में आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मैत्रीय भोज का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ रहे वही कार्यक्रम में सुनील कुमार चित्तौड़ ने संबोधित करते हुए कहा की देश में आजाद समाज पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो देश में लगातार गरीबों की सहायता कर रही है। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर रावण लगातार संसद भवन में गरीबों की मांग उठा रहे है। हम लोगों का कर्तव्य है कि आजाद समाज पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करें। उनके कार्यों को जन जन तक पहुंचाए वही कार्यक्रम का आयोजन बलबीर सिंह जाटव प्रदेश सचिव एवं प्रभारी कानपुर मंडल भाई चारा कमेटी एवम हर्ष चौधरी मंडल संयोजक कानपुर के द्वारा कड़ी मेहनत से किया गया है वहीं कार्यक्रम में जनपद से लेकर आसपास के कई जनपदों के भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कई कार्यकर्ता गढ़ मौजूद रहे। अध्यक्षता रामगोपाल मानव प्रदेश संगठन मंत्री एवं मुख्य मंडल प्रभारी कानपुर ने की। इस मौके पर सुरेन्द्र एडवोकेटए देवराजए हरिश्चंदए अभिषेक आजाद सहित सैकड़ो भीम आर्मी के कार्यकर्ता एवं सैकड़ो की संख्या मे आजाद समाज पार्टी के लोग मौजूद रहे।

### आचार्य से विमल ने लिया आर्शीवाद

**इटावा।** चंबल तट उदी पर स्थित दिगंबर जैन महामृत्युंजय तीर्थ पर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एंव विश्व शांति महायज्ञ का समापन मरसलगंज गौरव आचार्य सौभाग्य सागर महाराज के ससंघ के सानिध्य मे किया गया। मीडिया के माध्यम से जन जन तक खबर पहुंचे वाले समाचार पत्र विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष विमल जैन ने आचार्य श्री को फल भेंट किया। आचार्य ने मंगलमय आशीर्वाद व प्रतीक चिंह दिया।

# तूल पकड़ रहा वीरांगनाओं के सम्मान से खिलवाड़ का मसला

## ऑपरेशन सिंदूर की नायिकाओं की धर्म और जाति पर हुई अनर्गल टिप्पणियों से देश का हर वर्ग आहत

**नवकांत ठाकुर**

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत के शौर्य, साहस और पराक्रम का प्रतीक बनकर उभरी देश की दो बहादुर बेटियों, लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और फ्लाइट लेफ्टिनेंट व्योमिका सिंह पर उत्तर प्रदेश के सबसे वरिष्ठ समाजवादी नेता माने जाने वाले प्रोफेसर रामगोपाल यादव से लेकर मध्य प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री विजय शाह सरीखे नेताओं द्वारा उनके धर्म और जाति को लेकर की गई अनर्गल टिप्पणियों का मसला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। वास्तव में देखा जाए तो पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा अंजाम दिए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के साथ ही पाकिस्तानी सैन्य शक्ति पर की गई कमरतोड़ कार्रवाई ने न केवल आतंकवादियों को सबक सिखाया बल्कि भारतीय महिलाओं के साहस, पराक्रम और सशक्त सैन्य नेतृत्व क्षमता का दुनिया में लोहा भी मनवाया है। हर भारतवासी को गौरवान्वित करने वाले इस पूरे ऐतिहासिक घटनाक्रम की नायिका बनकर उभरी वीरांगनाओं सोफिया और व्योमिका की जाति और धर्म को लेकर की गई संवेदनहीन और अनर्गल टिप्पणियों ने देश में ना सिर्फ सामाजिक बल्कि राजनीतिक स्तर पर भी तूफान खड़ा कर दिया है। जहां एक ओर सत्तारूढ़ भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने अपने मंत्री के बयान को लेकर पूरे प्रदेश इकाई की जबर्दस्त क्लास लगाई है वहीं सूत्र बताते हैं कि विवादित बयान के लिए मांगी गई माफी को नाकाफी बताते हुए पार्टी ने दोषी मंत्री को खुद ही अपने पद से इस्तीफा दे देने का निर्देश दे दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए हाई कोर्ट के निर्देश पर दायर मुकदमे में राहत देने से इनकार कर दिया है और विपक्षी दलों से लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग सहित आरएसएस के राष्ट्रीय मुस्लिम मंच सरीखे विभिन्न संगठनों ने भी उन्हें जम कर खरी-खोटी सुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसी प्रकार की भारी आलोचना रामगोपाल के बयान की भी हो रही है और ना सिर्फ विरोधियों व अन्य संस्थाओं द्वारा बल्कि आम जनता की ओर से भी सोशल मीडिया पर इस पूरे प्रकरण की तीखी आलोचना हो रही है। कायदे से देखा जाए तो प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने जातिगत राजनीतिक समीकरण साधने की कथित मंशा के तहत बेहद असंवेदनशीलता के साथ जिस तरह से व्योमिका सिंह की जाति स्पष्ट करते हुए उसे राजपूत नहीं बल्कि दलित समाज का बताने की पहल की है और विजय शाह ने जिस प्रकार से सोफिया कुरैशी के धर्म की ओर इशारा करते हुए पूरे बेशर्मी के साथ उन्हें पाकिस्तानियों और आतंकियों की बहन बताने का दुस्साहस किया है वह ना सिर्फबेहद शर्मनाक बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए पूरी तरह अस्वीकार्य है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय तक को कहना पड़ा है कि ऐसी भद्दी टिप्पणियां हर्गिज सहन नहीं की जा सकती हैं। इसी प्रकार तमाम राजनीतिक दलों की ओर से भी विजय शाह पर कड़ी कार्रवाई का दबाव बनाया जा रहा है और भाजपा की सहोदर संस्था मुस्लिम जागरण मंच ने भी लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणियों को संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक बताते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंच की ओर से कहा गया है कि भारत की सेना धर्म और जाति से ऊपर उठकर काम करती है और जो लोग इस प्रकार की बात कर रहे हैं वे देश की एकता और सेना की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। इसी तरह, विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने भी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि फ्लाइट लेफ्टिनेंट व्योमिका सिंह के जातिगत संदर्भ में बात करना न केवल अनुचित है बल्कि यह देश की बेटियों के गौरव के खिलाफ है।

## जन चौपाल में एडीओ आईएसवी व एडीओ एसटी ने सुनी समस्याएं



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत लोहरौह व बड़गड़ा में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ आईएसवी व एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प,किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत लोहरौह के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ आईएसवी हरिओम बिंद ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय, पेंशन, राशन कार्ड की मांग ग्रामीणों ने रखी जिसमें एडीओ आईएसवी ने ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बड़गड़ा के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी सुशील पटेल ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास,हैंडपम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय राशन कार्ड की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का एडीओ एसटी ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया की ग्राम पंचायत लोहरौह व बड़गड़ा में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ आईएसवी व एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय, राशन कार्ड, हैंडपम्प मरम्मत की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान सचिव दिनेश कुमार, गौरव राणा,ग्राम प्रधान लोहरौह संजय सिंह, बड़गड़ा पानकली रोजगार सेवक राजेश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## पं. विजयानंद मिश्र मार्ग निर्माण में लीपापोती

**सीखड़ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र की सबसे पुरानी सड़क पं. विजयानंद मिश्र मार्ग जो खैरा बाजार से सीखड़ कुल छह किलोमीटर की है इसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चौड़ीकरण करते हुए दो लेन का पुनर्निर्मित किया जा रहा है। सड़क निर्माण का कार्य अभी आधा अधुरा ही है। निर्माण कार्य मे जिनका मकान सड़क मे बाधा पहुंचा रहा था उन लोगों ने अपना अपना मकान स्वयम तुड़वा लिया किन्तु खैरा मे सरकारी स्कूल की चाहार दीवारी नही तोड़ी गई। यही हाल पचरांव गांव मे भी है वहां सड़क निर्माण रोक दिया गया। यही हाल सीखड़ का भी है सीखड़ मे भी निर्माण रूका है। पचरांव और सीखड़ के लोगों का कहना है कि सीधे साधे लोगों से मकान तुड़वा लिया गया किन्तु पचरांव और सीखड़ मे सड़क निर्माण कार्यदाई संस्था सड़क निर्माण पूरा नही कर पाई। क्षेत्रीय जनता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनहित मे पं. विजयानंद मिश्र मार्ग निर्माण को पूरा कराने की कृपा करें।

# पेयजल का संकट गहराया, सूखे तालाब, दो दर्जन गांवों में टैंकर से हो रही पेयजल आपूर्ति

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकासखंड के पठारी क्षेत्रों में पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है जिसे देखते हुए विकास खंड के दो दर्जन गाँव में टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही है। ग्राम पंचायत कोटार के हरसड स्थित मुर्दहवा तालाब सहित दर्जन भर तालाबों में पानी न होने के कारण तालाब से धूल उड़ रही है तालाब में बच्चे क्रिकेट खेलते नजर आ रहे है। विद्युत आपूर्ति रात 9 बजे से सुबह आठ बजे तक हो रही है। दोपहर में मात्र दो घंटे ही विद्युत आपुर्ति होने से गर्मी में लोग परेशान हो रहे है। घर के बाहर तेज तपिश व घर के अंदर उमश से जीना दूभर हो गया है।

आलम यह है कि गर्मी का आगाज हो गया है हैंडपंपो व कूपों के पानी का जलस्तर घटता जा रहा है। ऐसी स्थिति में तालाबों में पानी होने से गाँव के कूप व हैंड पंप का जलस्तर



वर्करार रहता है। ग्रामीणों ने नहर संचालित करा कर तालाब भरवाने की मांग डीएम से की है। वही ग्राम पंचायतों से कूप की सफाई करवाने की मांग की है। दो दर्जन ग्राम पंचायतों में टैंकर से पानी सप्लाई हो रही है। क्षेत्र के पटपरा, बेलाही, मतवार, नदना, पिपरा, मनिगढा, थोथा, बैधा, देवरी, गोरगी गौरवा आदि सहित दो दर्जन गांवों में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।इस संबंध में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की पानी की समस्या की जानकारी संज्ञान में आते ही हैंड पम्पों का रिबोर कराया जा रहा है। सभी सचिवों व ग्राम प्रधानों को टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करने का निर्देश दिया गया है।

## शौच को निकली किशोरी का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**पड़री(मिर्जापुर)।** घर सेशौच के लिए गुरुवार की शाम शेषपुरा गांव के रमेश कुमार की 16 वर्षीया पुत्री साधना गुरुवार शाम को साढ़े छह बजेघर से निकली थी।

काफी रात बीत जानेके बाद पता न चलनेपर चिंतित परिजनों नेखोजबीन शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चला।

रातलगभग एक बजेस्टेशन मास्टर नेमेमो भेज पुलिस को रेलवेट्रैक पर अज्ञात किशोरी का शव मिलने की सूचना दी। इस बीचपरिजन भी ट्रैक पर किशोरी के शव मिलनेकी खबर पा कर पहुंचे और पहचान की। उधर पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिएभेज जांच पड़ताल में जुट गई है।

## निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** 16 मई को जिलाधिकारी, गाँव याकूब पुर मे विवादित खोर व चकमार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे। विदित हो कि गाँव के रिटायर फौजी महेश सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान तहसीलदार मुहम्मदाबाद गोहना ने हाईकोर्ट में दो शपथ पत्र दिया जिसमें विरोधाभास था तथा तहसीलदार व एसडीएम के इसारे पर उल्टे याची महेश सिंह के उपर ही थाना प्रभारी रानीपुर व दरोगा अख्तर अली ने 126/135 बीएनएसएस की कार्यवाही की जिसे हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया। और खोर एवं चकमार्ग के निमित्त न्यायिक कमीशन भी मौके पर भेजा। लेकिन राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट मऊ में रखे नक्शा और तहसील में रखे नक्शा मे घालमेल की वजह से अधीक्षण अभियन्ता सिविल व न्यायालय का अमीन तीन स्थाई बिन्दुओं को नहीं ढूंढ सका। निराश होकर न्यायिक कमीशन को वापस आना पडा। गंभीर परिस्थिति को भापते हुए जिलाधिकारी को गाँव याकूब पुर जाना पड़ा। उधर हाईकोर्ट ने थाना प्रभारी रानीपुर राजीव सिंह व दरोगा अख्तर अली को भी याची के विरुद्ध उत्पीड़न कार्यवाही करने के लिए तलब किया है।

## नकदी सहित तीन लाख का माल किया पार

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के खोराडीह गांव मेंगुरुवार की रात कच्चे घर का खपरैल हटाकर घुसे चोरों ने नकदी सहित तीन लाख रुपये के जेवरात पार कर दिया। शुक्रवार की सुबह पीड़ित ने पुलिस को चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिसमौका मुआयना कर जांच पड़ताल में जुट गई है। खोराडीह के पथरहिया पुरवा निवासी लालता के घर के सभी सदस्य गुरुवार को बारात मेंसम्मिलित होने के लिए अपने रिश्तेदार के यहां गए थे। लालता घर पर अकेलेथे। गुरुवार की रात भोजन करनेके बाद बाहर दरवाजे पर सोए हुए थे। रात में घर को खाली व सुनसान देख चोर घर के उपर चढ़कर खपरैल हटाकर अंदर प्रवेश कर गएऔर कमरेका ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देनेके बाद फरार हो गए।

शुक्रवार की सुबह जब लालता घर के अंदर गए,तो अगन मेंबिखरा समान व घर पर सेहटाया गया खपरैल देख होश उड़ गए।आनन फानन में घर सदस्यों व आसपास के लोगों को सूचना दी। मौके पर आसपास के लोग इकठा हो गए। पीड़ित ने राजगढ़ थाना पर नामजद तहरीर देकर बताया है कि घर में घुसेचोर 57000 हजार रुपये नकद,दो लाख साठ हजार रुपये के जेवर, बर्तन चुरा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की रात इसी ग्राम पंचायत के चंदन पुरवा निवासी सुबास कोल के घर सेभी चोर एक मोबाइल, लगभग 20 हजार के बर्तन चुरा ले गए थे। इस संबंध में राजगढ़ थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने बताया कि खोराडीह गांव में चोरी होने की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधिवक्ता घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बस्तरा मोड़ से पहले बाइक सवार अधिवक्ता को शुक्रवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर टक्कर मार दिया जिससे अधिवक्ता घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल अधिवक्ता को एम्बुलेंस सेवा वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है। जहां पर चिकित्सक द्वारा घायल अधिवक्ता का उपचार किया जा रहा है हालत में सुधार है वंही टक्कर मारने वाला वाहन चालक वाहन लेकर भाग गया है। घटना की सूचना मिलने पर अधिवक्ता के परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। हलिया कस्बा निवासी 30 वर्षीय अधिवक्ता धर्मेंद्र पाल अपने बाइक से प्रतिदिन की तरह लालगंज तहसील जा रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग बस्तरा मोड़ से पहले पहुंचे की अज्ञात वाहन चालक ने अधिवक्ता की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे अधिवक्ता घायल हो गए।

## परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रहे वाहनों पर हुई कार्यवाही

**स्वतंत्र भारत मऊ।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में अनाधिकृत रूप से चल रही टूरिस्ट बसें जो अनुमन्य मार्गों पर संचालित होने के साथ इतर मार्गों पर जो वाहनें परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रही हैं उनके विरूद्ध सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुहेल अहमद तथा यात्रीकर अधिकारी, अरविन्द कुमार जैशल द्वारा चेकिंग के दौरान 04 बसों का चालान किया गया, जिसमें से 02 बस एवं 02 प्राइवेट जीप को जनपद के विभिन्न थानों में सीज किया गया तथा 06 आटो रिक्शा मोटर कैब चालान किया गया।


### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 52/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410000052
श्रीमती कृष्णा मिश्रा बनाम श्री योगेश्वर शरण निगम
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. श्रीमती कृष्णा मिश्रा बालिग पत्नी स्व. सुरेन्द्र नाथ मिश्रा निवासिनी म.नं. 107/281 ब्रम्ह नगर कानपुर नगर मो. 9336110743 ...प्रार्थिनी/आवेदिका

बनाम– श्री योगेश्वर शरण निगम बालिग पुत्र स्व. रघुवर शरण निगम किरायेदार निवासी म.नं. 107/296ए, ब्रम्ह नगर कानपुर नगर मो.नं. 7905498862...विपक्षी/किरायेदार थाना बजरिया कानपुर नगर

वाद वास्ते बकाया किराया व बेदखली हेतु अन्तर्गत धारा 21(2)(बी) सपठित धारा 4(7) उ.प्र. अधिनियम सं. 16 सन् 2021

हरगाह वादिनी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 25.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-330/K-CN

### अदालती सूचना

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) महोदय पुरवा उन्नाव
नं. मु. 411/2017
मुन्नू लाल आदि बनाम सुधीर बाजपेयी आदि

1. सुधीर बाजपेयी आयु लगभग 40 वर्ष पुत्र नरोत्तम बाजपेयी नि. मो. कस्टोलवा कस्बा व परगना व तहसील पुरवा जनपद उन्नाव 2. दीपू वर्मा आयु लगभग 35 वर्ष पुत्र शान्ती वर्मा निवासी मो. दलीगढी कस्बा व परगना व तहसील पुरवा जनपद उन्नाव.. प्रतिवादीगण

दावा स्थाई निषेधाज्ञा ता. पेशी 19.07.2025

हरगाह वादीगण मुन्नू लाल आदि ने आपके नाम एक नालिश अदालत 19.07.2025 ई. को 10.00 बवक्त दिने के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेजात पेश करे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेदलाल कराना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाति है कि अगर बरोज अलकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैरह हाजिरी में आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 15.05.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) महोदय पुरवा उन्नाव

सी.आर.-330/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश परिवारिक न्यायालय कक्ष सं. 3 कानपुर नगर
वाद सं. 1578 सन् 2024

पंकज यादव उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र श्री शिव विजय सिंह निवासी म.नं. 20, संजयनगर मछरिया रोड नौबस्ता कानपुर नगर मो.7007255345....वादी

बनाम– पुष्पा यादव उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी श्री पंकज यादव पुत्री श्री मिश्री लाल यादव निवासी ग्राम देवमई तहसील बिन्दकी जनपद फतेहपुर उ.प्र. ...विपक्षी

वाद पत्र अन्तर्गत धारा 13(1) (1–क) (1–ख) हिन्दू विवाह अधिनियम बावत प्राप्त करने विवाह विच्छेद की डिक्री

हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 09.07.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं. 3 कानपुर नगर

सी.आर.-330/K-CN

### अदालती सूचना

न्यारालय किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक), कानपुर नगर
आवेदन संख्या डी202403410008610/2024 धारा–4(7) अधिनियम उ०प्र०न०परि० कि० वि० अधि.–2021 ता० पेशी–21.05.2025
अनिल कुमार बाजपेयी बनाम आकाश सिंह चौहान थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर

अनिल कुमार के वारिसान 1/1. श्रीमती उमाकान्ती बाजपेयी पत्नी स्व. अनिल कुमार बाजपेयी 1/2. विनयशील बाजपेयी पुत्र स्व० अनिल कुमार बाजपेयी, 1/3. श्रीमती प्रियंका बाजपेयी पुत्र स्व० अनिल कुमार बाजयेयी सभी निवासीगण म० नं०–32 एम० आई० जी० हेमन्त बिहार बर्रा–2 कानपुर नगर ....आवेदक/भवन स्वामी

बनाम–आकाश सिंह चौहान पुत्र स्व. शैलेन्द्र सिंह चौहान निवासी म० नं0–266/6 सेक्टर–बी बर्रा विश्व बैंक एवं दुकान का पता स्थित म० नं० 124/38 डी–ब्लाक गोविन्द नगर कानपुर नगर.....विपक्षी/किरायेदार

कारण बताओ नोटिस–वादी ने उत्तर प्रदेश नगरीय किराएदारी विनियमन अधिनियम 2021 की धारा–4(7) अधिनियम उ० प्र० न० परि० कि०वि. अधि. 2021 के अधीन अनुसूची में विवरणित परिसर के सम्बन्ध में एक आवेदन प्रस्तुत किया है। कानपुर नगर को सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त आवेदन में दिनांक 21.05.2025 को प्रातः 11 बजे अपरान्ह का समय किराया प्राधिकारी के समक्ष उसके कार्यालय में नियत किया गया है, अतएव उपर्युक्त दिनांक को कारण बताने के लिए, कि क्यों न उपर्युक्त आवेदन स्वीकार किया जाये आप स्वयं या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या काउंसेल के माध्यम से उपस्थित हों। आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या कांउसेल के उक्त दिनांक को समय पर कारण बताने के लिये उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय किया जायेगा जिसे कृपया ध्यान दें। आज दिनांक 14.05.2025 को न्यायालय मुहर से दी गयी। आज्ञा से, किराया प्राधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) कानपुर नगर

सी.आर.-330/K-CN

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा स0ः पी आर वाइ जे-सिग-007-2025-26

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक / संकेत एवं दूरसंचार / उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा **ई-टेन्डर** के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये **खुली निविदा**, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.** : 007 | **अनुमानित मूल्य** : 20965067.59 |
| **कार्य का विवरण** : जिवनाथपुर यार्ड में एमएसडीएसी का प्रावधान। (मण्डल का इन्टरचेन्ज प्वाइंट के कारण। | |
| **बिड सिक्यूरिटी** : 254800.00 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : 0.00 |
| **कार्य समापन की अवधि** : बारह माह | **निविदा खुलने की तिथि** : 11.06.2025 |

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता** : निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**निविदा खुलने का समय, तथा स्थान** : निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12.30** बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **834/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

### आवश्यक सूचना

**रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यातायात ब्लॉक के कारण गाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/आंशिक ओरिजिनेशन एवं मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है-**

#### रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन

1. गाड़ी सं. 11841 खजुराहो-कुरुक्षेत्र प्रारंभिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि 20.05.25 को पानीपत स्टेशन तक ही जाएगी।
2. गाड़ी सं. 11842 कुरुक्षेत्र-खजुराहो प्रारंभिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि 21.05.25 को पानीपत स्टेशन से ही चलेगी।
3. गाड़ी सं. 11841/11842 पानीपत-कुरुक्षेत्र-पानीपत के मध्य आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

#### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | परिवर्तित मार्ग | निम्न स्टेशनों पर ठहराव नहीं होगा | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 12926 | अमृतसर-बांद्रा ट. | कुरूक्षेत्र-नरवाना-जींद-पानीपत | करनाल | 21.05.25 |
| 15708 | अमृतसर-कटिहार | अम्बाला कैंट-सहारनपुर-मेरठ सिटी-खुर्जा | करनाल, पानीपत, सोनीपत, बादली, आदर्श नगर दिल्ली, सब्जी मंडी, दिल्ली | 21.05.25 |
| 12925 | मुंबई सेन्ट्रल-अमृतसर | पानीपत-जींद-नरवाना-कुरूक्षेत्र | करनाल | 20.05.25 |
| 12715 | हुजूर साहेब नांदेड-अमृतसर | हज़रत निजामुद्दीन-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद-गाज़ियाबाद-मेरठ सिटी-सहारनपुर-अम्बाला कैंट | नई दिल्ली, पानीपत ,करनाल, कुरूक्षेत्र | 20.05.25 |
| 03309 | धनबाद-जम्मू तवी | पानीपत-जींद-नरवाना-कुरूक्षेत्र | - -- | 20.05.25 |
| 22709 | बांद्रा ट.-चंडीगढ़ | पानीपत-जींद-नरवाना-कुरूक्षेत्र | - -- | 20.05.25 |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@ CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 847/25(D)

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना

**ई-निविदा सूचना संख्याः-वरि.म.वि.इंजि./चलस्टाक/वि.लो.शेड/कानपुर/ 2025-26/ई.टी.-04 दिनांक 15.05.2025**

**वरि.मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक, उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार हैः

निविदा संः ELS-CNB-2025-26-ET-04 **कार्य का विवरणः** फैब्रिकेशन, सप्लाई एण्ड फिटमेन्ट ऑफ मॉडीफाइड फुट स्टेप अरेंजमेन्ट ऐस पर ड्रॉइंग नं. C/ELS/LGD/B.F/2/45, ALT-3, इन-3 फेज लोको ऐट ई.एल.एस./सी.एन.बी., Qty. 250 लोकोस फॉर अ पीरियड 02 ईयर।

| अनुमानित मूल्य | बिड सिक्यूरिटी | कार्य सम्पादन की अवधि |
|---|---|---|
| ₹21,37,415.00 (रूपये इक्कीस लाख सैंतीस हजार चार सौ पंद्रह मात्र | ₹42,800.00 (रूपये बयालीस हजार आठ सौ मात्र) | चौबीस महीने |

**निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य, **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 06.06.2025** & **15:30** hrs. **नोटः 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T.Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्युमेंट/फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नही किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। **5.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। **6.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **848/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश परिवारिक न्यायालय कक्ष सं. 3 कानपुर नगर
वाद सं. 1752 सन् 2024

मो. दानिश आयु लगभग 35 वर्ष पुत्र श्री मो. अतीक निवासी 133/414ए ढकना पुरवा थाना बाबू पुरवा टी.पी. नगर कानपुर नगर मो. 9369484523 ....वादी मुकदमा

बनाम– श्रीमती आएशा पत्नी श्री मो. दानिश पुत्री श्री मो. रिजवान निवासिनी म.नं. 20/100 पटकापुर कानपुर नगर ..विपक्षी

दावा बावत रूकसती वैवाहिक सम्बन्धो के पुर्नस्थापना के सन्दर्भ में

हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 29.07.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं. 3 कानपुर नगर

सी.आर.-330/K-CN

### अदालती सूचना

Civil Judge Senior Division IN THE COURT OF SMT. SHALEEN MISHRA Addl. Civil Judge (Sr. Division) -IV, Kanpur Nagar.
SUMMONS FOR DISPOSAL OF SUIT, Civil Suit/2212/2024
Kalpana Sachan Vs Rashmi Sachan
(O- 5, R- 1, 5-),
NEXT DATE: 21.05.2025

To, Smt. Rashmi Sachan age 60 years Wife of Devendra Pratap Singh Sachan Daughter of Late Shyam Narayan Sachan Resident of Gram Lokha Tehsil Ghatampur District Kanpur Nagar, Or current address House No.-27/13 Bajrang Vihar Khadepur Kanpur Nagar.

Whereas Kalpana Sachan has instituted a suit against you for you are hereby summoned to appear in this Court in person or by a pleader duly instructed (and able to answer all material questions relating to the suit, or who shall be accompanied by some person, able to answer all such questions,, on the 21-05-2025 at 11:00 o'clock in the forenoon, to answer the claim; and as the day fixed for your appearance is appointed for the final disposal of the suit, you must be prepared to produce on that day'all the witnesses upon whoselevidence and all the documents upon which you intend to rely in support of your defence. Take notice that, in default of your appearance on the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence. Given under my hand and the seal of the Court, this 13-05-2025. By Order, Addl. Civil Judge (Sr. Division)-IV Kanpur Nagar.

सी.आर.-330/K-CN

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# विजय शाह की टिप्पणी को हथियार बना रहा पाक

## भारत में मुस्लिमों के प्रति कथित नफरत के तौर पर कर रहा पेश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादास्पद बयान दिया था, जिसे लेकर देश में लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले का संज्ञान लिया और मंत्री से माफी मांगने को कहा है।

इस बीच पाकिस्तान ने मंत्री विजय शाह के बयान को एक टूल का तरह इस्तेमाल कर प्रोपेगैंडा चलाने का काम किया है। पाकिस्तान के सरकारी चैनल पीटीवी ने इस बयान को भारत में मुस्लिम के प्रति कथित नफरत के प्रमाण के तौर पर प्रस्तुत किया है। पाकिस्तान के चैनल्स ने एक प्रोपेगैंडा के तहत विजय शाह के बयान को इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है और पीटीवी के अलावा जीओ न्यूज, द डैली जंग सहित कई पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट्स ने इस बयान पर खबरें प्रकाशित कर दुनिया में मुस्लिम समुदाय में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की है। पीटीवी ने बुधवार देर रात प्रसारित अपने प्राइम टाइम कार्यक्रम में कहा है, भारत के हिन्दू बीजेपी के सीनियर नेता विजय शाह ने एक वफादार मुस्लिम महिला अफसर को दहशतगर्दों की कतार में खड़ा कर दिया है। मोदी के भारत में मुस्लिम के प्रति नफरत इस हद तक बढ़ चुकी है कि अब सेना के उच्च अधिकारी और महिलाएं भी सुरक्षित नहीं हैं। पीटीवी, जीओ न्यूज और जंग टीवी ने आरोप लगाया कि भारत में मुसलमानों को मुख्यधारा से बाहर धकेला जा रहा है और अब जो लोग सेना जैसी संस्थाओं में भी अपनी सेवा दे रहे हैं, उन्हें संदेह की नजर से देखा जा रहा है। पाकिस्तान द्वारा कर्नल सोफिया के बहाने भारत की छवि को अल्पसंख्यक विरोधी राष्ट्र के रूप में प्रचारित करने की कोशिश की जा रही है। सिर्फ पाकिस्तानी टीवी चैनल्स ही नहीं, पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल्स से भी इस मुद्दे को लेकर नफरती एजेंडे और भारत के खिलाफ दुष्प्रचार को तेज कर दिया गया है।

# पाक मीडिया ने ही खोल दी अपने विदेश मंत्री की पोल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तानी सीनेट में एक विदेशी अखबार की

### इशाक डार ने संसद में फर्जी खबर के जरिए दिखाया बड़बोलपन

### फैक्ट चेक में फर्जी निकली तस्वीर

फर्जी तस्वीर का जिक्र कर झूठा दावा किया कि पाकिस्तानी वायुसेना संघर्ष में भारतीय वायुसेना पर भारी पड़ी। इस दौरान पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने ब्रिटिश अखबार डेली टेलीग्राफ के एक लेख की तस्वीर का हवाला दिया। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया ने ही अपने विदेश मंत्री के झूठ का पर्दाफाश कर दिया। फैक्ट चेक में विदेशी अखबार की



तस्वीर फर्जी निकली है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने गुरुवार को पाकिस्तानी सीनेट में बताया कि ब्रिटिश अखबार डेली टेलीग्राफ ने लिखा कि पाकिस्तानी वायुसेना, आकाश में निर्विवाद किंग रही। इस पर पाकिस्तान के एक जाने-माने अखबार डॉन ने ही फैक्ट चेक कर अपने विदेश मंत्री के दावे को खारिज कर दिया। अखबार ने बताया कि इशाक डार ने जिस खबर का जिक्र किया, वह फर्जी है और वह सिर्फ सोशल मीडिया पर वायरल एक फर्जी तस्वीर है। पाकिस्तानी अखबार ने वायरल तस्वीर की जांच की तो उसे तस्वीर में कई खामियां नजर आई। जांच में पता चला कि डेली टेलीग्राफ ने ऐसी कोई खबर प्रकाशित ही नहीं की। पाकिस्तानी अखबार ने फैक्ट चेक के जरिए पता लगाया कि वायरल तस्वीर में जो लेख है, उसमें स्पेलिंग की गलतियां थीं, जो एक प्रतिष्ठित अखबार के संपादकीय में नहीं हो सकतीं। पेज का लेआउट भी डेली टेलीग्राफ के लेआउट से मेल नहीं खाता। पाकिस्तान के कई अन्य पत्रकारों ने भी इस तस्वीर का फैक्ट चेक किया और इस खबर को फर्जी पाया। एक यूजर ने डेली टेलीग्राफ की तस्वीर को एआई जेनरेट बताया और संसद में दिए उप-प्रधानमंत्री के दावे को शर्मनाक करार दिया।

# माउंट एवरेस्ट पर भारतीय पर्वतारोही की मौत

**काठममांडू।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर मौजूदा मार्च-मई पर्वतारोहण सीजन के दौरान दो पर्वतारोहियों की मौत की पुष्टि हुई है। इन मृतकों में एक

### इस सीजन पहली बार हुआ ऐसा

भारत से और दूसरा फिलीपींस से था। यह जानकारी शुक्रवार को नेपाल के पर्वतारोहण अधिकारियों ने दी। 45 वर्षीय भारतीय पर्वतारोही सुब्रत घोष ने एवरेस्ट के 8,849 मीटर (29,032 फीट) ऊंचे शिखर को सफलतापूर्वक फतह तो किया, लेकिन गुरुवार को हिलेरी स्टेप के नीचे लौटते समय उनकी मौत हो गई।

नेपाल के स्नोई होराइजन ट्रेक्स एंड एक्सपेडिशन कंपनी के आयोजक बोधराज भंडारी ने बताया, वह



हिलेरी स्टेप से नीचे आने के लिए तैयार नहीं थे। वहीं उनकी मौत हो गई। उनके शव को बेस कैंप तक लाने का प्रयास किया जा रहा है। मौत का कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। हिलेरी स्टेप को 'डेथ जोन' भी कहा जाता है। यह 8,000 मीटर (26,250 फीट) से ऊपर का इलाका है। यहां प्राकृतिक ऑक्सीजन का स्तर इंसान के जीवित रहने के लिए पर्याप्त नहीं होता। फिलीपींस के 45 वर्षीय पर्वतारोही फिलीप सैंटियागो की मौत बुधवार देर रात साउथ कोल में हुई। नेपाल पर्यटन विभाग के अधिकारी हिमाल गौतम ने बताया कि वह चौथे उच्च शिविर (हाई कैंप) तक पहुंचे, लेकिन अत्यधिक थकान के कारण जब वह अपने टेंट में आराम कर रहे थे, तभी उनकी मृत्यु हो गई।

दोनों पर्वतारोही एक ही अंतरराष्ट्रीय अभियान दल का हिस्सा थे, जिसका आयोजन बोधराज भंडारी द्वारा किया गया था। नेपाल ने इस सीजन के लिए 459 पर्वतारोहण परमिट जारी किए हैं। इस हफ्ते लगभग 100 पर्वतारोही और उनके गाइड पहले ही शिखर तक पहुंच चुके हैं।

# भारत-चीन को लड़ा रहे पश्चिमी देश : रूस

**मॉस्को।** पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य संघर्ष के दौरान खुल कर भारत का साथ देने वाला रूस अब चाह रहा है कि भारत और चीन के संबंधों में तनाव कम हो। इसके लिए प्रयास भी शुरू हो गये हैं। इस बीच, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि दरअसल पश्चिमी देश भारत और चीन को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस की खबर के मुताबिक, लावरोव ने मॉस्को में 'सीमाओं के बिना संस्कृति : सांस्कृतिक कूटनीति की भूमिका और विकास' विषय पर आयोजित डिप्लोमैटिक क्लब की बैठक में यह टिप्पणी की। रूसी विदेश मंत्री ने कहा, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के हालिया घटनाक्रमों पर गौर करें, जिसे पश्चिम ने अपनी नीति को स्पष्ट रूप से चीन विरोधी रुझान देने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र कहना शुरू कर दिया है- इस उम्मीद के साथ भी कि इससे हमारे महान मित्रों और पड़ोसी देशों भारत व चीन के बीच टकराव पैदा किया जा सकेगा। चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए स्थापित चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के मुखर आलोचक लावरोव ने ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य गठबंधन एयूकेयूएस के गठन के बाद इसकी आलोचना कम कर दी है। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

# बंगाल में बेरोजगार हुए शिक्षकों ने प्रदर्शन किया

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल में एसएससी भर्ती मामले में 26,000 शिक्षकों की नौकरी जाने के मामले में सीएम ममता बनर्जी की अगुवाई वाली राज्य सरकार के खिलाफ शिक्षकों ने विकास भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार पूरी नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है। विकास भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे एसएससी शिक्षकों और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प में कई शिक्षक घायल हो गए, जिसके बाद पुलिस ने भारी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेरोजगार हुए शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने साल्ट लेक में राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय की घेराबंदी करने के लिए रेलिंग के घेरे को तोड़ दिया और लोहे के गेट तोड़ दिए।

# एक नज़र

## अमेरिका में मेंढक की भ्रूण तस्करी

**मोनरो।** रूसी मूल की वैज्ञानिक और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की शोधकर्ता केसेनिया पेट्रोवा पर अमेरिका में मेंढक भ्रूण की तस्करी करने का आरोप लगा है। उनके वकील ने बृहस्पतिवार को अदालत से अपील की कि पेट्रोवा को लुइसियाना के हिरासत केंद्र से वापस मैसाचुसेट्स लाया जाए, जहां तीन महीने पहले उन पर केस दर्ज हुआ था। 30 वर्षीय पेट्रोवा को पहले से ही निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है। संघीय जिला न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा बुधवार को पेट्रोवा की रिहाई पर सुनवाई की गई, जिसके बाद उन पर अमेरिका में मेंढक भ्रूण के नमूने तस्करी से लाने का आरोप लगाया गया। लुइसियाना के न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान आरोपों पर विचार किया।

## गाजा में फिर 20 लोग मरे

**गाजा।** इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच शुक्रवार सुबह एक बार फिर इस्राइल ने गाजा पर जोरदार और घातक हवाई हमला किया। इस हवाई हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। साथ ही कई अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो वहां उपस्थित पत्रकार ने इंडोनेशियन अस्पताल में 20 शवों को गिनने की पुष्टि की। वहीं दूसरी ओर घायलों और बचावकर्मियों ने बताया कि कई लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं।

## करतारपुर गलियारा फिर खोलने की मांग

**अमृतसर।** अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गज ने करतारपुर कॉरिडोर को फिर से खोलने की मांग की है। यह श्रद्धालुओं को पाकिस्तान में ऐतिहासिक गुरुद्वारा दरबार साहिब में मत्था टेकने की सुविधा प्रदान करता है। यह गलियारा सात मई से बंद है। भारतीय सशस्त्र बलों ने सात मई को तड़के पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर के नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। करतारपुर गलियारा पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब को गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक से जोड़ता है। जत्थेदार ने कहा कि सिख रोजाना उन गुरुद्वारों तक खुली पहुंच के लिए प्रार्थना करते हैं, इसलिए करतारपुर साहिब कॉरिडोर को बंद रखना उचित नहीं है।

## सऊदी के अलावा भी कई मुस्लिम देशों ने खदेड़े पाक भिखारी

**रियाद।** सऊदी अरब से बीते साल जनवरी से अब तक 5033 पाकिस्तानी भिखारियों को वापस भेजा गया है। अधिकृत जानकारी के अनुसार यह आंकड़ा बीते 16 महीनों का है। सऊदी अरब के अलावा पाकिस्तान से लोग मलयेशिया, इराक, यूएई, ओमान और कतर जैसे देशों में भी भीख के लिए जाते हैं। ये सभी इस्लामिक मुल्क हैं और पाकिस्तान के गरीब तबके के लोगों को लगता है कि यहां भीख मांगकर भी गुजारा किया जा सकता है। सऊदी अरब तो हर साल ही हजारों पाकिस्तानी भिखारियों को वापस भेजता है। उसने पाक सरकार से भी कहा था कि इन्हें रोकने के लिए कदम उठाए। सऊदी अरब, इराक, मलयेशिया, ओमान, कतर और यूएई से कुल 5402 भिखारियों को वापस भेजा गया है। यह आंकड़ा जनवरी 2024 से अब तक का है। इनमें से 4850 लोगों को सऊदी अरब समेत इन देशों ने 2024 में वापस भेज दिया था। इसके अलावा 552 पाकिस्तानी भिखारियों को इस साल ही लौटाया गया है।

## 'विद्या बालन को डिनर का ऑफर पूर्व सीएम की पत्नी पर टिप्पणी'

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह इन दिनों अपने विवादास्पद बयान की वजह से सुर्खियों में हैं। पिछले दिनों उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद उनकी खूब आलोचना हुई थी। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब विजय शाह किसी विवाद में फंसे हैं। इससे पहले भी उनसे जुड़े कई ऐसे मामले हैं, जिसके बाद उनकी आलोचना हुई थी। इससे पहले उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। इतना ही नहीं, उन्होंने मध्यप्रदेश में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन को डिनर का निमंत्रण देने के बाद भी विवाद खड़ा हुआ था। फिलहाल, मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के आदेश के बाद विजय शाह के खिलाफ कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

# शहबाज शरीफ भारत के साथ वार्ता को तैयार, शर्तों में कश्मीर मुद्दा भी शामिल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि



पाकिस्तान शांति के लिए भारत के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है। उन्होंने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कामरा एयरबेस के दौरे के दौरान यह टिप्पणी की। हालांकि, शहबाज ने यह भी कहा कि शांति की शर्तों में कश्मीर का मुद्दा भी शामिल है। संघर्ष विराम के लिए बनी सहमति के बाद शहबाज शरीफ का किसी सैन्य ठिकाने पर यह दूसरा दौरा था। इस दौरान उनके साथ उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू भी एयरबेस पर मौजूद थे। इससे पहले शहबाज शरीफ ने बुधवार को सियालकोट में पसरूर छावनी का दौरा किया, जहां उन्होंने पाकिस्तानी जवानों से बातचीत की।

# ब्रह्मोस के आगे पिट गए पाक-चीनी एयर डिफेंस सिस्टम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत ने बीते दिनों जिस सटीकता और सर्तकता से ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है, उससे देश-विदेश के एक्सपर्ट्स भी भारतीय सशस्त्र बलों की पीठ थपथपा रहे हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के जाने माने वारफेयर

### अमेरिकी विशेषज्ञ हुए मुरीद




एक्सपर्ट जॉन स्पेंसर ने ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ की है। जॉन स्पेंसर ने कहा है कि इस ऑपरेशन, और बाद में पाकिस्तान को जवाब देने में भारत ने अटैक और डिफेंस का गजब का संगम दिखाया है। उन्होंने कहा है कि भारत ने यह संदेश भी दे दिया है कि वह पाकिस्तान में कहीं भी और कभी भी हमला कर सकता है। जॉन स्पेंसर मॉडर्न वॉर इंस्टीट्यूट में अर्बन वॉरफेयर स्टडीज के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। रिटायर्ड कर्नल जॉन स्पेंसर ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिए गए एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान जिन चीनी एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल करता है, वे कभी भी भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। स्पेंसर ने इंडिया टुडे को बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान में घुस कर हमला किया। वहीं भारत ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को भी सफलतापूर्वक खदेड़ा। स्पेंसर ने आगे यह भी कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली किसी भी चीनी वायु रक्षा प्रणाली को भेदने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा, चीनी वायु रक्षा प्रणाली और मिसाइलें भारत की प्रणालियों की तुलना में कमजोर हैं। भारत का संदेश स्पष्ट था। भारत पाकिस्तान में कहीं भी, कभी भी हमला कर सकता है। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर कायराना हमले शुरू कर दिए थे। हालांकि भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ज्यादातर हमलों को नाकाम कर दिया। वहीं 10 मई को जब पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की तब भारत ने करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान के कई एयर बेस को तबाह कर दिया।

# आवारा कुत्तों से बचने को तीसरी मंजिल पर चढ़ गई गाय


**पुणे।** आवारा कुत्तों ने दौड़ाया, बचने के लिए इमारत की तीसरी मंजिल पर चढ़ गई गाय महाराष्ट्र में पुणे की पारंपरिक इमारत 'वाड़ा' के लोगों की नींद शुक्रवार सुबह उस समय शोरगुल से खुल गई, जब आवारा कुत्तों से बचने के लिए एक गाय इमारत की तीसरी मंजिल पर चढ़ गई। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार पेठ इलाके के परदेसी वाड़ा में सुबह करीब 6 बजे की है। दमकल विभाग के अधिकारी ने कहा, 'आवारा कुत्तों के पीछा किए जाने पर एक जर्सी गाय इमारत के परिसर में घुस गई। वह एक संकरी लकड़ी की सीढ़ी से तीसरी मंजिल पर चढ़ गई।'

# न्यूयॉर्क सीनेट में भारतीय संविधान का सम्मान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क की सीनेट में औपचारिक रूप से भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसका सम्मान करते

### 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रस्ताव पारित

हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में भारतीय संविधान को राष्ट्र के रूप में भारत की निरंतर प्रगति के लिए एक मार्गदर्शक ढांचे के रूप में मान्यता दी गई है और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाया गया। न्यूयॉर्क स्टेट सीनेटर जेरेमी कूनी ने यह प्रस्ताव पेश किया। जेरेमी कूनी वर्तमान में न्यूयॉर्क स्टेट सीनेट में सेवारत भारतीय मूल के




एकमात्र सदस्य हैं। कूनी के प्रस्ताव को बुधवार को एक समारोह में पारित किया गया। इस कार्यक्रम में न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनय प्रधान के साथ-साथ न्यूयॉर्क में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग भी शामिल हुए।

# सिंधु जल संधि को लेकर भिड़े उमर अब्दुल्ला और महबूबा

**श्रीनगर।** तुलबुल नौवहन परियोजना को पुनर्जीवित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी पूर्ववर्ती महबूबा मुफ्ती के बीच सोशल मीडिया पर सार्वजनिक बहस छिड़ गई। महबूबा मुफ्ती ने सरकार पर भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता समाप्त होने के बीच उकसाने वाले कदम उठाने का आरोप लगाया। हालांकि, अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि मुफ्ती इस विचार का विरोध करके सस्ते प्रचार के लिए और पाकिस्तान में कुछ लोगों को खुश करने की कोशिश कर रही हैं। तुलबुल नेविगेशन परियोजना का उद्देश्य बांदीपुरा जिले में झेलम से बहने वाली वुलर झील को पुनर्जीवित करना है। परियोजना 1987 में शुरू की गई थी, लेकिन 2007 में पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण इसे रोक दिया गया था कि यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन करती है। पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को भारत द्वारा संधि को निलंबित करने के बाद, अब्दुल्ला ने गुरुवार को वुलर झील पर परियोजना में काम फिर से शुरू करने का आह्वान किया। एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि चूंकि पाकिस्तान के साथ जल समझौते को स्थगित रखा गया है, मुझे आश्चर्य है कि क्या हम परियोजना को फिर से शुरू कर पाएंगे। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि उत्तरी कश्मीर में वुलर झील। वीडियो में आप जो सिविल कार्य देख रहे हैं, वह तुलबुल नेविगेशन बैराज है। इसे 1980 के दशक की शुरुआत में शुरू किया गया था, लेकिन सिंधु जल संधि का हवाला देते हुए पाकिस्तान के दबाव में इसे छोड़ना पड़ा। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने कहा कि अगर तुलबुल परियोजना पूरी हो जाती है तो इससे झेलम नदी का इस्तेमाल नौवहन के लिए करने में मदद मिलेगी।

# पढ़ाई के सफ़र को किया याद!

कहा जाता है कि आपकी पढ़ाई-लिखाई ही आपका भविष्य तय करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके पसंदीदा एण्डटीवी एक्टर्स कितने पढ़े-लिखे हैं? ये जाने-पहचाने चेहरे, जो हर दिन अपने मजबूत और दिल को छू जाने वाले किरदारों से दर्शकों का दिल जीतते हैं, असल ज़िंदगी में भी शैक्षणिक रूप से काफी होशियार रहे हैं। उनकी यही पढ़ाई एंटरटेनमेंट की दुनिया में आज इस मुकाम तक लाने में मददगार साबित हुई है।'भीमा' में कैलाशा बुआ का किरदार निभा रहीं नीता मोहिन्द्रा ने बताया, ''एक्टिंग में मेरे अनुभव को शिक्षा ने गहराई दी है। मेरे पास फाइन आर्ट्स में एमए और पीएचडी की डिग्री है और मुझे गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफविजुअल एण्ड परफॉर्मिंग आर्ट्स की हेड बनने का सम्मान मिला है। शिक्षा मेरे लिये हमेशा से एक मार्गदर्शक रही है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में प्यारी कटोरी अम्मा का किरदार निभा रहीं हिमानी शिवपुरी ने कहा, ''विज्ञान में गहरी रुचि होने के कारण मैंने डीएवी कॉलेज, देहरादून से ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में पोस्टग्रेजुएट डिग्री के लिये पढ़ाई



की थी। हालांकि, परफॉर्मिंग आर्ट्स के लिये मेरा झुकाव ज्यादा था और इसलिये मैंने 1984 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से ग्रेजुएशन किया। मेरे लिये शिक्षा का मतलब है बौद्धिकता को भावना, तर्क तथा रचनात्मकता से मिलाना। मेरे एक्टिंग कॅरियर में इसकी बड़ी भूमिका रही है।'''भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का मशहूर किरदार निभाने वालीं शुभांगी अत्रे ने कहा, ''मेरी असल जिन्दगी में शिक्षा का हमेशा बड़ा महत्व रहा है।

# 'सरू' ने लोगों के दिलों को छू लिया!

हाल ही में शुरू हुआ नया फिक्शन शो 'सरू' एक ऐसी लड़की की कहानी है जो राजस्थान के खरेस गांव से है। वो अपनी पढ़ाई के लिए समाज की सोच से लड़ती है और कभी हार नहीं मानती। इस कहानी को पर्दे पर ज़िंदा किया है डेब्यू कर रहीं मोहक मटकर ने, जो सरू बनी हैं, और शगुन पांडे ने, जो वेद का किरदार निभा रहे हैं। दोनों कलाकारों ने सिर्फ एक्टिंग नहीं की, बल्कि गांव के माहौल और संस्कृति में पूरी तरह उतरकर अपने किरदारों को निभाया है। शो की कहानी, इसका ट्रीटमेंट और राजस्थान की खूबसूरत लोकेशंस दर्शकों को खूब पसंद आ रही हैं। और अब, पब्लिक रिव्यू सामने आ चुका है और साफहै कि ये शो लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। हर तरफ और सोशल मीडिया पर शो को लेकर जमकर तारीफें हो रही हैं। कुल मिलाकर, 'सरू' ने लोगों के दिलों को छू लिया है। इतनी तारीफें मिलने के बाद मोहक और शगुन दोनों बहुत खुश और



दर्शकों के शुक्रगुज़ार हैं। सरू का किरदार निभा रहीं मोहक मटकर ने कहा, ''दोस्तों, फैमिली और सोशल मीडिया पर जो मैसेज मिल रहे हैं, वो दिल को छू लेने वाले हैं। लोग कह रहे हैं कि उन्हें सरू की कहानी बड़ी अपनी-सी लग रही है। ये बस शुरुआत है। आगे की कहानी और भी मज़ेदार और इमोशनल होगी।'' वेद बिड़ला का रोल निभा रहे शगुन पांडे ने कहा, ''लोग वेद और सरू के रिश्ते को लेकर भी बहुत अच्छा रिस्पॉन्स दे रहे हैं। हम आगे भी उन्हें इस कहानी से बांधे रखना चाहेंगे।'' मालूम हो कि 'सरू' रोज शाम साढ़े सात बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## बाजार दर्पण







